धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
21.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 245



12 ईद पर रिलीज होगी सलमान की फिल्म सिकंदर

रोजा का समय
सेहरी (22.03.2025): 04.29 बजे
इफ्तार (21.03.2025): 06.01 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## राज्य में मेडिकल टूरिज्म विकसित किया जायेगा, रिम्स की क्षमता बढ़ेगी : इरफान

# हेल्थ विभाग में 10 हजार नियुक्तियां शीघ्र : मंत्री

### अनुदान मांग पारित, स्वास्थ्य मंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष का वॉक आउट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बजट सत्र में गुरुवार को भोजनावकाश के बाद स्वास्थ्य विभाग के बजट पर चल रहे वाद-विवाद के बाद राज्य के लोगों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही सरकार 10 हजार नियुक्तियां करेगी। सरकार राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई नये काम करेगी। जनता को 300 बाइक एम्बुलेंस मिलेगी। सभी अस्पतालों में आंख की जांच होगी। दुमका, कोडरमा, चाईबासा में नर्सिंग कॉलेज खोला जायेगा। सहिया बहनों के लिए 42 हजार टैब एक महीने के अंदर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में मेडिकल टूरिज्म को विकसित किया जाएगा। इसके लिए 85 एकड़ में मेडिको सिटी बनेगी। इसके बाद सदन में स्वास्थ्य विभाग का 74 अरब 70 करोड़ 50 लाख, 86 हजार का अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हो गया। विभाग के बजट पर कटौती का प्रस्ताव भाजपा के विधायक मनोज कुमार यादव ने रखा था, लेकिन स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने उसे अस्वीकृत कर दिया। इस दौरान भाजपा ने सदन से वाकआउट किया।

**झारखंड के लोगों को मुफ्त दवा मिलेगी :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड के लोगों को मुफ्त दवा मिलेगी। 10 रुपये में मलेरिया, क्रिटनीन और ईसीजी जैसे टेस्ट होंगे। गर्भवती महिलाओं का मुफ्त अल्ट्रासाउंड होगा। झारखंड में एआई टेक्नोलॉजी स्वास्थ्य विभाग अपनायेगा। रोबोटिक सर्जरी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल आपरेशन में होगा। 25 हेल्थ कॉटेज राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बनेगा। सुदूरवर्ती ट्राइबल क्षेत्र में खुलेगा हेल्थ कॉटेज। अगले दो वर्ष 1258 नये स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जायेंगे। सरकारी डॉक्टरों की इच्छानुसार पोस्टिंग होगी। मेडिको सिटी का निर्माण रांची में होगा। इससे मेडिकल टूरिज्म को लाभ मिलेगा।

(शेष पेज 11 पर)

### हेमंत झारखंड के राम हैं, हनुमान हमेशा साथ रहेगा

सदन में चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के राम हैं। वह अंदर से बिल्कुल साफ हैं। हेमंत सोरेन शाहरुख खान की तरह चमकते हैं। इरफान अंसारी ने कहा कि राम को हनुमान से जुदा करने का प्रयास किया। हनुमान कभी राम से जुदा नहीं हो सकता है। एक समय मैं राजनीतिक चक्रव्यूह में फंस गया था। मुझ पर घिनौने आरोप लगे। मैं नौ-छह नहीं जानता। उस जगह पर दुबारा वापस आया। सीएम ने अपने हुनुमान पर भरोसा किया। मेरे तीसरी बार विधायक बनने का श्रेय कल्पना भाभी को जाता है। चुनाव के दौरान हमारे खिलाफ घिनौने आरोप लगाये गये। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश असम के लोग 10-10 हेलीकॉप्टर उड़ाये, पर पब्लिक जुट नहीं पायी।



फाईल फोटो

### 6500 करोड़ से रिम्स का पुनरुद्धार होगा

इरफान अंसारी ने कहा कि 6500 करोड़ से रिम्स का रिडेवलपमेंट होगा। 2200 बेड की क्षमता को बढ़ाकर 3500 किया जायेगा। 5000 क्षमता का ओपीडी हॉल बनेगा। यूजी और पीजी स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल बनेगा। डॉक्टरों के लिए फ्लैट बनाया जायेगा। इसके पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूचना के तहत पूछा कि डाकिया योजना के तहत लिप्तीपाड़ा में 2023 से पहाड़िया जनजाति को राशन नहीं मिला है। इसके पीछे क्या कारण है और दोषी अधिकारियों पर कारवाई करने की आवश्यकता है। विधायक प्रदीप यादव ने ब्लड बैंक में ब्लड की कमी पर चिंता जताई। ब्लड डोनर को 25 रुपया के स्थान पर 100 रुपया देने की मांग करते हुये ब्लड डोनर कार्ड देने की मांग की। विधायक नवीन जायवाल ने कहा कि नगड़ी प्रखंड में सीएचसी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग अनुबंधकर्मी के भरोसे चल रहा है। यह अबुआ सरकार कब तक बबुआ बनायेगी। 108 डायल कर एम्बुलेंस बुलाकर देख लीजिये, कब आता है।

### न्यूज डायरी

#### बर्फ की सफेद चादर से ढका बद्रीनाथ धाम



**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में बीते दिनों हुई जमकर बर्फबारी से भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। मंदिर के चारों ओर बर्फ की कई फीट मोटी परत जम गयी है, जिसे हटाने का काम किया जा रहा है। बर्फबारी के चलते भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलने में अभी दो माह का समय बचा हुआ है, लेकिन इस बार सभी तीर्थ यात्रियों को भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलते समय चारों तरफ सुंदर बर्फ के नजारे भी देखने को मिल सकते हैं।

#### नारे लिखे शर्ट पहन कर आने से संसद ठप

**नयी दिल्ली।** नारे लिखी हुई टी-शर्ट के कारण गुरुवार को संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी। राज्यसभा में शुरुआती मिनटों की कार्यवाही के बाद न तो कोई प्रश्न पूछा जा सका, न ही किसी विषय पर सदन में कोई चर्चा हुई। कुछ यही हाल लोकसभा का भी रहा। दोनों सदनों की कार्यवाही बाद में शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। डीएमके के सांसद परिसीमन के संबंध में नारे लिखी हुई टी-शर्ट पहनकर सदन में पहुंचे।

#### वित्त मंत्री की अनुपस्थिति में सुदिव्य सोनू अधिकृत

**रांची।** विधान सभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अस्वस्थ हो जाने के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनसे संबंधित विधायी कार्यों के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार को प्राधिकृत किया गया।

#### राईस मिलों की संख्या बढ़ेगी : मुख्यमंत्री

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि धान क्रय की प्रक्रिया एक रोटेशन सिस्टम है। उस हिसाब से धान का उठाव होता है। कभी-कभी किसी वर्ष अधिक समय लग जाता है। इसे ले कर राइस मिलों की संख्या बढ़ायी जा रही है। वह सदन में विधायक जयराम महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे।

#### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 104000 रु./प्रति किलो |




# बदला मौसम का मिजाज गरज के साथ हुई बारिश

### अचानक अंधेरा छाया, वज्रपात की घटना में दो की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत संथाल परगगना, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद समेत राज्य के कई इलाकों में गुवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद अंधेरा छा गया और हल्की बारिश शुरू हो गयी। जो फिर तेज हो गयी। तेज गर्जन भी और बारिश के दौरान ठनका गिरने से से अबतक राज्य भर से तीन लोगों की मौत की भी खबर है। राजधानी में अंधेरा छाने से सड़क पर चल रहे वाहनों को लाईट जलानी पड़ी। बारिश के बाद तापमान में थोड़ी कमी आयी है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।



**तेज हवा, ठनका को लेक अलर्ट :** मौसम विभाग के अनुसार 21 मार्च को दक्षिणी और इससे जुड़े मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं गर्जन, ओलावृष्टि और 50-60 की गति से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 22 मार्च को भी उत्तरी भाग के कुछ हिस्सों में कहीं-कहीं गर्जन और 40-50 किमी की गति से हवा चलने को लेकर अलर्ट किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड के सीइओ से साइबर ठगी का प्रयास, जांच में जुटी क्राइम ब्रांच!

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वीआईपी और आम लोगों के साथ ठगी करनेवाले साइबर अपराधियों ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी(सीइओ) के रवि कुमार से साइबर ठगी का प्रयास किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नाम पर उनके बेटे और कुछ करीबीओं से ठगी का प्रयास किया। मामले को लेकर के रवि कुमार के द्वारा रांची के साइबर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। पूरे मामले की जांच में क्राइम ब्रांच के अधिकारी जुट गये हैं। सीइओ के द्वारा यह बताया गया है कि साइबर ठगों ने उनकी तस्वीर व्हाट्सएप के डीपी में लगाकर उनके कुछ परिचितों को मैसेज भेजा। उनसे विभिन्न तरह के कारण बताकर 50-50 हजार रुपये मांगे। कुछ परिचितों ने जब उनसे संपर्क कर इसकी जानकारी दी तब उन्हें यह पता चला कि साइबर अपराधी उनके करीबियों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने रांची के साइबर थाना में मामला दर्ज कराया। (शेष पेज 11 पर)



### आज मशाल जुलूस 22 को चक्का जाम

**रांची।** केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को करम टोली धुमकुड़िया में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान सामाजिक अगुवाओं ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों को आन्दोलन करने पर विवश कर रही है। फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के सामने से हटाना ही होगा। नहीं तो आदिवासी समाज फ्लाईओवर को कभी कम्पलीट करने नहीं देगा। विरोध स्वरूप वे लोग 21 मशाल जुलूस निकालेंगे। साथ ही 22 मार्च को सुबह छह बजे सड़क पर उतर कर चौक चौराहों में चक्का जाम करेंगे। आवश्यक सेवाओं एंबुलेंस, अस्पताल, दवा दुकान और मरीजों को जाम से मुक्त रखा जायेगा।

# छत्तीसगढ़ में 30 नक्सली ढेर, एक जवान भी शहीद

## बीजापुर में 26, कांकेर में 4 नक्सलियों के शव मिले, हथियार बरामद

**एजेंसी**


**बीजापुर/कांकेर।** छत्तीसगढ़ में दो अलग अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 30 नक्सलियों को मार गिराया। बीजापुर जिले में 26 नक्सली मारे गये जबकि कांकेर इलाके में बीएसएफ और राज्य पुलिस के डीआरजी कर्मियों की संयुक्त टीम ने चार माओवादियों को मार गिराया। सभी के शव भी बरामद कर लिये गये हैं। बीजापुर में मुठभेड़ में एक पुलिस जवान भी शहीद हो गया। शहीद डीआरजी जवान राजू ओयम भैरमगढ़ के निवासी थे। वहीं नयी दिल ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है।

**सर्च अभियान जारी :** बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बस्तर संभाग के अंतर्गत बीजापुर और कांकेर में अलग अलग एनकाउंटर हुआ। बीजापुर मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी, सुकमा डीआरजी, कोबरा सीआरपीएफ बल शामिल रहा। बीजापुर दंतेवाड़ा सुकमा के सरहदी इलाके में मुठभेड़ हुई। इन इलाकों में पश्चिम बस्तर माओवादी डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 2 की मौजदूगी रहती है। बीजापुर की मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गये हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान एक जवान शहीद हुआ है। कांकेर एनकाउंटर में अब तक कुल 4 नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं। सुरक्षा बल लगातार सर्चिंग कर रहे हैं। अभियान में एसटीएफ कोबरा, बस्तर फाइटर सहित सीआरपीएफ के जवान शामिल थे। सुबह 7 बजे से मुठभेड़ शुरू हुई, जों शाम 7 बजे तक चला। बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त बलों की टीम रवाना की गयी थी।



**कई अत्याधुनिक हथियार मरामद :** बीजापुर के एसपी ने बताया कि एनकाउंटर केबाद मुठभेड़ स्थल से 26 वदीर्धारी माओवादियों के शव और भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, थ्री नॉट थ्री रायफल, रॉकेट लांचर और बीजीएल लांचर बरामद हुआ है। भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद हुआ है। बस्तर रेंज आईजी ने बताया कि कांकेर नारायणपुर सरहदी इलाके में उत्तर बस्तर माड़ डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 5 की मौजूदगी की सूचना पर कांकेर डीआरजी और बीएसएफ का बल रवाना किया गया था।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दी बधाई



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे नक्सल मुक्त भारत अभियान की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ कड़े रुख के साथ से आगे बढ़ रही है। समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त होने वाला है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि क्रूर, निरंकुश नक्सलवाद का अंत उचित है। भयमुक्त होगा बस्तर 2026 तक, यह सुनिश्चित है। हमारे जवानों के हौसले बढ़े हुए हैं। नक्सली बैकफुट पर हैं और आने वाले समय में पूरा हमारा क्षेत्र नक्सल मुक्त राज्य के रूप में स्थापित होगा।

### विधान परिषद में राबड़ी देवी के आरोप पर भड़के नीतीश, कहा

# छोड़ा न, तोहरा कौन चीज मालूम है आप क्या थे, कउची के लिए सीएम बने

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना ।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के 13वें दिन गुरुवार को दोनों सदनों में अपराध और कानून व्यवस्था पर दोनों सदनो में सियासी संग्राम का नजारा दिखा। विधानसभा में विपक्षी दलों ने नारेबाजी और हंगामा करते हुए वाक आउट किया तो विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी देवी आपस में भिड़ गये। दोनों के बीच जमकर नोक झोंक हुई। राबड़ी देवी ने सरकार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया तो नीतीश कुमार उनपर बरस पड़े। खांटी अंदाज में नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी से कहा, छोड़ा न, तोहरा कौन चीज मालूम है। आप क्या थे, कउची के लिए मुख्यमंत्री बने। आपके पति जब हटाये गये तो आप बन गये। हटे तो घरवे के आदमी को बना दिया। सभापति के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।



**एक काम भी जनहित में नहीं किया :** राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि आज तक इन लोगों ने किसी के लिए कोई काम किया? एक काम भी जनता की भलाई के लिए नहीं किया। इनके राज में हिंदू मुस्लिम के बीच कितना झगड़ा होता था। जब हम लोग आये तो काम शुरू किया। (शेष पेज 11 पर)

### सदन में मोबाइल देख विफर पड़े सीएम

वहीं बिहार विधानसभा में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क उठे। सदन में एक विधायक के मोबाइल देखने पर सीएम ने नाराजगी जतायी और विधानसभा अध्यक्ष से अपील की कि सदन में मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाये। सीएम गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने सदन में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर विधायकों को फटकार लगायी। उन्होंने सख्त लहजे में विधानसभा अध्यक्ष से अपील की कि सदन में मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाये। उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, मोबाइल पर बात कर रहा है यह कोई बात नहीं है। अध्यक्ष जी, आप कहिए कि कोई मोबाइल लेकर नहीं आये। 10 साल नहीं, उससे पहले धरती खत्म हो जायेगी। पहले हम खूब देखते थे, अब हम छोड़ दिये। मोबाइल प्रतिबंधित है। जो लेकर आयेगा, उसे बाहर निकाल दिया जाये। अपनी बात बोलिए, मोबाइल लेकर क्यों खड़े हो जाते हैं।

## आंखें ना दिखायें, बंद कर देंगे दिल्ली का बोरिया बिस्तर : इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा और केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि दिल्ली में बैठे उनके नेता हमें आंखें न दिखायें, वरना हम दिल्ली का बोरिया बिस्तर बंद कर देंगे। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हमारी भी दिल्ली और भाजपा पर पैनी नजर है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा द्वारा दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड में भ्रष्टाचार और घुसपैठ का सवाल उठाये जाने स्वास्थ्य मंत्री काफी नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि हम अपने पांच साल के कार्यकाल और उपलब्धियों का लेखा-जोखा तैयार कर रहे हैं। दिल्ली में बैठे भाजपा नेता हमें दोष न दें।

**दिल्ली हमारे कोयले, लोहे से चलती है :** इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा एक आदिवासी सीएम के नेतृत्व में राज्य में चल रही सरकार को पचा नहीं पा रही है। यही कारण है कि दिल्ली में बैठे उसके नेता बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं।

इरफान अंसारी ने कहा कि दिल्ली हमारे कोयले और लोहे से चलती है, जिस दिन हमने आंखे दिखायी, दिल्ली बंद हो जायेगी। उन्होंने कहा, अगर भाजपा दिल्ली से बार-बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड पर आरोप लगायेगी तो हम पूरे भरोसे के साथ कह रहे हैं कि हम दिल्ली का बोरिया बिस्तर समेट देंगे और बिजली गुल कर देंगे। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा को बंद करके हम यह मैसेज देंगे कि हमें आंखे दिखाना बंद करो।

### भाजपा विधायक नीरा यादव ने मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए दिया सुझाव, कहा

# सत्यापन शिविर लगा कर करें त्रुटि दूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक नीरा यादव ने गुरुवार को सदन में कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत विधानसभा चुनाव से पहले तीन महीने की राशि बगैर सत्यापन के दे दी गई। अब सत्यापन के नाम पर महिलाओं के नाम काटे जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सत्यापन होना चाहिये। लेकिन जरूरतमंद महिला इसके लाभ से वंचित न हों, इसे भी सरकार सुनिश्चित करे। उन्होंने शिविर लगाकर सत्यापन का कार्य त्वरित ढंग से करने का सुझाव दिया। जवाब में प्रभारी मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि इसमें सुधार करने का प्रयास किया जायेगा। इसी बीच भाजपा के मनोज यादव ने कहा कि लाभुकों की सूची नोटिस बोर्ड में लगाया जाना चाहिये।



**24 घंटे में ट्रांसफार्मर नहीं बनने पर हर्जाना का प्रविधान :** राज्य सरकार ने बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे के भीतर उसे दुरुस्त करने या बदलने की अनिवार्यता लागू की है। इस अवधि में ट्रांसफार्मर नही बनने पर प्रभावित उपभोक्ताओं को 25 रुपये की दर से हर्जाना देने का प्रविधान है। लेकिन 2015 में लागू इस नियम के तहत संबंधित मामले में निर्धारित अवधि में ट्रांसफार्मर दुरुस्त नहीं होने या नहीं बदलने पर किसी लाभुक को हर्जाना नहीं दिया जा सका है। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को विधानसभा में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के सवाल पर इसे स्वीकार करते हुये कहा कि कोई दावा या आपत्ति ही नहीं आई। उन्होंने कहा कि दावा करने पर हर्जाना मुहैया कराये जाने की पहल की जायेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इतना गंभीर विषय होने के बाद भी मंत्री सदन को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने जवाब में कहा कि ट्रासफार्मर खराब होने पर निर्धारित समय पर दुरुस्त करने का प्रयास किया जायेगा।

**मॉडल कोल्ड स्टोरेज के लिये तैयार है प्रस्ताव :** कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि उनके विभाग ने मॉडल कोल्ड स्टोरेज के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिये वित्त विभाग से राशि की मांग की गई है। वित्त की स्वीकृति मिलने के बाद इस योजना को लागू किया जायेगा। उन्होंने झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू के एक सवाल पर जवाब दिया।

**बिहार से उद्योगों की परिसंपत्ति बंटवारे पर विशेष अधिवक्ता करेंगे पैरवी :** राज्य सरकार बिहार उद्योग निगम ;बीएसआइडीसीद्ध की परिसंपत्ति के बंटवारे के लिए गंभीरता से पहल करेगी। भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी के सवाल के उत्तर में मंत्री संजय प्रसाद यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में है। राज्य सरकार ने अपना पक्ष बेहतर तरीके से रखने के लिए विशेष अधिवक्ता की प्रतिनियुक्ति की है।

## जल नीति की समीक्षा करेगी सरकार, झालको होगा पुनर्जीवित



मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के जल नीति की समीक्षा करेगी। दरअसल, डॉ रामेश्वर उरांव के ध्यानाकर्षण सूचना के जवाब में मंत्री ने यह जानकारी दी। रामेश्वर उरांव ने जल संसाधन आयोग बनाने की पूर्व की घोषणा का हवाला देते हुये कहा कि वे पूरे मन से सरकार को आधा आशीर्वाद देंगे। क्यों सरकार ने घोषणा तो की, लेकिन इसे पूरा नहीं किया। राज्य सरकार को पानी प्रबंधन का उपाय करना चाहिये। उन्होंने सुझाव दिया कि बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की बजाय लघु सिंचाई परियोजना पर राज्य सरकार फोकस करे। इस संदर्भ में स्वर्णरेखा परियोजना का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि यह वर्ष 1978 में आरंभ हुआ था। अभी भी काम जारी है। बड़े प्रोजेक्ट का खर्च अधिक होता है। परियोजनायें लेते समय कमांड एरिया को लेकर बड़ी बातें होती है। लेकिन आधा भी पूरा नहीं होता। नहर में गाद आ जाता है तो वह आधा भी खत्म हो जाता है। गाद की सफाई की जाये। सरकार सीमांत किसानों के लिये कुंआ बनाये। इस पर मंत्री ने कहा कि झारखंड हिल एरिया लिफ्ट इरिगेशन (झालको) को फिर से जीवित करेंगे।सरकार जल नीति की भी समीक्षा करेगी।

### खबर एक नजर में

## कंप्यूटर ऑपरेटर को बढ़े दर से मानदेय का भुगतान हो : अमित यादव

**रांची।** भाजपा विधायक अमित यादव ने कहा कि सचिवालय और इसके संलग्न कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटर को 40900 रुपये और क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को 38500 रुपये मानदेय मिल रहा है। लेकिन महिला बाल विकास के कार्यालयों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को बढ़े दर से मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा है। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि एक महीने के अंदर इस समस्या का समाधान कर लिया जायेगा। वहीं, विधायक समीर कुमार मोहंती ने पूछा कि पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा, धालधूमगढ़, गुडाबांदा, पोटका और डुमरिया में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का भवन तैयार है। पढ़ाई कब शुरू होगी। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि जल्द शुरू होगा। विधायक सुरेश बैठा ने परिवहन दर में वृद्धि का मुद्दा उठाया। इसपर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि टेंडर के जरिये 30 रुपये में ही काम हो जाता है तो 50 रुपये कैसे करेंगे। विधायक रामचंद्र सिंह के सवाल पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि प्रखंड परियोजना सहायकों के समायोजन के मामले को आदे बढ़ा रहे हैं। राज सिन्हा के कार्यस्थगन प्रस्ताव को अमान्य कर दिया गया।

## कई आपराधिक मामलों में संलिप्त शूटर वैभव यादव को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वैभव रंगदारी के किए हत्या करने के आरोपी वैभव यादव को जमानत दे दी है। वैभव यादव गैंगस्टर अमन सिंह का शूटर था, उसने वर्ष 2022 में रंजीत कुमार साव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रंजीत साव झरिया का बड़ा टायर व्यवसाई था। उससे अमन सिंह ने दस लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में झरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वैभव के ऊपर धनबाद और बोकारो जिले के अलग थानों में कई केस दर्ज हैं। सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि वैभव के ऊपर कुल लगभग 50 आपराधिक मामले चल रहे हैं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट के सुनवाई हुई। कोर्ट ने उसे 50-50 हजार के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर बेल दी है। वैभव यादव की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की।

## राधाकृष्ण किशोर की अनुपस्थिति में विधायी कार्यों के लिये सुदिव्य सोनू अधिकृत

**रांची।** विधान सभा के बजट सत्र में वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अस्वस्थ हो जाने के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनसे संबंधित विधायी कार्यों के लिये नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार को प्राधिकृत किया गया। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

## जानलेवा हमले के आरोपियों का बयान दर्ज

रांची। सनमाईका कारोबारी हरमू रोड निवासी सौरव साहू पर जानलेवा हमला करने के मामले में अपर न्यायायुक्त पवन कुमार की अदालत ने ट्रायल फेस कर रहे पांच आरोपियों चंदन दास, अमन कुमार, अब्दुल नबी सैयद, गणेश सिंह और बिप्तू उर्फ करण रविदास का बयान दर्ज किया। आरोपियों ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। मामले में अब 11 अप्रैल से बहस प्रारंभ होगी। मेन रोड के विष्णु गली स्थिति मंगलमय प्लाई के दुकानदार विष्णु चौधरी से कारोबार को लेकर बातचीत चल रहा था। उसी दौरान ग्राहक के रूप में पहुंचे अपराधियों ने 21 अक्तूबर 2022 को जानलेवा हमला किया था। इसमें सौरव साहू को गोली लगी थी। घटना को लेकर डेली मार्केट में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कांड संख्या 51/2022 के तहत दर्ज कराई गई थी।

## आरोपियों को वीसी के जरिये कोर्ट में किया पेश

रांची। बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा जाना है। मामले के कुछ आरोपियों ने अब तक पुलिस पेपर नहीं प्राप्त किया है। ऐसे आरोपियों को पुलिस पेपर अब तीन अप्रैल को सौंपा जा सकता है। मामले में सुनवाई के दौरान पीएमएल कोर्ट में अगली तारीख 3 अप्रैल निर्धारित की है। मामले में बीते 5 फरवरी को कुछ आरोपियों को पुलिस पेपर को सौंपा गया था। वहीं, जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की गई। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। मामले में हेमंत सोरेनए बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार को पुलिस पेपर सौंपा जाना है।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने विधानसभा के समक्ष दिया महाधरना

### बजट के सत्र के दौरान सदन के बाद कर्मी लगाते जिंदाबाद-मूर्दाबाद के नारे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड विधानसभा के समक्ष राज्यस्तरीय महाधरना दिया। इसकी अध्यक्षता महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने की। इसमें महासंघ के सभी 24 जिलों एवं 72 संघों, यूनियनों, संस्थाओं के सचिवालय से लेकर मुफस्सिल तक के सैकड़ों राज्यकर्मी और शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से गुहार लगाकर अपने 11 सूत्री मांगों को पूरा करने की जोरदार मांग की। इसमें राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने, योग्यता धारी चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को बिना विभागीय परीक्षा के लिपिक संवर्ग में केंद्र एवं बिहार के तर्ज पर प्रोनोति देने, रिम्स के नर्सों सहित अन्य को ओ पी एस का लाभ देकर पुरानी पेंशन योजना में समाहित करने, शिक्षकों को एम ए सीपी का लाभ देते हुए गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने, लिपिकों को प्रोन्नती के पश्चात 2000 के जगह 2400 ग्रेड पे देने, जन सेवकों को प्रोन्नति देकर एमएसीपी का लाभ देने, श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के प्रशिक्षण अधिकारियों का डीजीटी पत्र के आलोक में ग्रेड पे 4200 के जगह 4600 देने, मोटर चालक अनुदेशक का ग्रेड पे प्रशिक्षण अधिकारी के समतुल्य देने, कोरोना काल के 18 महीने का महंगाई भत्ता एक मुश्त देने, 25-30 वर्षों से वन विभाग में कार्यरत श्रम पुस्त कर्मी, अनुबंध कर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर, पारा स्वास्थ्य कर्मी, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, चालक, नगर परिषद के कर्मियों और अनुबंध कर्मीयों को नियमित करने, एएनएम, जीएनएम की नियुक्ति नियमावली प्रोन्नति प्रदान करने के साथ बेरोजगारों को सरकारी रिक्त पद के विरुद्ध बहाल करने और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग शामिल है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा कि आज का महाधरना ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रहा, जो समस्त राज्यकर्मियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासचिव साहेब राम भोक्ता ने कहा कि महासंघ पूरी ताकत के साथ राज्यकर्मियों की मांगों को उठाता रहेगा। इसलिए हम सबों को चप्तानी एकता के साथ एकजुट रहना होगा। आज की सभा को संबोधित करने वालों में महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर, महासचिव साहेब राम भोक्ता, सम्मानित अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, संयुक्त महासचिव आतिश झा, उप महासचिव जितेंद्र सिंह, राज्य सचिव सुशील कुमार सिंह, रामरेखा राय, सुरेंद्र कुमार, रामसेवक महतो, राजेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, अखिलेश कुमार, जयराम सिंह, रामविलास शाह, निवारण महतो, रवि भूषण, सुबोध कुमार के अलावा सुजय राय शामिल हैं। इनके अलावा जेनरल कामगार यूनियन के महासचिव अंजनी कुमार पांडे ने महासंघ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महासंघ हमेशा से कर्मचारियों के लिए लड़ता रहा है। साथ ही मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में जावेद अनवर, अमरनाथ पांडे, समीउल्लाह, सतनारायण महतो, राम लखन यादव, प्रदीप मंडल, नौशाद अहमद, सुबोध कुमार, अमुन तिर्की, संतोष कुमार, श्रीनिवास माइकल कुजूर, राजेश कुमार, शैलेश कुमार सिंह एवं प्रमोद कुमार सहित सैकड़ो कर्मचारीगण उपस्थित थे। अंत में सरकार के प्रतिनिधि को मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया और धन्यवाद ज्ञापन कर सभा समाप्त की गई।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न विषयों व मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचन्द्र सिंह एवं विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे।

## स्वास्थ बीमा योजना के खिलाफ कर्मचारियों में रोष : अजय साह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह योजना कई खामियों से भरी हुई है। इससे राज्य के कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुये कहा कि योजना को पूरी तरह लागू करने से पहले ही पुरानी मेडिकल रीइंबर्समेंट योजना को खत्म कर दिया गया। इससे कर्मचारी बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के रह गये हैं। यह सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कि इस योजना का लाभ उठाने के लिये कर्मचारियों को हेल्थ कार्ड बनवाना अनिवार्य है। लेकिन योजना लागू हुये 20 दिन हो चुके हैं, फिर भी मात्र 2,000 कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड ही बनाये गये हैं। जबकि झारखंड में 1.6 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी अभी भी इससे वंचित हैं। इसके बावजूद सरकार ने उनकी पहले से मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं को समाप्त कर दिया है। इससे हजारों कर्मचारियों को चिकित्सा सेवाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में मेडिका और मेदांता जैसे प्रमुख अस्पतालों का नाम नहीं है। जबकि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिये आमतौर पर लोग इन्हीं अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने इस योजना के वित्तीय पहलू पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इसे अपनी उपलब्धि बताकर वाहवाही लूट रही है। लेकिन इस योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों से 500 प्रीमियम वसूला जा रहा है। जबकि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में यह प्रीमियम सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इससे कर्मचारियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब 99 प्रतिशत कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड ही नहीं बने हैं, तो फिर सरकार ने मार्च का प्रीमियम इंश्योरेंस कंपनी को किस आधार पर भुगतान किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी योजना केवल दिखावे के लिए चलाई जा रही है। जबकि कर्मचारियों की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार से इस योजना की खामियों को तुरंत दूर करने और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग की।

## बिमार वित्त मंत्री को देखने अस्पताल पहुंचे मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक तबीयत खराब हो गयी। खांसी की शिकायत काफी बढ़ने के बाद उन्हें बुधवार की रात ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। गुरुवार को मंत्री से मिलने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने राज्यसभा सांसद महुआ माजी से भी मुलाकात की। उनका हाल-चाल पूछा।



**24 घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे मंत्री :** जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से मंत्री को खांसी की शिकायत थी। बुधवार की रात सांस लेने में तकलीफ होने और खांसी की समस्या काफी बढ़ जाने के बाद उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मंत्री राधाकृष्ण किशोर ओपीडी के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ निशीथ कुमार की परामर्श और निगरानी में है। उनकी छाती का सीटी स्कैन किया गया है, जिसमें हल्का इंफेक्शन पाया गया है। फिलहाल उन्हें पल्मोनोलॉजी विभाग में रखा गया है। अगले 24 घंटे तक मंत्री डॉक्टरों की निगरानी में ही रहेंगे।

## नाबालिग संग दुष्कर्म करने का दोषी करार

रांची। शादी का झूठा आश्वासन देकर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने से जुड़े 12 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त कमलेश कुमार सिंह उर्फ कमलेश कुमार मुंडा को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 26 मार्च की तारीख निर्धारित की गई है। अभियुक्त डोरंडा थाना क्षेत्र के काली मंदिर हिनू निवासी है। अभियुक्त को पुलिस ने मामले में 8 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि अभियुक्त नियमित रूप से उसकी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाता था और धमकी देकर शादी करने का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था।

## गैरिसन इंजीनियर से चार दिन तक पूछताछ करेगी सीबीआई

**रांची।** रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के गैरिसन इंजीनियर साहिल रातूसरिया से सीबीआई चार दिनों तक पूछताछ करेगी। गिरफ्तार इंजीनियर को गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में पेश किया। साथ ही सीबीआई ने पूछताछ के लिये पुलिस रिमांड की मांग की। सुनवाई पश्चात अदालत ने चार दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी। उसको सीबीआई ने बुधवार को आर्मी के आधारभूत संरचना का निर्माण देखने वाली कंपनी से बिल का भुगतान करने के एवज में 2 प्रतिशत का घूस मांगा था। इसे सीबीआई ने 40 हजार 500 रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ने 54 हजार की मांग की थी।

# झारखंड तसर रेशम उद्योग में देश का अग्रणी राज्य : राज्यपाल

## झारखंड में तसर रेशम उद्योग की महत्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि झारखंड इस उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

**तसर रेशम उद्योग में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा :** राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है। इससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है।

**वैज्ञानिकों एवं शोधकताओं से आह्वान :** राज्यपाल ने वैज्ञानिकों एवं शोधकताओं से आह्वान किया कि वे तसर रेशम के उप-उत्पादों एवं उत्पाद विविधीकरण पर विशेष ध्यान दें, जिससे स्थानीय कारीगरों एवं बुनकरों की आय में वृद्धि हो सके।



## आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, हस्तक्षेप की मांग

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना (झारखंड प्रदेश) द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें झारखंड विधानसभा सभा कक्ष में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 10 मार्च 2025 को अमित महतो, विधायक, झारखंड विधानसभा ने विधानसभा परिसर में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने की मांग की थी। इससे संबंधित झारखंड विधानसभा के प्राधिकरण को पत्र भी प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता मानने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। और यह विषय पूर्णतः काल्पनिक है। भूमिज आंदोलन को ही चुआड़ आंदोलन के रूप में जाना जाता है और इस संदर्भ में कई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं। साथ ही, रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता घोषित करने की सत्यता को चुनौती देते हुए नागरिक न्यायालय, रांची में एक मामला (सूट/503/2024) लंबित है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष को यह निर्देश दिया जाये कि जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक इस विषय को लंबित रखा जाये।

## राज्यपाल से मिले सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रभारी वीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) दुमका के प्रभारी कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

**विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दिया निर्देश :** राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए व्यापक प्रयास करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने, एकेडमिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित करने एवं सत्र को नियमितीकरण के लिए निर्देश दिया।



**शैक्षणिक वातावरण विकसित करने का निर्देश :** राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित किया जाए, जो ज्ञान, नवाचार एवं शोध को प्रोत्साहित करे, जिससे विद्यार्थी न केवल अपने विषयों में दक्ष बनें, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।

# सदन में बोले सीएम-राइस मिलों की संख्या बढ़ायी जा रही है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धान क्रय की प्रक्रिया एक रोटेशन सिस्टम है। उस हिसाब से धान का उठाव होता है। बिलिंग होती है, कंटीन्यूस प्रोसेस है। कभी-कभी किसी वर्ष अधिक समय लग जाता है। राइस मिल की संख्या बढ़ाई जा रही है। सीएम गुरुवार को सदन में विधायक जयराम महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे। दरअसल, विधायक जयराम महतो ने कहा कि माननीयों का वेतन एक मुश्त आता है और किसानों को किस्तों में राशि दी जाती है। अगर किसानों को समर्थन मूल्य का पैसा देर से मिलता है तो क्या सरकार इसका ब्याज भी देगी। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि धान लेने के समय किसानों को 50 फीसदी राशि देते हैं। उसके बाद 50 फीसदी राशि दी जाती है। एक मुश्त देने से करप्शन बढ़ेगा।

इधर, गुरुवार को प्रथम पाली में सदन में हेमलाल मुर्मू ने कहा कि टू द प्वाइंट प्रश्न नहीं होने से एक-दो प्रश्न ही हो रहा है। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि मैं आपकी बात से सहमत हूं, एकुरेट प्रश्न हो। सारे सवालों का मान समान है। सीपी सिंह ने कहा कि सदन कार्य संचालन नियमावली से चलता है। अल्पसूचित प्रश्न 20 मिनट का और 40 मिनट तारांकित में। समय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि तारांकित प्रश्न को समाप्त कर दिया जाये। इसपर स्पीकर ने कहा कि कभी सदन के सदस्यों की भावना के अनुकूल भी निर्णय लेना पड़ा है। भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि महिलाओं को शून्यकाल में आरक्षण दिया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली गई महिला पर्यवेक्षक परीक्षा का रिजल्ट 18 महीने बाद भी जारी नहीं हुआ है।

## मानदेय को ले रिम्स के सफाईकर्मियों की हड़ताल, वापस ली , एजेंसी पर होगा केस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पिछले करीब पांच महीने से मानदेय का भुगतान नहीं होने से आक्रोशित रिम्स के सफाई कर्मचारी गुरुवार को हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों के उठाए गए इस कदम के चलते अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। इस बीच गुस्साए कर्मचारियों ने रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार के कार्यालय का घेराव भी किया। हालांकि सोमवार को सभी के मानदेय का भुगतान करवाने का आश्वासन दिए जाने पर दोपहर में अस्पताल की सफाई शुरू कर दी गई। इस तरह पहली पाली में सफाई नहीं हो सकी। रिम्स प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर अपने कर्मचारियों को गुमराह करने और सफाई का काम बिना किसी सूचना के बंद करने पर केस दर्ज कराने की तैयारी कर ली है। साथ ही एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं।

रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा कि एजेंसी अपने कर्मचारियों को गुमराह कर पूर्व में भी काम बाधित कर चुकी है। उसे चेतावनी भी दी जा चुकी है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें अक्तूबर से मानदेय नहीं मिला है। वहीं, रिम्स प्रबंधन का दावा है कि दिसंबर तक का भुगतान एजेंसी को किया जा चुका है और जनवरी का बिल कुछ दिन पहले ही मिला है।

**प्रबंधन बोला- एजेंसी शर्तों का भी पालन नहीं कर रही**

प्रबंधन ने कहा कि टेंडर शर्तों के अनुसार यदि किसी कारणवश संस्थान भुगतान में देरी करता है तो भी एजेंसी कर्मियों को मानदेय देती रहेगी। लेकिन एजेंसी इसका पालन नहीं कर रही। साथ ही रिम्स के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी एजेंसी को भुगतान का विपत्र हर माह की 7 तारीख तक जमा करना है, पर इसका भी ध्यान नहीं रखा जा रहा।

**लगातार मिल रही है शिकायत**

एजेंसी के सफाई कार्यों पर प्रबंधन को लगातार शिकायत मिल रही है। इसका खुलासा निरीक्षण में भी हो चुका है। इसके अलावा प्रबंधन को विपत्र की जांच में कई त्रुटियां मिल चुकी हैं। एजेंसी जितने कर्मियों का विपत्र जमा करती है, उतने कर्मी परिसर में कभी नहीं रहते हैं।

**नई निविदा की तैयारी**

एजेंसी का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निदेशक ने चिकित्सा अधीक्षक को नई निविदा को जल्द पूरा करने को कहा है।

## फिजिकल एजुकेशन शिक्षक को डबल ग्रेजुएट जरूरी या नहीं, सुनवाई अगले सप्ताह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट यह निर्धारित करेगा कि फिजिकल एजुकेशन शिक्षक के लिए डबल ग्रेजुएट होने की जरूरत है या नहीं। मामले में सुनवाई अगले सप्ताह होगी। इस संबंध में अन्ना मेरी एक्का ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि शैक्षणिक योग्यता होने के बाद भी आयोग ने उनका चयन नहीं किया है। जबकि, जेएसएससी की ओर से कहा गया कि यह नियुक्ति फिजिकल एजुकेशन शिक्षक के लिए थी। इसके लिए डबल ग्रेजुएट डिग्री मांगी गई थी। इसमें अभ्यर्थी को आर्ट्स, साइंस या कॉमर्स में स्नातक के अलावा फिजिकल एजुकेशन में डिग्रीधारी होना जरूरी था। प्रार्थी फिजिकल एजुकेशन में सिर्फ ग्रेजुएट है। इसलिए, उनका चयन नहीं किया गया है। सुनवाई के दौरान पक्ष सुनने के बाद अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में वह इस बिंदु को निर्धारित करेगा कि फिजिकल एजुकेशन शिक्षक के लिए डबल ग्रेजुएट की जरूरत है या नहीं।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में पति दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने गुरुवार को पत्नी की गैर इरादतन हत्या के जुर्म में अभियुक्त पति जतरू कच्छप को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 22 मार्च की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त धुर्वा थाना क्षेत्र के जोजोसोरिंग गांव निवासी है। शादी के एक साल के अंदर ही 13 मार्च 2022 को मामूली विवाद को लेकर नवविवाहिता को मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतका का भाई मुन्ना कच्छप ने धुर्वा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी हत्या को लेकर दर्ज की गई थी। अदालत ने सुनवाई के दौरान गैर इरादतन हत्या के आरोप में दोषी करार दिया है।

## झारखंड में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ओलावृष्टि के चलते 9 डिग्री तक लुढ़का पारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को तेज हवाओं और ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश के चलते तापमान में करीब 9 डिग्री की कमी देखी गई। मौसम विभाग ने 21 और 22 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

गुरुवार को राज्य के रांची, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों के कुछ हिस्सों में दिन के दौरान बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की घटना देखी गई। इससे पारा में काफी गिरावट देखी गई।

मौसम में आए बदलाव के कारण राज्य में अधिकतम तापमान जो 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था, बुधवार से 8.9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। गुरुवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान सिमडेगा में 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान के चलते लोगों को उमस और गर्मी से दो चार होना पड़ रहा था। मगर इस बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली है। सुबह से हो रही बूंदा-बांदी और फिर कुछ जगहों पर हुई ओलावृष्टि से लोग खुश नजर आए।

**रांची में दिन में अंधेरा छाया**

राजधानी रांची में गुरुवार को मौसम खराब रहा। गुरुवार को दिन में ही अंधेरा पसर गया। शाम के 4.30 बजे हल्की बारिश शुरू हुई। जो कुछ देर रात तक टिपटिपाते रहा। आसमान में काले बादल छाये हुए रहे और तेज गर्जन भी होती रही। सड़क पर चल रहे वाहनों को लाईट जलाकर चलना पड़ रहा था। बारिश के बाद तापमान में कमी आयी है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

## मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का फेसबुक पेज हैक! अश्लील व आपत्तिजनक पोस्ट शेयर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का फेसबुक पेज हैक हो गया है। इस खबर के बाद राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। गुरुवार की दोपहर उनके आधिकारिक पेज से अश्लील और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर किये गये, जिसे देखकर उनके समर्थक और आम लोग हैरान रह गये।

**मंत्री की टीम ने की फेसबुक पेज रिकवर करने की कोशिश**

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और उनकी टीम को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत फेसबुक पेज को रिकवर करने की कोशिश शुरू कर दी। लेकिन उन्हें अपना ऐडमिन एक्सेस नहीं मिल पाया।

**लालपुर साइबर थाना में दर्ज**



**करायी शिकायत :** घटना के बाद रांची स्थित लालपुर साइबर थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। शिकायत में कहा गया है कि 12 मार्च से एडमिन पावर भी हटा दिया गया है। जिसको ओम प्रकाश रमण नाम के आईडी द्वारा संचालित किया जा रहा था।

## रैंप हटाने की मांग को लेकर मशाल जुलूस आज

- 22 को रांची बंद से आवश्यक सेवाओं को रखा मुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को करम टोली धुमकुड़िया में मिडिया को संबोधित किया। इस दौरान सामाजिक अगुवाओं ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों को आन्दोलन करने पर विवश कर रही है। जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद की केन्द्रीय अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि आज संथाल के आदिवासियों का धार्मिक स्थल मरांग बुरु है। इस पर जैन धर्मावलंबियों का कब्जा हो गया है।

आदिवासी युवा अगुवा राहुल तिर्की ने कहा कि आदिवासियों के पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव सरहुल महोत्सव सह शोभायात्रा का समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि सरहुल महोत्सव सह शोभायात्रा हमारे पुरखों की देन है। आदिवासी मूलवासी मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के सामने से नहीं हटाती है तो आदिवासी समाज फ्लाईओवर को कभी कम्पलीट करने नहीं देंगे और ना ही उदघाटन करने देंगे। चाहे इसके लिए न्यायालय का रूख क्यों ना करना पड़े।

आदिवासी जन परिषद की उपाध्यक्ष कुन्दरसी मुंडा ने कहा कि आदिवासी परंपरा को समूचित नष्ट करने की साज़िश की जा रही है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर अध्यक्ष चम्पा कुजूर ने 21 मार्च को दोपहर 3 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास सभी आदिवासी एकजुट होंगे। 22 मार्च को सुबह 6 बजे सड़क पर उतर कर चौक चौराहों में चक्का जाम किया जाएगा। आवश्यक सेवाओं एंबुलेंस, अस्पताल, दवा दुकान और मरीजों को बंद से मुक्त रखा जाएगा।

मौके पर सुशीला कच्छप, बबलू मुंडा, स्मिथ तिर्की, आकाश तिर्की, विजय कच्छप, रवि मुंडा, सुरेन्द्र लिंडा, विक्की लोहरा, अमित मुंडा, संगीता कच्छप, शनि हेमरोम, नवीन तिर्की, रंजित उरांव, अनिल किस्पोप्ता, प्रदीप कुजूर, छोटू कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

## गुमला नगर परिषद के सात वार्ड में पेयजल नहीं : भूषण तिर्की

**रांची।** विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि गुमला नगर पालिका की स्थापना 1973 में हुई थी। उस समय 10 वार्ड थे। उन्होंने कहा कि 1983 में नगर परिषद बन गया। अब 22 वार्ड हो गए हैं। इसमें छह से सात वार्ड आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। इसमें एक बूंद भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि वहां के लिये 112 करोड़ की योजना ली गई है। इससे 63435 लोगों को पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये दो बार टेंडर निकला। 23 फरवरी 2024 को टेंडर में पांच बिड्स आये। पांचों टेक्नीकली फेल हो गये। फिर 13 सितंबर 2025 को टेंडर में छह बिड्स आये। इसमें चार टेक्नीकली फेल हो गये। अब व्लर्ड बैंक के पास एप्रुवल के लिए गया है। एक माह के अंदर टेंडर का निष्पादन कर लिया जायेगा। तब तक एचवाईडीटी का प्रस्ताव दें, पेयजल की व्यवस्था होगी।

## एक भी योजना चालू दिखा दें, इस्तीफा देकर चला जाऊंगा: उदय शंकर सिंह

झामुमो विधायक उदय शंकर सिंह ने गुरुवार को सदन में अपने ही सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सारठ विधानसभा क्षेत्र में सारठ, करमाटांड़ और पालाजोरी में पानी के लिए त्राहिमाम है। इसमें सरकार का जो वक्तव्य आया है। विभाग सरकार को धोखा दे रही है। गलत रिपोर्टिंग कर रही है। उन्होंने चुनौती देते हुये कहा कि अगर एक भी चालू योजना दिखा दें तो मैं इस्तीफा देकर चला जाऊंगा। चापानल सिर्फ कागज में चालू हैं। कहीं भी सारठ अवर प्रमंडल भी दिखा दें। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि तकनीकी कारणों से योजनाएं शुरू नहीं हुई हैं। हम जांच करवा लेंते हैं। केंद्रांश नहीं मिला है, इसलिए योजना चालू नहीं हुई है। चापानल बनवाया जायेगा। इसी बीच भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया में 312 करोड़ की पेयजलापूर्ति योजना काम धरातल पर शुरू नहीं हुआ है। झरिया में पानी की समस्या है।

## राज्यपाल ने झारखंड के प्रशिक्षु आइएएस अफसरों को दिये टिप्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया।

**राज्य के विकास के लिए काम करने का आह्वान :** राज्यपाल ने कहा कि 15 नवंबर, 2000 को झारखंड राज्य का सृजन हुआ। लेकिन राज्य के विकास के लिए बहुत कार्य करने होंगे। उन्होंने अधिकारियों को राज्य की जनजातीय आबादी के उत्थान के प्रति विशेष संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

**प्रशिक्षु अधिकारियों ने साझा किए अपने अनुभव :** राज्यपाल से प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए झारखंड में प्रशिक्षण के दौरान मिले अवसरों और सीख पर चर्चा की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची में भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तसर रेशम उद्योग न केवल एक कृषि आधारित उद्योग है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है।

## सदर अस्पताल रांची में मौखिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय में संगोष्ठी सह प्रभात फेरी का आयोजन सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल, रांची डॉक्टर सीमा गुप्ता के निर्देश पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जन जन तक ओरल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर दंत चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल रांची डॉक्टर रवि राज द्वारा बताया गया कि स्वस्थ एवं बेहतर जीवन जीने के लिए हमें मौखिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस साल वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे की थीम है- ऐ हैप्पी माउथ इज...ए हैप्पी माइंड, जो इस बात पर जोर देती है कि ओरल हेल्थ और शारीरिक स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

## जलमीनार निर्माण का विरोध, स्थानीय लोगों ने किया हरमू रोड जाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची के हरमू स्थित लाल बहादुर शास्त्री मार्ग के पास बन रहे जलमीनार का विरोध तेज हो गया है। गुरुवार की शाम स्थानीय लोगों ने जलमीनार के विरोध में हरमू रोड को जाम कर दिया। इस कारण यातायात व्यवस्था ठप हो गई। काफी समझाने के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया।

**क्या है विवाद की वजह :** रांची के हरमू में जलमीनार निर्माण का विरोध कर रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि दूसरे जगह पानी की सप्लाई करनी है, लेकिन जलमीनार को हरमू इलाके में बनाया जा रहा है। जबकि जिस स्थान पर जलमीनार बनाया जा रहा है वो जगह पूर्व से हेल्थ क्लब के लिए चिन्हित है। लेकिन नगर विकास विभाग द्वारा हरमू में जलमीनार बनाने की स्वीकृति दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में जलमीनार बनने से उन्हें काफी परेशानी होगी। एक तो बच्चों का खेल का मैदान खत्म हो जाएगा तो दूसरी तरफ पार्टी-फंक्शन करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**यातायात प्रभावित :** स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क जाम करने की वजह से हरमू रोड में काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर अरगोड़ा पुलिस की टीम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद जाम को हटाया।

स्थानीय लोगों को यह भरोसा दिलाया गया है की इस संबंध में वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा। जिसके बाद भीड़ सड़क से हटी। इस संबंध में अरगोड़ा थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि सड़क जाम खत्म हो गया है। सड़क पर यातायात भी सामान्य हो गया है।

## दिव्यांग कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 23 मार्च को

- 41 जोड़ियों का पाणिग्रहण संस्कार हेतु आदर्श सामूहिक विवाह का हो रहा आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायन्स क्लब ऑफ रांची विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के सहयोग से दिनांक 23 मार्च को श्री राणी सति मंदिर रातू रोड के प्रांगण स्थित हनुमान बक्श पोद्दार सत्संग भवन में 41 जोड़ियों का पाणिग्रहण संस्कार हेतु आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सभी कन्याओं का विवाह सनातन वैदिक रीति से पंडित श्याम सुन्दर भारद्वाज द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। विवाह समारोह संयोजक राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि संथाल परगना से आने वाले 150 से अधिक दृष्टिबाधित और दिव्यांग दुल्हा-दुल्हन और बारातियों की आवासीय एवं भोजन की व्यवस्था एक दिन पहले 22 मार्च सुबह से की गई है।

**नौ जोड़ियां दृष्टिबाधित हैं और आठ जोड़ियां शारीरिक दिव्यांग हैं**

विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह-सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष के आदर्श सामूहिक विवाह समारोह में पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, दुमका, रांची और खूंटी जिले के 17 दिव्यांग जोड़ियों का विवाह 24 अन्य जोड़ियों के साथ कराया जा रहा है। नौ जोड़ियां दृष्टिबाधित हैं और आठ जोड़ियां शारीरिक दिव्यांगों की हैं। सेवा विभाग के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में सेवा विभाग की ओर से रांची की विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के अतिरिक्त व्यक्तिगत स्तर पर 25 से अधिक आदर्श विवाह समारोह में 2,500 से अधिक जोड़ियों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश कर सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया जा चुका है।

**इनका मिल रहा सहयोग**

प्रो. हरबीन्दर बीर सिंह और डा. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजन करने में दिलीप बंका, बीना बंका, सुनीता चौधरी, शुभ्रा मजूमदार, निशि अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, सिद्धार्थ मजूमदार, राजेश मोर, निर्मल मानपुरिया, मनीष गाड़ोदिया, डा. प्रदीप कुमार, विनोद गढ़यान, विश्व हिन्दू परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश कुमार केशरी, राजेश अग्रवाल सह मंत्री, रतन केसरी, अनिल तिवारी, सृजन हैल्प की निदेशिका गुंजन गुप्ता का सहयोग मिल रहा है।

## सांसद ढुल्लू महतो की संपत्ति की जांच सुनवाई योग्य या नहीं मामले में सरकार समेत तीन से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की खंडपीठ में गुरुवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो की संपत्ति की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार, सीबीआई और इनकम टैक्स से जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि क्या प्रार्थी की याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। मामले में अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। इस मामले में पूर्व में ईडी ने प्रार्थी की साख और याचिका सुनवाई योग्य नहीं होने का मुद्दा उठाया था। ईडी ने यह भी कहा है कि ढुलू महतो के खिलाफ सात प्राथमिकी को देखते हुए वर्ष 2023 में ईडी ने ईसीआइआर (प्राथमिकी) दर्ज किया है, जिसकी जांच चल रही है।

इस संबंध में सोमनाथ चटर्जी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सांसद ढुल्लू महतो की संपत्ति की जांच की मांगी है। याचिका में कहा गया है कि सांसद ढुल्लू महतो ने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की है, जिसकी जांच होनी चाहिए। प्रार्थी की ओर से याचिका में ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स और सरकार को प्रतिवादी बनाया है।

ईडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और सौरभ कुमार ने पक्ष रखे। पूर्व में ईडी की ओर से कहा गया था कि प्रार्थी की समान याचिका खारिज हो चुकी है। उनकी ओर से फिर से समान तथ्यों के साथ याचिका दाखिल की गई है। इस बार प्रार्थी ने याचिका में सांसद ढुल्लू महतो को प्रतिवादी नहीं बनाया है। इसलिए, इस याचिका पर सुनवाई नहीं होनी चाहिए।

रांची शहर की खबरें पेज 10 पर भी देखें

# इक्फाई विश्वविद्यालय का 5वां दीक्षांत समारोह आज

## नौ स्वर्ण, नौ रजत पदक व 15 पीएचडी सहित कुल 231 विद्यार्थियों को दी जायेगी डिग्री

- झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव होंगे चीफ गेस्ट
- क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं : कर्नल डॉ रंजीत सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का 5वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड ऑडिटोरियम, जुपमी बिल्डिंग धुर्वा में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव होंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय 2024 में स्नातक करने वाले विद्यार्थियों को कुल 231 डिग्री प्रदान करेगा। इसमें 15 पीएचडी शामिल हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के शीर्ष रैंकर और दूसरे रैंकर को क्रमशः 9 स्वर्ण पदक और 9 रजत पदक प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को प्रेस कांफ्रेस में दी गयी।

इस दौरान इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने कहा शिक्षा कि गुणवत्ता और समाज पर इसके प्रभाव को मान्यता देते हुए इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड को टाइम्स हायर एजुकेशन, लंदन और वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज रियल इम्पैक्ट (डब्ल्यूयूआरआई) जैसी स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय और भारतीय रैंकिंग एजेंसियों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में भारत के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में और औद्योगिक अनुप्रयोगों में प्रभाव के संबंध में शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है। यह स्नातक करने वाले विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के प्रशासन के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि इक्फाई विश्वविद्यालय में क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं, जेबी पटनायक ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के कई नए कोर्स का शुभारंभ भी किया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में इक्फाई विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार जेबी पटनायक, सुमित राठौर सहित अन्य मौजूद थे।

# रातू रोड ऑटो स्टैंड पर बढ़ी वसूली के खिलाफ ऑटो चालक महासंघ ने जताया विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने रातू रोड ऑटो स्टैंड पर बढ़ी वसूली के खिलाफ कड़ा विरोध जताया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह और प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर बताया कि रांची नगर निगम ने रातू रोड स्थित किशोरी यादव ऑटो स्टैंड का टेंडर 1.42 करोड़ रुपये में बिनू सौरभ को दिया है। पिछले वर्ष तक इस स्टैंड पर 23 रुपये प्रति दिन शुल्क लिया जाता था, लेकिन अब ठेकेदार 35 रुपये प्रति दिन वसूल रहा है।

महासंघ ने इस बढ़ी हुई राशि को अनुचित बताया और कहा कि इससे ऑटो और ई-रिक्शा चालकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ रहा है।

**22 मार्च के बंद को महासंघ का समर्थन**

महासंघ ने केंद्रीय सरना समिति द्वारा 22 मार्च को बुलाए गए बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। महासंघ के पदाधिकारियों ने सभी ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से अपील की है कि वे इस दिन अपने वाहनों का परिचालन न करें। साथ ही महासंघ ने स्पष्ट किया कि अगर बंद के दौरान किसी वाहन को कोई क्षति होती है, तो उसकी जिम्मेदारी वाहन मालिकों की होगी, यूनियन इसका जवाबदेह नहीं होगा।

**24 मार्च को प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन**

इस वसूली के खिलाफ महासंघ ने 24 मार्च को एसपी, नगर निगम के नगर आयुक्त और यातायात अधीक्षक को लिखित आवेदन सौंपने का निर्णय लिया है। महासंघ ने कहा कि इस मामले को जल्द से जल्द निपटाया जाना चाहिए, ताकि ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को राहत मिल सके।

# ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को 9वीं अनुसूची में डाला जाये : मोर्चा

- तेलंगाना सरकार द्वारा ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने पर कांग्रेस को बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** तेलंगाना सरकार द्वारा ओबीसी का आरक्षण ऐतिहासिक 42% किए जाने की घोषणा करने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा ओबीसी का आरक्षण जनसंख्या अनुपात में करने का जो अभियान चलाया जा रहा है इस घोषणा से प्रतीत होता है कि सिर्फ घोषणा नहीं है यह जमीन पर भी दिख रहा है। झारखंड के संदर्भ में कहा कि राज्य सरकार ने 9वीं अनुसूची में डालने के लिए विधानसभा से पारित कर महामहिम के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी गई है, लेकिन वहां पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की मांग है कि केंद्र सरकार झारखंड में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को 9वीं अनुसूची में डाला जाये। प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में सभी वर्गों को उनके जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी देने का अभियान चलाया है। तेलंगाना में ओबीसी को 42% आरक्षण देने की घोषणा से परिलक्षित हो रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी के प्रति आभार और धन्यवाद देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, दिलीप वर्मा, महासचिव रामावतार कश्यप, प्रो. प्रेम नंदन मंडल, सचिव जगदीश साहू, अजय मेहता, सुरेश ठाकुर, राम लखन यादव, सुग्रीव यादव, प्रमोद कुमार, जयराम ठाकुर, संतोष सोनी, संजय मेहता, अरुण प्रमाणिक, अशर्फी चंद्रवंशी आदि के नाम शामिल हैं।

# झारखंड तंजीम रांची महानगर ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड तंजीम के संस्थापक शमशेर आलम और झारखंड तंजीम रांची महानगर महानगर कमेटी के द्वारा हिंदपीढ़ी थर्ड स्ट्रीट झारखंड तंजीम कार्यालय में गुरुवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सामूहिक रूप से रांची झारखण्ड व पूरे देश के लिए खुशहाली और अमन चैन की दुआएं मांगी गईं।

मौके पर झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, मंत्री इरफान अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा कि रोजा इफ़्तारी सामाजिक मिसाल है। देश का कोई भी समुदाय हो हर पर्व सभी एक-दूसरे के साथ मिल जुलकर मनाते हैं।

मौके पर झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, विधायक एम टी राजा, झामुमो नेता फरीद खान, कारी अंसारुल्लाह, थाना प्रभारी सुनील कुमार, महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव, अब्दुर्रहमान, तनवीर गद्दी, राशिद जमील, अकील अख्तर, मो. फिरोज, मो. सन्नी, मो. तबरेज, लाडले खान, बाबू, पप्पू, सज्जाद इदरीसी, जमील अख्तर सुनो समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में सौबीर घोष को जोनल रैंक 1, इंटरनेशनल रैंक 4



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु रांची के नौवीं कक्षा के छात्र सौबीर घोष ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित साइंस और मैथेमेटिक्स ओलम्पियाड में जोनल रैंक में पहला स्थान और इंटरनेशनल रैंक में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा कक्षा तीन के ध्रुव गुप्ता, छठी कक्षा के कुमार कृष्णानंद को मैथेमेटिक्स आठवीं कक्षा के ईशान श्रीवास्तव, दसवीं के प्रियांशु झा को साइंस और नवीन कक्षा की इशिका राठौड़ और तीसरी कक्षा के आयुष मंडल को इंग्लिश ओलम्पियाड में सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस का पुरस्कार मिला है। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर हर्ष जताया है और अन्य को भी परिश्रम से मिलने वाली फल की प्रेरणा को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने विद्यालय का मान बढ़ाया है।

# महादेव मंडा केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बनें गूंजा तिर्की




**रांची।** महादेव मंडा केंद्रीय सरना समिति की बैठक गुरुवार को गूंजा तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरहुल शोभायात्रा को लेकर चर्चा की गई। साथ ही इस मौके पर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक पद्मश्री मुकुंद नायक, विजय तिर्की, संरक्षक मंडली रामशरण तिर्की, मानपुरा नायक, छत्रधारी महतो, विनय भगत, शंकर मुंडा, संतोष तिर्की, सुरेश साहू, भोला मुंडा, मदन मुंडा, कृष्णा सहाय, रूपेश केशरी, अध्यक्ष गूंजा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज मुंडा, उपाध्यक्ष मंटू मुंडा, विजय बढ़ाईक, शत्रु नायक, केसी महतो, धनजू नायक, रवि गोप, धनेश्वर अहीर, नकुल नायक, जोगेंद्र मुंडा, कलेश्वर साहू, जोगेंद्र मुंडा, रवि मुंडा, पंकज मुंडा, शनि मुंडा, किशोर मुंडा, रवि सिंह, सचिव रवि लोहरा, विजय उरांव, उमेश महतो, विजय राय, संजीव महतो, मीडिया प्रभारी रतन लाल, रवि सिंह, कोषाध्यक्ष अमित मुंडा, राज महतो को बनाया गया है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रतन लाल ने दी।

# किसी की मदद मजहब व जात पूछ कर ना करो : मौलाना तहजीबुल हसन

- जाफरिया परिसर से हजरत अली की शहादत की याद में मातमी जुलूस आज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मस्जिद जाफरिया में गुरूवार से आयोजित तीन दिवसीय मजलीसे गम को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि हजरत अली का एक ऐसा गुलिस्तान है कि जिस गुलिस्तान में इमामत के रंग बिरंगे फूल नजर आते हैं। इस फूल की खुशबू के बगैर इस्लाम की खुशबू महसूस नहीं की जा सकती। हजरत अली की जात ने जहां रूहानियत का इलाज किया वहीं जिस्मानी इलाज भि किया। हजरत अली की खिदमत में एक शख्स आया और कहने लगा की या अली मैं तीन दिन से बीमार हूं और फकीर हूं,जाहील और नादान हूं। मौला अली ने फरमाया जिस्मानी बीमारी के लिए डॉक्टर्स के पास जाओ, गरीबी दूर करने के लिए किसी अमीर के पास जाओ, जाहिल और नादानी दूर करने के लिए किसी आलिम के पास जाओ। उसने कहा है मौला आप तो तबीब भी हैं करीम भी हैं आलिम भी हैं। मौला ने उसको 3 हजार दिरहम दिए और फरमाया 1 हजार दिरहम से अपना इलाज करो, 1 हजार दिरहम से अपनी गरीबी दूर करो, और 1 हजार दिरहम से शिक्षा हासिल करो। हजरत अली के इस अमल से पता चलता है कि अगर एक इंसान चाहे तो दूसरे इंसान की सारी मुसीबत को दूर कर सकता है। हजरत अली ने फरमाया के किसी की मदद मजहब, जात, बिरादरी, पूछ कर ना करो। इससे अल्लाह पाक नाराज हो जाता है। मजलिस आरंभ तिलावत कलाम पाक से किया गया। सोजखानी सैयद अता इमाम रिजवी ने की, पेश खानी अमोद अब्बास, यावर हुसैन गाजीपुरी, यूनुस रजा, निहाल हुसैन सरियावी ने किया। मस्जिद परिसर या अली की सदाओं से गूंज उठा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मेंहदी इमाम और जफरुल हसन द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन ए जाफरिया के तत्वाधान में किया गया।

## पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन 25 मामलों को सुलझाया गया



**रांची।** झलसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची में परिवार न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान 17 मार्च से जो 21 मार्च तक चलाया जायेगा। गुरुवार को अधिवक्ताओं व मध्यस्थों की सुझ-बुझ व अथक प्रयास से 25 वादों को सफलतापूर्वक सुलझाया गया।

# जयपाल सिंह मुंडा की 55वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

- मुंडा सभा ने सरकार से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण जल्द कराने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 55वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को मुंडा सभा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुई। जहां पर जयपाल सिंह मुंडा के तीनों प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सिरोमटोली स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा चौक पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

**स्टेडियम की बदहाल स्थिति पर उठाये सवाल**

इस अवसर पर मुंडा सभा के सदस्यों ने स्टेडियम की जर्जर स्थिति पर गहरी नाराजगी जतायी और कहा कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण जयपाल सिंह मुंडा मैदान जर्जर हो रहा है। मुंडा सभा ने सरकार से मांग की कि स्टेडियम के रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण जल्द किया जाए, ताकि ऐतिहासिक स्टेडियम अपनी गरिमा को पुनः प्राप्त कर सके। सभा ने चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो इसके विरोध में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**संविधान सभा में आदिवासियों की आवाज थे जयपाल सिंह मुंडा : बिलकन डांग**

महासचिव बिलकन डांग ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा न केवल झारखंड आंदोलन के अगुआ थे, बल्कि संविधान सभा में आदिवासियों की आवाज भी थे। जब संविधान सभा में विशेष प्रावधानों पर बहस हो रही थी, तब जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासियों के लिए भी ठोस सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने न केवल आदिवासी समाज की अस्मिता को बचाने की लड़ाई लड़ी, बल्कि उनके लिए संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करवाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वे केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी भी थे, जो भारतीय हॉकी टीम के कप्तान के रूप में 1928 में भारत को पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाने वाले खिलाड़ी थे।

श्रद्धांजलि सभा में मुंडा सभा के महासचिव बिलकन डांग, सचिव प्रभु सहाय सांगा, कोषाध्यक्ष डॉ. रोयल डांग, सोसन समद, दिव्या ज्योति कंडीर, पौलूस बुड, आदिवासी विकास पार्षद परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष प्रभाकर नाग, नगर विकास परिषद अध्यक्ष अमित मुण्डा सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

खबर एक नजर में

## एसएसपी से मिला अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का डेलिगेशन



**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को महासभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव सह सदस्यता प्रभारी डॉ एके लाल के नेतृत्व में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से मिला। एसएसपी से मिलकर समाज के विकास के बारे में चर्चा करते हुए डॉ लाल ने कहा कि आपका स्नेह और आशीर्वचन की अपेक्षा हम लोग करते हैं। इस पर एसएसपी का हर तरह से भागीदारी लेने की बात कही गयी। इस दौरान समाज की समस्याओं पर चर्चा की गयी। इसके लिए भी वे हर तरह की समस्याओं पर सहभागिता के लिए आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में सुशील कुमार लाल महामंत्री, राजेश कुमार सिन्हा कार्यकारी अध्यक्ष, सूरज कुमार सिन्हा प्रदेश सचिव, नीतू सिन्हा महिला अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब का संयुक्त रूप से खूंटी में मोतियाबिंद ऑपरेशन का शिविर

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची, इनरव्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर पूर्वी, इनरव्हील क्लब ऑफ हजारीबाग, इनरव्हील क्लब ऑफ गिरीडीह सनसाईन, इनरव्हील क्लब ऑफ रांची प्रगति, इनरव्हील क्लब ऑफ रांची पलाश, इनरव्हील क्लब ऑफ गिरीडीह पर्ल ने संयुक्त रूप से खूंटी के एसजीइएस अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन का शिविर लगाया गया। इसमें कहा गया कि मोतियाबिंद आंखों की एक समस्या है। इसकी वजह से धीरे-धीरे आंखों की रोशनी कम हो जाती है। इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने आगे बढ़कर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले महिलाओं एवं पुरुषों का मुफ्त में आपरेशन करवाया। इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची की अध्यक्ष दीपा चौहान, सचिव नीता शेखर,आइएसओ शालिनी सिन्हा, डिस्ट्रिक्ट आइएसओ नीता नारायण, सीजीआर माला श्रीवास्तव, सुप्रिता लाल और आभा सिंह मौजूद थी।

## नीरजा सहाय में वार्षिक परीक्षोपरांत स्पोर्ट्स एवं म्यूजिक कैंप का आयोजन




**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में प्राचार्या किरण यादव के नेतृत्व में बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए वार्षिक परीक्षा के बाद कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स और म्यूजिक कैंप का आयोजन किया गया, ताकि विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चे अपने अंदर छुपी प्रतिभा को जान सकें। म्यूजिक में बच्चे और सुर-ताल, बांसुरी के साथ-साथ भजन, देशभक्ति गानों का भी अभ्यास किया। इसके अलावा स्केटिंग, व्यायाम, मेजिटेशन पीटो आदि विभिन्न प्रकार के खेलों का बच्चों ने अभ्यास किया और साथ ही साथ उनका मनोरंजन भी हुआ। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास करने में सहायक सिद्ध होंगे। गुरुवार को स्कूल में एलकेजी से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए दो दिवसीय स्किल कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें बच्चे सोशल स्किल, क्रिटिकल थिंकिंग, पेंटिंग, योगा, भजन, देशभक्ति गानों का आनंद लिया। विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा बच्चों में सहयोग की भावना का विकास करने का प्रयास किया गया। निश्चित रूप से इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे लाभान्वित होंगे। आज बच्चों ने वर्ल्ड स्पैरो डे भी मनाया। इस कार्यक्रम द्वारा बच्चों में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम भावना का विकास हुआ।

## आदिवासी छात्र संघ ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनायी



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय अध्यक्ष विवेक तिर्की की अध्यक्षता में गुरुवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर एंथ्रोपोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, सलाहकार-याफीड नेपाल अभय सागर मिंज, खेल विभाग के प्रिया एक्का, आदिवासी छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, उपसचिव अक्षय कुमार, कोषाध्यक्ष पायल बाण्डो, सपना तिर्की, राहुल उरांव, आकाश कुजूर तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बचत और कमाई, दोनों का भरोसा है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट

**रांची।** अनिश्चित आर्थिक स्थिति में अतिरिक्त आमदनी का जरिया होना बहुत जरूरी हो गया है। ये बातें गुरुवार को आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट लॉन्च के मौके पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट और डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पालटा ने कही।

## अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सौंपा मांग पत्र



**रांची।** छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर अबुआ अधिकार मंच के सदस्य अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव को मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने कहा विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं त्रस्त हैं। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी घोर निद्रा में मस्त है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विगत 6 वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है। छात्र-छात्राओं के हित में पीजी विभाग मोराबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी को पूर्व की भांति रात 10 :00 बजे तक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई हेतु खुला रखने की विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की। वहीं विश्वविद्यालय के पीजी विभाग साइंस ब्लॉक के कैंटीन में हाइजीन एवं साफ-सफाई का ध्यान ना के बराबर रखे जाने पर भी एवं छात्र-छात्राओं को कम क्वांटिटी में खाद्य पदार्थ उपलब्ध करा कर मनमानी ढंग से खाद्य पदार्थ के पैसे लिए जाने पर भी नाराजगी जताई।

झिरी शराब दुकान में लूटपाट का मामला फर्जी निकला

# सरकारी राशि के गबन के आरोपित मैनेजर और दो कर्मचारी गिरफ्तार कर भेजे गये जेल

- पुलिस को गुमराह करने का आरोप
- 13 मार्च रात 9 बजे की थी घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झिरी के आनंदनगर स्थित कंपोजिट शराब की दुकान में 13 मार्च की रात 8:45 बजे मैनेजर और दो कर्मचारियों पर हॉकी स्टिक व हरवे-हथियार से किये गये हमले अनुसंधान में सच साबित हुये। लेकिन, लूटपाट का मामला फर्जी निकला। मारपीट की आड़ में 2.80 लाख रुपये की सरकारी राशि की गबन के आरोप में मैनेजर राहुल प्रसाद समेत कर्मचारी बादल सिंह व प्रकाश सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीनों पर रातू थाने में शाहिल गुप्ता, रवि सिंह व राजा समेत 10-15 अन्य के खिलाफ लूटपाट की फर्जी प्राथमिकी दर्ज करा कर पुलिस को गुमराह करने का आरोप है।


पुलिस के हत्थे चढ़े राहुल, बादल और प्रकाश।

### जानें क्या है मामला

राहुल, बादल और प्रकाश ने एक षड्यंत्र के तहत मारपीट को लूटपाट का घटना बताकर थाने में कांड संख्या 111/25 दर्ज कराया। ताकि, सरकारी धन राशि का बंदरबांट किया जा सके। राहुल प्रसाद पलामू जिले के पाटन सिरमा, वर्तमान में पिर्रा अस्थापुरम, बादल कुमार, विकास नगर पिस्का मोड़, सुखदेव नगर व प्रकाश सिंह उर्फ गोलू, लक्ष्मी नगर पिस्का मोड़, सुखदेव नगर का रहने वाला है।

### गबन की राशि बरामद

मारपीट के बाद तीनों ने दिनभर का सेल के 2 लाख 80 हजार रुपये को बैग में रख समीप के चाऊमीन दुकानदार विवेक कुमार को दारू है कहकर रखने के लिये दे दिया। वह 9 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। रात के 11 बजे उसे फोन कर जबरन दुकान खोलवाया। उसमें रखे रुपये लेकर तीनों रिंग रोड की ओर चले गये और बंटवारा कर लिया। इसमें राहुल 1.20 लाख रखा। जबकि, बादल और प्रकाश को 80-80 हजार मिले। पुलिस ने गबन की राशि को बरामद कर लिया है।

मंईयां योजना राशि नही मिलने से परेशांन महिलाओं में नाराजगी

# मुख्यालय में लग रही महिलाओं की लंबी लाइन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मंईयां सम्मान योजना राशि के लिए कई महिलाएं परशान होकर प्रखंड मुख्यालय का चक्कर काट रही हैं। शुरू में जिन्हे योजना का लाभ मिला, और अब उनके खाते में राशि नही पहुंचे, जिससे महिलाएं काफी ने परेशान हैं, और सरकार के प्रति नाराजगी जता रहे हैं। बताया गया कि ओरमांझी प्रखंड की लगभग 23 हजार महिलाओं को पूर्व में मंईयां सम्मान योजना का राशि मिल चूका हैं, और इस बार 14985 महिलाओं को ही योजना का लाभ मिला है। जिन्हे योजना का लाभ नही मिला वे परेशान हो, मुख्यालय व बैंक पहुंच रही है। जिसके कारण महिलाओं की भीड़ व लंबी लाइन देखी जा रही है। ज्यादातर महिलाएं इस बात से भी परेशान है कि क्षेत्र की कई महिलाओं को तीन माह का एक साथ 7500 रूपया खाते में आए गए हैं। उनके खाते में अभी तक योजना राशि नही पहुंचा है। मुख्यालय व बैंकों का चक्कर लगाने वाली महिलाओं का कहना है कि योजना राशि उन्हें मिलेगी या नहीं यह भी स्पष्ट रूप से जानाकरी नही मिल पा रही है। किसी कारण से नाम कट गया हो तो दोबार योजना से जुड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। वहीं बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने कहा प्रखंड से किसी भी लाभुक का नाम काटा नही गया है। सरकार द्वारा जैसे-जैसे राशि भेजी जा रही, खाते में रूपए जा रहे हैं। बताया गया कि सरकार द्वारा सत्यापन का भी कार्य की जा रही है। सरकार द्वारा पूर्व में ही निर्देशित किया गया था कि योजना का लाभुका का आधार बैंक में लिंक होना जरूरी है। दिसंबर 2024 के बाद बैंक में आधर लिंक रहने के बाद ही पैसे खाते में जाएगें। कई महिलाओं को का बैंक में आधार लिंक नही होने से भी पैसे खाते में नही गए हैं। वहीं सरकारी स्तर से वैसी महिलाओं का योजना से नाम काटने का कार्य किया जा रहा है। जिनका पीएफ कटता है, जिसके परिवार में सरकारी नौकरी व आयकर जमा करते हैं। हलकि कई महिलाएं चुनाव समय इस प्रकार का जानाकरी नही देने की शिकायत कर रहे थें।


मुख्यालय में लगी महिलाओं की लंबी लाइन।

### मंईयां सम्मान राशि को लेकर महिलाएं लगा रहीं बैंक का चक्कर

**बेड़ो।** प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो महिलायें यूको बैंक,बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय स्टेट बैंक खुलने से पहले ही सुबह से ही मंईयां सम्मान योजना की राशि तथा केवाइसी हटाने को लेकर प्रति दिन बैंक के चक्कर लगा रही हैं. मगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है. जिस कारण उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है. महिलाओं का कहना है कि बैंक खाता का केवाइसी कराने के लिए कई दिनों से बैंक का चक्कर लगा रही हैं।

## खबर एक नजर में

### युवक का मिला शव,हत्या की आशंका

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सुरसू में पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की पहचान 20 वर्षीय अनिल प्रजापति पिता मोतीलाल प्रजापति के रूप में की गई है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मान रही है। घटना के संबंध में बताया गया कि अनिल बुधवार की रात करीब आठ बजे घर में बगैर किसी को बताए घर से बाहर निकला था। बगल मे एक शादी समारोह भी थी। सुबह जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजन उसे ढूंढने निकले, इधर गुरुवार को दिन के करीब एक बजे ग्रामीणों ने अनिल के शव को चेक डैम के समीप खेत के आर में देखा। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। उसके शव के आधे भाग को मिट्टी में दबा दिया गया था। मृतक के नाक से खून निकलने के निशान थे। शव मिट्टी से सना हुआ था। इधर घटना की सूचना मिलने पर सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम और सनीफर डॉग को बुलाया गया है। खबर लिखे जाने तक फोरेंसिक की टीम घटनास्थल पहुंच गई थी। थानेदार ने बताया कि मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### वृंदावन कॉलोनी में नकद और जेवरात की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के रवि स्टील चौक स्थित वृंदावन कॉलोनी रोड नंबर-4 में अपराधियों ने 19 मार्च को दिन के करीब 1 बजे अजय रंजन कुमार के बंद घर को निशाना बनाया और गोदरेज का ताला तोड़कर 45 हजार नकद और 2 सोने का चैन, 3 अंगूठी, 2 सेट कान का झुमका, 2 नथिया समेत 5 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। वह जरूरी काम से तिलता चौक गये थे। रात 9 बजे लौटे, तो घर का ताला टूटा था। कमरे में समान बिखरे पड़े थे। अलमारी से रुपये और जेवरात गायब पाकर उनके होश उड़ गये। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना स्थल का कॉल डंप भी कराया जायेगा।

### प्रमुख ओर उप प्रमुख ने किया गोदाम का निरीक्षण

**सोनाहातू।** प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी ओर उप प्रमुख सबिता देवी ने गुरुवार को सोनाहातू प्रखंड स्थित खाद्य आपूर्ति विभाग के गोदाम के निरीक्षण किए। इस दौरान इन्होंने वितरण व्यवस्था की जानकारी लिया। गोदाम प्रबंधक को वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, स्वच्छ खाद्यान्न देने, वजन में अनाज देने, समय पर डिलीवरी कराने को लेकर निर्देश दिये। मौके ओर उप प्रमुख के प्रतिनिधि निशिकांत गोंझू आदि मौजूद थे। इस क्रम में प्रमुख ओर उप प्रमुख ने बीआरसी कार्यालय में संचालित आधार अपडेट केंद्र का भी निरीक्षण किया। आधार अपडेट केंद्र में होने वाली शिकायत को दूर करने का निर्देश दिये।

### नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव सह मेला का आयोजन को लेकर बैठक



**खलारी।** नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव मनाने को लेकर नौ स्वतंत्रता सेनानी भवन में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवशंकर टाना भगत व संचालन मुखदेव गोप ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी स्मृति महोत्सव-सह-मेला का आयोजन बड़े धूम-धाम से किया जाएगा। स्मृति महोत्सव सह-मेला के सफल संचालन हेतु एक समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक रंका टाना भगत, सुशील कुमार तिवारी, संगीता देवी (पंसस), सुनिता खलखो (डुमारो मुखिया), प्रतिमा देवी जीप सदस्य, भोला टाना भगत, सोहराई टाना भगत, अध्यक्ष शिवशंकर टाना भगत, उपाध्यक्ष बिरसा टाना भगत, उपाध्यक्ष विद्यानन्द सिंह, करण लोहरा, महासचिव-मुखदेव गोप, सचिव सुरेश टाना भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा टाना भगत,संगठन सचिव कार्तिक टाना भगत, उपसचिव तेतरा लोहरा अन्य को बनाया गया।

### रातू : संडे मार्केट में नकद और जेवरात की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट निवासी सुनील प्रसाद सिंह पुत्र से मिलने 25 फरवरी को बंगलौर गये थे। 18 मार्च की रात 10 बजे घर लौटे, तो दरवाजे का ताला टूटा था। कमरे के अंदर अलमारी में रखे 5 हजार नकद तथा सोने का मंगल सूत्र, चेन, जितिया व 5 पीस चांदी के सिक्के गायब थे। मामले को लेकर श्री सिंह ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### श्री श्री बजरंगबली मंदिर के महायज्ञ में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**अनगड़ा।** श्री श्री 1008 बजरंगबली मंदिर शासनबेड़ा में गुरुवार को तीन दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ। 251 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारम्भ किया। महिलाओं ने नदी से कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पर स्थापित किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि यज्ञ हमारे मन,जीवन और आत्मा को शुद्ध करता है। ईश्वर की साधना और अध्यातम मानव जीवन को मुक्ति मार्ग की ओर ले जाता है। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संदीप महतो ने बताया कि शुक्रवार को अखंड हरिकीर्तन व शनिवार को भंडारा और जगराता के साथ इस महायज्ञ का समापन हो जाएगा। मौके पर सचिव जगन्नाथ महतो, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो सहित अन्य ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल हुए।

# शरारती तत्वों ने घघारी जंगल में लगाई आग, पेड़ पौधे जलकर नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत अंतर्गत सरसा घघारी जंगल में शरारती तत्वों ने जंगल में आग लगा दी। जंगल में गिरे साल वृक्ष के सूखे पत्तों के साथ साथ हरे भरे छोटे-छोटे पौधे, सखुआ के कई पेड़ आंशिक या पूर्ण रूप से जल गए। जंगल में लगी आग जंगल के घनत्व में कमी आने के कारण भयावह रूप ले रही है। आग के लपेटे से जंगल का अधिकांश हिस्सा जल गया। हरे भरे पौधों के साथ-साथ सैकड़ों प्रकार के कीड़े मकोड़े और जीव जंतु जंगल में आग के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए। देर रात तक आग की लपटें पूरे जंगल को चपेट में ले रही थी। शाम तक वन विभाग के किसी पदाधिकारी या कर्मचारी ने आग बुझाने का प्रयास नहीं किया। इस संबंध में पूछे जाने पर स्थानीय मुखिया फुलमनी देवी ने कहा कि किसने आग लगाया यह अब तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन इस तरह का कुकृत्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले को कल देखेंगे। वहीं दूसरी ओर समाजसेवी उमाशंकर साहु ने जंगल में आग लगाने की घटना को लेकर इसकी कड़ी भर्त्सना और निंदा की है। उन्होंने कहा कि एक ओर लोग इसी जंगल को बचाने को लेकर रक्षा सूत्र बांधते हैं और दूसरी और जंगल में आग भी लगा देते हैं। इस संबंध में वन विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से जंगल का इसी तरह विनाश होता रहेगा। वन विभाग वाले जंगलों के बीच सड़क के चौड़ीकरण के खिलाफ खड़ा हो जाते हैं जबकि उसमें एक भी पेड़ नहीं कटेगा। लेकिन दूसरी ओर हजारों पेड़ और हरे-भरे पौधे जंगल में आग के कारण नष्ट हो रहे हैं इस संबंध में चुप्पी साध लेते हैं यह चिंता का विषय है।


सरसा घघारी जंगल में लगी आग, हजारों पौधे नष्ट।

# चामा चंडीस्थान चैती दुर्गा पूजा कमिटी का गठन



- अध्यक्ष आनन्द भगत छोटु एवं सचिव पप्पू यादव बने

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** चामा चण्डीस्थान में चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस बार भी धुमधाम से चैत्र दुर्गा पूजा मनाने क निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से पूजा कमिटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक तुलसी भगत, दिलीप साहु, गणेश लोहरा, अनिल गुप्ता, मुकेश यादव, उदय सिंह, रविन्द्र यादव, सुनील साव, सुजीत मुंडा, प्रदीप उरांव, परमेश्वर गंझू, प्रताप यादव, अध्यक्ष आनन्द भगत छोटु, उपाध्यक्ष सहदेव उरांव, राहुल लोहरा, सचिव पप्पू यादव, सह सचिव टिंकु गंझू, आकाश मुंडा, कार्तिक यादव, कोषाध्यक्ष विकास भगत, सह कोषाध्यक्ष बहादूर मुंडा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अमित उरांव, कार्तिक यादव, सचिन उरांव, अंकित भगत, विशाल उरांव, रोशन लोहरा, नन्दलाल लोहरा, प्रमोद लोहरा, महादेव उरांव आदि को शामिल किया गया है।

# चुरी भूमिगत खदान अधिग्रहण पर नौकरी देने से पहले मूल रैयतों को सूचना देने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया के एकमात्र भूमिगत चुरी परियोजना का पुनः अधिग्रहण का पार्ट 2 किया गया। पार्ट 2 का अधिग्रहण को लेकर पहान टोंगरी, जोबिया, सखुवाटोला के ग्रामीणों ने चुरी भुमिगत परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार को ज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों ने माँग किया। रैयतों ने परियोजना पदाधिकारी से मांग किया कि बेंती 2 भूमी अधिग्रहण में रैयती, गरमजुरवा खास, जंगल झाड़ी जमीन से संबंधित कोई कार्य करता हैं या कोई भी व्यक्ति सी.सी.एल नौकरी का फार्म भरता हैं तो प्रबंधन पहानटोंगरी जोबिया, सखुवाटोला के मूल रैयत ग्रामीणों को शीघ्र सुचना दे। रैयतों ने पीओ को चेतावनी लहजे में भी ज्ञापन में लिखा कि अगर पार्ट 2 अधिग्रहण पर पहल नहीं किया गया तो मूल रैयत आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा और इसका पूरा जिमेवार प्रबंधन होगा। मौके पर बालेश्वर गंझू, नरेश गंझू, मनोज गंझू, नरेश कुमार गंझू, महेंद्र गंझू, राजेन्द्र गंझू, नागेश्वर गंझू, राजकुमार गंझू, आनंद गंझू, मनोज कुमार, राहुल गंझू, सुरेश गंझू, भीम गंझू, राही भोगता, राकेश गंझू, रतिया गंझू, हरिश्चन्द्र गंझू, सिकेन्द्र गाँझ, जगदीश गंझू, जोगेंद्र गंझू, देवा गंझू, कुंदन गंझू, पिंटू गंझू, सुनील गंझू, जगदीश भोगता, जुगेश्वर गंझू, तुलसी गंझू, भीखन गंझू, रामकुमार गंझू, अभिनाश गंझू, विक्रम गंझू, बितन गंझू, मोहन गंझू, बासुदेव गंझू, मुकेश गंझू सहित अन्य मौजूद थे।



### श्री श्री श्याम चांद मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ



**तमाड़।** प्रखंड के नीचेटोली स्थित श्री श्री श्याम चांद मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हो गया है। इस भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान की शुरूआत गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे ग्राम में भक्तिमय माहौल बना रहा, और हर ओर भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंज उठी। संकीर्तन का आयोजन 21 मार्च से 23 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें निरंतर हरिनाम संकीर्तन होगा। इस दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन और संकीर्तन के माध्यम से ईश्वर के नाम का गुणगान करेंगे। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से भी भक्तों के आने की संभावना है। भक्तगण इस अवसर पर भक्ति भाव से सराबोर होकर संकीर्तन में भाग ले सकते हैं।

### घर का ताला तोड कर लाखों की चोरी

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के लोधमा मोड़ पर स्थित आलम अंसारी के बंद घर का ताला तोड कर चोरों ने लगभग 02 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर और 40 हजार रुपए नगद राशि की चोरी कर ली। इस संबंध में आलम अंसारी ने नगड़ी थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में घर के मालिक आलम अंसारी ने बताया कि वे गत 15 मार्च को घर में ताला बंद कर अपने ससुराल गुमला के चैनपुर परिवार के साथ गया था। जब वापस गुरुवार को लौटे तो देखा घर का ताला टुटा हुआ है और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर में रखे सभी सोने चांदी के जेवर और पैसे गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय वहां पहुंचे और घर का निरीक्षण किया।

# समर्पणदीप बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं का शैक्षणिक भ्रमण

दिल्ली, जोधपुर, जैसलमेर और उदयपुर जायेगी टीम


प्राचार्य के साथ टीम में शामिल छात्र-छात्रायें।

- साथ में हैं प्राचार्य डॉ महतो
- टीम में शामिल हैं कई शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज का सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं का शैक्षणिक भ्रमण गुरुवार से शुरू हो गया। इसकी अगुआई प्राचार्य डॉ दशरथ महतो कर रहे हैं। उनके साथ सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद भगत, डॉ शशि कुमारी तिर्की, शैलेश कुमार दास, अनिल साहू और कन्हाई महतो भी हैं। टीम दिल्ली के अलावा जोधपुर, जैसलमेर व उदयपुर जायेगी।

**निभा रहे हैं भूमिका:** चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह व शैलेन्द्र सिंह समेत वासिफ शाह, अच्युतानंद मिश्र, डॉ कुमारी कुसुम लता, डॉ नमिता साहू, अंकित कुमार, अंकिता कुमारी, दिनेश महतो व शिवराज भगत आदि।


**Jhumri Telaiya Nagar Parishad**
**Near Bazar Samiti, Koderma Block,**
**Distt. Koderma, Jharkhand**

Reference No.- ULB/NIT/JHUMRI-TELAIYA SEPTAGE/TENDER/1910/2025/ Date:- 20-03-2025

Tender Notice (5th Call)

IMPORTANT INFORMATION

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 30 m3/day at Jhumri Telaiya (Jharkhand) and Operation and Maintenance for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 4,60,47,370 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,83,39,514 Total:- ₹ 6,43,86,884 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 6,44,000/- (Rupees Six Lakhs Forty Three Thousands Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 27-03-2025, 17:00 Hrs |
| 7 | Document downloading start Date | 27-03-2025, 17:00 Hrs |
| 8 | Start date for seeking clarification | 27-03-2025, 17:00 Hrs |
| 9 | End date for seeking clarification | 09-04-2025, 17:00 Hrs |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 04-04-2025, 14:00 Hrs at Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Parishad, Jhumri Telaiya Jharkhand – 825409. |
| 11 | Bid submission end date | 09-04-2025, 17:00 Hrs |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 09-04-2025, 17:00 Hrs |
| 13 | Bid opening date (online) | 11-04-2025, 17:30 Hrs |

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in Other details can be seen in the bidding documents.

*Bid security 1% of Bid amount.

PR 348878 Urban Development(24-25).D

Administrator
Jhumri Telaiya Nagar Parishad



झारखण्ड सरकार
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची – 834008
दूरभाष–0651–2551824, E-mail- tri.directorate@gmail.com/ dir-triran@gov.in

पत्रांक–401 राँची, दिनांक:–20.03.2025

**निविदा सूचना**

डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची द्वारा इस वर्ष सरहुल पर्व के अवसर पर झारखण्ड के जनजातीय समुदायों के द्वारा की जाने वाली पूजा पद्धति एवं जतरा का फोटोग्राफी एवं वृतचित्र (Documentary) बनाया जाना है।

तदालोक में पेशेवर वृतचित्र निर्माताओं से "इच्छा की अभिव्यक्ति" आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/एजेंसियों द्वारा इस कार्य हेतु सात दिनों के अंदर कार्यालय अवधि में संस्थान को बंद लिफाफे में कोटेशन उपलब्ध कराया जाए।

PR 348849 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(24-25)#D

ह0/–
निदेशक


# धनुष यज्ञ भगवान श्रीराम के उदेश्यों का प्रतीक थी

ओरमांझी में श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ का चैथा दिन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** गौशाला धाम में हुटुप ओरमांझी में आयोजित श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ के चैथे दिन कथावाचिका संगीता किशोरी ने धनुष यज्ञ का प्रसंग सुनाते हुए कहा श्रीराम द्वारा भगवान षिव की धनुष को तोड़ते की पता चल गया था, कि धरमी पर अवतरित कोई साधारण राजकुमार नही, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और सबसे योग्य पुरूषोतम श्रीराम हैं। जिसने राक्षसों व असुरों का नास करने धरती पर अवतरित हुए हैं। धनुष यज्ञ श्रीराम के महान उद्देश्य का प्रतीक बताया, और धनुष यज्ञ के महत्व समझते हुए कहा धनुष यज्ञ सिर्फ शारीरिक शक्ति की चुनौतियां नहीं, सत्य, धर्म व श्रेष्टता का प्रतीक भी थी। कहा भगवान श्रीराम के जीवन में भी कई मोड़ आए थें। धनुष यज्ञ उनकी जीवन का प्रमुख व निर्णायक क्षण था, जिसमें श्रीराम के रूप में स्वीकारता मिली थी। वहीं श्रीराम कथा को जीवंत रूप में देने के लिए झांकी प्रस्तुत किया गया। झांकी के माध्यम से राजा जनक के दरबार का मंचन किया गया। श्रीराम कथा का रसपान करने पहुंचे श्रद्धालु व ग्रामीण श्रीराम के प्रति श्रद्धा भावना से अभिभूत दिखें। वहीं कथावाचिका संगीता किशोरी ने लोगों को श्रीराम के आदर्श मार्ग पर चलने व आदर्शों को जीवन में उतारें अपने आंतरिक बल को जागृत करें। रात्रि में पुष्प तोड़ने से मना करते हुए कहा नवरात्रा में लोग भोर होने से पूर्व चुपके से पुष्प तोड़ लाते हैं। ऐसा पुष्प माता स्वीकार नही करेगी, जो बिना पुछे व सुर्योदय से पूर्व पुष्प तोड़ लाते हैं। उन्होने कहा सत्य, धर्म में चलने वालों की किसी भी परिस्थिति में हार नही होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश कबरा, दिनेश कबरा, गोवर्धन भला, उदय शर्मा, अशोक प्रधान, राकेश भला, निकिता भाला, शत्रुघ्न गुप्ता, शेखपुरा से पहुंचे लोगों के साथ आसपास गांव से काफी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थें।


श्रीराम कथा का सुन श्रद्धा से भावविभोर महिलाएं।


धनुष यज्ञ का प्रसंग सुनाती संगीता किशोरी।


कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)
अति अल्पकालीन
द्वितीय डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–15/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में (दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक– 28.03.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025–26 लिए | जमानत की राषि 10 प्रतिषत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 330660.00 | 33100.00 | दिनांक–28.03.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 348825 Urban Development(24-25)D

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

# नागपुर में हिंसा के मायने

आरएसएस के मुख्यालय होने के साथ ही नागपुर महाराष्ट्र का महत्वपूर्ण शहर है। सीएम देवेन्द्र और सड़क मंत्रालय के चर्चित मंत्री नीतिन गडकरी भी इसी शहर से विधायक और सांसद हैं। आजाद भारत में महाराष्ट्र के नागपुर शहर में पहली बार सांप्रदायिक हिंसा की घटना हुई है। सौ साल पहले 1923 में तत्कालीन सी पी एंड बरार की राजधानी नागपुर में हिंदू-मुस्लिम झगड़े हुए थे, 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यहां स्थापना हुई, मुख्यालय बना और उसके बाद 1927 में फिर यह शहर सांप्रदायिक हिंसा की चपेट में आया था। लेकिन आजादी के बाद नागपुर में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रहा। जब नागपुर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस प्रशासन सतर्क क्यों नहीं हुआ। क्या इस महकमे को अहसास नहीं था कि इस तरह की घटनाएं अक्सर किस अंजाम को पहुंचती हैं। फिलहाल एक अहम मुद्दे पर विचार करना जरूरी है कि हिंदूवादी संगठनों को यकायक औरंगजेब की कब्र हटाने का जुनून कैसे सवार हो गया है और इसके लिए कारसेवा का आह्वान कर बाबरी मस्जिद तोड़ने की घटना किस प्रयोजन से याद दिलाई जा रही है? ऐसा नहीं है कि औरंगजेब की आलोचना पहली बार हुई हो। इतिहास के पन्नों में औरंगजेब को एक क्रूर शासक माना गया है। लेकिन उस क्रूरता को वर्तमान में हिंसा और नफरत कायम करने की मूर्खता अभी की जा रही है। हाल ही में विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा के आने के बाद औरंगजेब पर विवाद और गहराया। इस फिल्म में शिवाजी के बेटे संभाजी की वीरता को दिखाना उद्देश्य था, लेकिन धर्म के उन्माद में डूबी जनता ने इसमें औरंगजेब के क्रूर चरित्र पर ज्यादा गौर फरमाया। क्या देश को इस प्रकार के मसलों में उलझाकर विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है?

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह


स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सुनहरा लम्हा: धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स





- डॉ सत्यभान

> सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं।

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक आईएसएस पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिससे सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया जा सका। वापसी के बाद दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है।

यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स व उनके सहयोगी की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी।

सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। इसरो (आईएसआरओ) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों व युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती है और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी।

सुनीता विलियम्स की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई देते हुए उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### नफरती मंसूबे

हाल ही में अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित स्वामीनाथन मंदिर पर हमले के साथ अपवित्रता की घटना भी हुई। इसके अलावा, विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले पर ब्रिटेन में हमले और नारेबाजी के साथ उच्चायुक्त भवन से तिरंगा निकालने की घटना से मयार्दाएं टूट रही हैं। संपादकीय ह्यनफरती मंसूबेह्न में उल्लेख है कि इन अलगाववादियों को वहां की सरकारें संरक्षण देकर कार्यवाही नहीं कर रही हैं, जिससे इनके हौसले बुलंद हो रहे हैं। इन घटनाओं की अनदेखी कदापि नहीं की जानी चाहिए और पश्चिमी देशों को अपनी मयार्दा में ही रहना चाहिए।

बीएल शर्मा, जमशेदपुर

### चौकसी पर सवाल

अमृतसर के ठाकुरद्वारा मंदिर में ग्रेनेड हमलाह्न में पंजाब में शांति भंग करने की साजिश का खुलासा किया गया है। रात के समय दो मोटरसाइकिल सवारों द्वारा ग्रेनेड फेंकने से प्रशासन की चौकसी पर सवाल उठते हैं। पिछले चार महीनों में पंजाब में यह 13वां ग्रेनेड हमला है। पाकिस्तान, नशीले पदार्थों की तस्करी और धार्मिक स्थानों पर हमले के जरिए पंजाब की शांति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री को इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## X ट्वीट

**बंशीधर** महोत्सव को राजकीय महोत्सव बनाया गया है। इसी तरह पलामू प्रमंडल के आदिवासी भाइयों-बहनों के ऐतिहासिक दुबियाखाड़ मेला को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया गया है। विगत 5 साल में जो गति विकास को दिया गया है वह गति 100 गुना बढ़ाने का मैं वादा करता हूं।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# प्लेसमेंट व पैकेज की समस्या से जूझते पूरी दुनिया के युवा

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

सामयिक

पढ़े-लिखे युवाओं के लिए रोजगार की अनुपलब्धता किसी एक देश की समस्या ना होकर वैश्विक बन गई है। हालात यह है कि दुनिया के श्रेष्ठतम अध्ययन केन्द्रों से पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। यह वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेन्सिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए किए युवाओं को पासआउट होने के तीन माह बाद तक नौकरी की पेशकश नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर किए गए अध्ययन में इसका खुलासा किया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब-करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था, वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थनों में कहीं-कहीं तो छह गुणा तक की यह बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टैण्डर्ड निर्विवाद रूप से विश्व भर में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है, उनकी यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिश्योक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

सवाल केवल प्लेसमेंट तक सीमित नहीं है अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल, कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गए हैं। यदि हम भारत की ही बात करें तो देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था तो वह 2024 आते-आते 27 लाख पर आ गया है। यह सब देश-दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य व मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी ओर घरबार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक और पिकोक कल्चर, हाईब्रीड सिस्टम और वर्क फ्रॉम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है तो दूसरी और कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। हालांकि हार्वर्ड, शिकागो आदि के शिक्षा के स्तर को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता पर तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि हार्वर्ड, शिकागो या इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं में अध्ययन करने वाले कितने युवा होते हैं जिनमें इन संस्थाओं के अध्ययन का खर्च उठाने की क्षमता होती है। जब इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं से अध्ययन प्राप्त कर निकले युवाओं के सामने ही प्लेसमेंट या पैकेज का संकट आ रहा है तो अन्य संस्थानों से अध्ययन प्राप्त युवाओं की स्थिति क्या होगी, यह स्वयं में सोचनीय है।

जहां तक हमारे देश की बात की जाए तो यह साफ है कि हमारे यहां एक तरह से अंधी दौड़ चलती है। एक समय था जब कुकुरमुत्ते की तरह प्रबंधन संस्थान खुले और आज हालात यह है कि निजी क्षेत्र में खुले इस तरह के संस्थानों को क्षमता के अनुसार विद्यार्थी ही नहीं मिल रहे हैं। लगभग यही स्थिति इंजीनियरिंग कॉलेजों की होती जा रही है। गली-गली में फामेर्सी संस्थान खुलते जा रहे हैं।

सौ टके का सवाल यह है कि अध्ययन संस्थान खोलने की अनुमति के साथ ही अध्ययन का स्तर भी बनाये रखने के लिए फैकल्टी को लेकर भी मान्यता देते समय सरकार को गंभीर होना होगा। जब तक स्तरीय अध्ययन उपलब्ध नहीं होगा तब तक हम पासआउट तो करते रहेंगे पर प्लेसमेंट या अच्छे पैकेज की उम्मीद बेमानी है। सरकार को शिकागो, हार्वर्ड कोलंबिया, पेन्सिलवेनिया या इसी तरह के संस्थानों से पासआउट छात्रों के साथ जो हालात बन रहे हैं, उससे समय रहते सबक लेना होगा और अन्य संस्थानों में भी शिक्षण व शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी।

# ईएफटी: आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य बढ़ाने की प्रभावी तकनीक

**अदिति भसीन**

मोटिवेशन



आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। यह अहसास कि हम जैसे हैं, वैसे ही पर्याप्त हैं, आत्म-विश्वास और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है। लेकिन समाज की अपेक्षाएँ, बचपन के अनुभव, और असफलताओं की वजह से लोग अक्सर खुद को कमतर आंकते हैं। इस स्थिति में इमोशनल फ्रीडम टेक्नीक (एत्रछ्व) एक प्रभावी समाधान साबित हो सकता है, जो व्यक्ति को खुद को स्वीकार करने और आत्म-मूल्य बढ़ाने में मदद करता है।

ईएफटी एक समग्र चिकित्सा तकनीक है जिसमें शरीर के कुछ विशेष बिंदुओं पर हल्की थपकी (टैपिंग) दी जाती है। यह तकनीक पारंपरिक चीनी चिकित्सा के मेरिडियन पॉइंट्स और आधुनिक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण का संयोजन है। यह पद्धति तनाव, आत्म-संदेह, और भावनात्मक आघात को कम करने में सहायक होती है, जिससे व्यक्ति अपने भीतर छिपी नकारात्मक धारणाओं को छोड़ पाता है।

आत्म-स्वीकृति तब आती है जब व्यक्ति अपनी खामियों और कमजोरियों को स्वीकार करता है, बिना यह सोचे कि उसे दूसरों के अनुसार बदलना चाहिए। जब कोई व्यक्ति खुद को पूरी तरह स्वीकार कर लेता है, तो वह बाहरी मान्यताओं और आलोचनाओं से प्रभावित नहीं होता। ईएफटी व्यक्ति को नकारात्मक भावनाओं और सीमित करने वाले विश्वासों से मुक्त करता है, जिससे वे खुद को वैसे स्वीकार कर सकते हैं जैसे वे हैं। जब व्यक्ति बिना किसी शर्त के खुद को स्वीकार करता है, तो आत्म-संदेह कम हो जाता है और आत्म-विश्वास बढ़ता है।

ईएफटी अवचेतन मन में गहराई से जमी हुई नकारात्मक धारणाओं को बदलकर आत्म-मूल्य को मजबूत करता है। जब कोई व्यक्ति यह महसूस करता है कि वह योग्य है और उसकी भावनाएँ महत्वपूर्ण हैं, तो उसका आत्म-मूल्य बढ़ता है। यह विधि उन विचारों को मिटाने में मदद करती है जो व्यक्ति को यह महसूस कराते हैं कि वह पर्याप्त नहीं है या किसी योग्य नहीं है। इससे व्यक्ति खुद को स्वीकार कर पाता है और अपने जीवन में अधिक आत्म-विश्वास के साथ आगे बढ़ता है।

यह तकनीक केवल मानसिक रूप से नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से भी प्रभावी होती है। ईएफटी से तनाव और चिंता कम होते हैं, जिससे व्यक्ति अधिक संतुलित महसूस करता है। यह उसे आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य को गहराई से समझने और अपनाने का अवसर देता है। जब व्यक्ति इन सीमित करने वाले विश्वासों से मुक्त होता है, तो वह अपने करियर, रिश्तों और जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर निर्णय ले पाता है।

ईएफटी सिर्फ एक उपचार तकनीक नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो व्यक्ति को खुद से जुड़ने, खुद को स्वीकार करने और आत्म-मूल्य बढ़ाने की शक्ति देती है। यदि इसे नियमित रूप से अपनाया जाए, तो व्यक्ति अपने भीतर की शांति और आत्म-विश्वास को महसूस कर सकता है। जब कोई व्यक्ति खुद को पूरी तरह स्वीकार कर लेता है, तो वह बिना किसी डर या अपराधबोध के अपने जीवन को संवारने की क्षमता रखता है। आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य को बढ़ाने के लिए ईएफटी को अपनाना मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुलित जीवन जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

**(लेखिका मनोविज्ञानी हैं।)**




**राजधानी रांची में पान मसाले पर रोक लगा दी गयी है। सरकार ने युवाओं के हेल्थ का ख्याल रखकर ऐसा किया है लेकिन इनके विज्ञापन युवाओं को पहली पसंद बता रहें है। तस्वीरः अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रामनवमी को ले शीतला मंदिर में बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामनवमी को लेकर पटेलनगर पंचायत के सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में गुरुवार को पटेलनगर वासियों और नवयुवकों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पटेलनगर से रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा। बैठक में शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सबों का जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में विक्की सिंह, मनीष वर्मा, मिंटू पटेल, संतोष मिश्रा, राजन सिंह, राजेश गोस्वामी, देव, शंकर मंडल, पुनीत सिंह, अनीश वर्मा, शक्ति श्रीवास्तव, आलोक सिंह, मनदीप सिन्हा, कुंदन महतो, नवीन ठाकुर, किशोर राणा, राजकुमार यादव, रोहित भारती, रवि ठाकुर आदि मौजूद थे।

### मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम



रामगढ़। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण सह-नोडल पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी के संयुक्त नेतृत्व में जिला के कैन्ट मध्य विद्यालय नईसराय एवं राज्यकीय मध्य विद्यालय प्रखण्ड मुख्यालय रामगढ़ के साथ सदर अस्पताल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में दन्त चिकित्सक डॉ नितेश कुमार, डॉ० सत्यप्रकाश द्वारा बच्चों को ब्रश करना सिखलाया गया। साथ ही साथ मुंह को कैसे साफ रखने से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद सिविल सर्जन रामगढ़ एवं डॉ० तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण सह- नोडल पदाधिकारी द्वारा बच्चों के बीच ओरल किट वितरण किया गया। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस में आमजनो एवं स्वास्थ्य कर्मियों के बीच मुँह के रोगो को रोकने, नियंत्रित करने, मुंह के कैंसर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ० अजय चौधरी, डॉ मधुरिमा प्रसाद, डॉ० पल्लवी कौशल, विजय कुमार दीपिमा, आमोद कुमार डीपीए एंड डीपीएमयू यूनिट, प्रदीप दास एफएलसी मौजूद थे।

### नेहा तिर्की से मिला सरहुल समिति



भुरकुंडा (रामगढ़)। सरहुल को लेकर केन्द्रीय सरहुल समिति भुरकुंडा कोयलांचल ने गुरुवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को आमंत्रण-पत्र देकर सरहुल में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। मालूम हो कि 2 अप्रैल को सरहुल के अवसर पर भुरकुंडा थाना मैदान में भव्य शोभा यात्रा व झांकी मिलान कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। शोभा यात्रा सयाल मोड़, पटेलनगर, बिरसा चौक, मतकमा चौक, जनता टॉकी, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए थाना मैदान पहुंचेगा।

### डीडीसी ने अबुआ आवास का किया निरीक्षण



कुजू। मांडू प्रखंड के छोटकी डुंडी पंचायत का रामगढ़ डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार के निर्माणाधीन दो अबुआ आवास और मनरेगा के तहत बन रहे तीन कुंए का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने साफतौर पर कहा कि समय अवधि के भीतर कार्य को पूरा करें। साथ ही यह ध्यान रहे कि इसमें किसी तरह की कोई अनियमितता नहीं हो। अन्यथा मजबूरन उनके विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी। निरीक्षण में मांडू बीपीओ महेश महतो, रोजगार सेवक संजय कुमार दास शामिल थे।

### जतराटांड़ में महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन



कुजू। 10 अप्रैल से करमा उत्तरी पंचायत अंतर्गत ग्राम जतराटांड़ में श्री श्री 1008 हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर गुरुवार को पूजा अर्चना और कई धार्मिक अनुष्ठान के बीच भूमि पूजन किया गया। साथ ही महावीरी झंडे का ध्वजारोहण के साथ नगर भ्रमण का कार्य किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से करमा परियोजना से प्रतिनिधि के रूप में वीरेश कुमार, अजीत कुमार सिंह समेत पंचायत क्षेत्र के मुखिया, पंसस शामिल हुए। इस बीच यज्ञ समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए जाने के साथ उनका स्वागत किया गया। इससे पूर्व आचार्य नरेश पांडेय, रूपदेव पाण्डेय द्वारा यजमान बने मोहरलाल मुंडा सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। मौके पर मुखिया खागेश्वर महतो, शक्ति कुमार महतो, रामसेवक महतो, गुड्डू वर्मा, समिति के दशरथ मुंडा, धनेश्वर महतो, अशोक मुंडा, नरेश मुंडा, मोहरलाल महतो, महादेव मुंडा,सुभाष मुंडा, जितेंद्र महतो, बृजलाल महतो, संजय कुमार, संजय मुंडा, डोमन ठाकुर, मुंशी मुंडा, किन्नू राम, जीतन राम, विजय महतो, अनिल गुप्ता, नेवालाल कुमार, वकील साव, सुखदेव महतो आदि मौजूद थे।

### कुजू : श्री श्री रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने जय ओझा



कुजू। पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान में श्री श्री राम नवमी पूजा समिति डटमा मोड़ की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में पूजा के सफल संचालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से कमिटि का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बूच बाबा, उपाध्यक्ष फुदन मिश्रा, शंकर मेहता, आकाश सिंह, सचिव पप्पू ठाकुर, सह सचिव अजीत महतो, शशि शर्मा, संपत सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, सह कोषाध्यक्ष झब्बू चौबे का चयन किया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## सेंट स्टीफेंस चर्च विवाद

# आस्था पर प्रशासनिक हस्तक्षेप या सत्ता का नया खेल

### प्रशासनिक कार्रवाई से ईसाई समुदाय में आक्रोश

▶▶ कैंडल मार्च निकालकर विरोध, सीएम को बिशप ने लिखा पत्र

अभय कुमार सिंह



**हजारीबाग।** हजारीबाग का ऐतिहासिक सेंट स्टीफेंस चर्च, जो न केवल एक धार्मिक स्थल बल्कि शहर के इतिहास और संस्कृति का अहम हिस्सा है, आज विवादों के घेरे में है। प्रशासन द्वारा चर्च परिसर में की गई कार्रवाई से पूरा ईसाई समुदाय आक्रोशित है। ईसाई समुदाय का आरोप है कि यह मामला सिर्फ चर्च की 180 साल पुरानी संपत्ति का नहीं, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता, संवैधानिक अधिकारों और प्रशासनिक मनमानी का भी है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह सिर्फ एक जमीन विवाद है, या फिर इसके पीछे कोई बड़ी राजनीतिक या प्रशासनिक साजिश है?

बुधवार की रात, हजारीबाग की सड़कों पर हजारों की संख्या में मोमबत्तियों की रोशनी में लोग जुटे। पर यह रोशनी शांति का प्रतीक नहीं, बल्कि विरोध की ज्वाला थी। हाथों में जलती कैंडल्स और जुबान पर इंसाफ की मांग लिए, ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया, छोटानागपुर डायसिस के बिशप बी.बी. बास्के ने पत्र के माध्यम से इस मामले को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाया और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**प्रशासनिक कार्रवाई या धार्मिक भावनाओं पर चोट :** ईसाई समुदाय का कहना है कि 14 मार्च 2025 को प्रशासन ने चर्च परिसर में घुसकर धार्मिक प्रतीकों को हटाने और चर्च की जमीन को अतिक्रमित घोषित करने की कोशिश की। समुदाय का आरोप है कि प्रशासन चर्च की संपत्ति को जबरदस्ती कब्जाने का प्रयास कर रहा है और इस ऐतिहासिक स्थल पर पुलिस थाना बनाने की योजना है। बिशप बास्के ने इस घटना को धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया और इसे सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने की साजिश बताया।

**नेताओं की एंट्री से गरमाई सियासत :** जैसे ही मामला तूल पकड़ने लगा, राजनीतिक नेताओं की एंट्री भी हो गई। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और हजारीबाग के पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह मौके पर पहुंचे और खुलकर प्रशासन की आलोचना की। बंधु तिर्की ने कहा कि चर्च के प्रार्थना स्थल में घुसकर धार्मिक प्रतीकों को हटाना अस्वीकार्य है, और प्रशासन को स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहिए। सौरव नारायण सिंह ने चर्च की ऐतिहासिक विरासत और शिक्षा के क्षेत्र में उसके योगदान को याद दिलाते हुए कहा कि प्रशासन को चर्च की बॉउंड्री वॉल पुनर्निर्मित करनी चाहिए और थाना कहीं और बनाना चाहिए। यह विवाद सिर्फ हजारीबाग तक सीमित नहीं रहने वाला। ईसाई समुदाय इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देख रहा है, और बढ़ता जनाक्रोश सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। क्या यह मामला सिर्फ चर्च की जमीन तक सीमित रहेगा, या फिर यह राज्यव्यापी विरोध का रूप लेगा? क्या प्रशासन बैकफुट पर जाएगा, या अपने फैसले पर अडिग रहेगा? समुदाय के लोगों ने साफ कहा कि यह लड़ाई सिर्फ चर्च की दीवारों की नहीं, बल्कि धार्मिक अधिकारों और संवैधानिक स्वतंत्रता की भी है। आगे क्या होगा, यह तो आने वाले दिनों में ही साफ होगा। लेकिन एक बात तय है कि हजारीबाग से उठी यह चिंगारी अब शांत होने वाली नहीं है।



स्थल पर पहुंचे बंधु तिर्की व सौरव नारायण सिंह।

# परियोजनाओं में आ रही अड़चनों को करें दूर

### एफआरए, भू-अर्जन समेत समेत कई योजना की डीसी ने की समीक्षा

### सीसीएल, पीवीयूएनएल के कार्यों का जल्द हो निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ जिले में आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने की। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान डीसी ने कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके-उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों की जानकारी ली। उन्होंने सभी मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# 11 ओवरलोड वाहनों पर 2.55 लाख जुर्माना



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में ओवरलोड वाहनों पर नकेल कसने डीटीओ मनीषा वत्स गुरुवार को खुद सड़क पर उतरकर जांच अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियम पालन करने की कड़ी हिदायत दी। जिसके बाद कई ओवरलोड वाहनों का चलान कांटा। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ-साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जांच के दौरान भारी वाहनों सहित अन्य 15 से 20 बड़े वाहनों की जांच की गई। जिसमें 11 वाहनों में ओवर लोड एवं कागजात अधूरे पाए गए। उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माने की वसूली की गई। जिसमें लगभग कुल 2.55 लाख रुपया जुर्माना वसूल किया गया। डीटीओ मनीषा वत्स ने बताया कि जांच के दौरान 11 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होने के कारण लगभग 02 लाख, 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई।

### न्यू बिरसा कोल डिपो में नक्सलियों ने जेसीबी फूंका



रामगढ़/ उरीमारी। रामगढ़-हजारीबाग सीमावर्ती इलाके में नक्सलियों ने एक बार फिर तांडव मचाया है। न्यू बिरसा कोल डिपो में बुधवार की देर रात हथियार से लैस पहुंचे उग्रवादियों ने पहले पांच राउंड फायरिंग की। इस बीच कोल डिपो में लगे एक जेसीबी मशीन को जला दिया। वहीं दो जेसीबी मशीन सहित तीन हाइवा का शीशा तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में एक सीसीएल कर्मी संतोष मुंडा के पैर में गोली लगी है। थाना प्रभारी रामकुमार राम ने बताया कि घटनास्थल पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंचते ही उग्रवादी घटनास्थल से भाग निकले। इसके बाद आग बुझाया गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर रांची जिला हिंदेगीर छापर से कुल दस लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

### बरही में बारिश से मौसम बदला, गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका

**बरही।** गर्मी से जूझ रहे बरही के लोगों को गुरुवार की सुबह राहत मिली जब अचानक मौसम बदला और तेज बारिश हुई। इस बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि, इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार थी और बारिश से फसल खराब हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पकने के बाद बारिश से गेहूं के दाने काले पड़ सकते हैं, जिससे उपज की गुणवत्ता और कीमत पर असर पड़ेगा। बरही के किसान बारिश के कारण संभावित नुकसान को लेकर चिंतित हैं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि बारिश के साथ ओलावृष्टि नहीं हुई, जिससे नुकसान थोड़ा कम हुआ।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मना वर्ल्ड हैप्पीनेस डे

**भुरकुंडा।** वर्ल्ड हैप्पीनेस डे के अवसर पर गुरुवार को श्री अग्रसेन स्कूल में शिक्षकों व अभिभावकों के लिए विशेष हैप्पीनेस कार्यक्रम हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग रांची के शिक्षकों ने जीवन में खुशी का महत्व बताते हुए तनाव मुक्त रहने की कला सिखाई। शिविर का उद्घाटन आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट टीचर कॉर्डिनेटर राकेश भ्रमर, निखिल राज, नवीन कुमार शर्मा, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# बरकट्ठा में अवैध कोयला लदा आधा दर्जन ट्रक जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** संकरेज स्थित जीटी रोड पर गुरुवार को पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक कोयला लदे ट्रकों को जब्त किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कोयला परिवहन में हो रही अनियमितताओं की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। इसी अभियान के तहत संकरेज में वाहनों की सघन जांच की गई, जिसमें कई ट्रकों को रोका गया और उनकी वैधता की जांच शुरू की गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़े गए ट्रकों में लदा कोयला वैध है या अवैध। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही इस पर कोई आधिकारिक कार्रवाई की जाएगी। बरकट्ठा थाना पुलिस ने कहा कि अगर अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित ट्रक मालिकों और चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गयी ट्रैकर एप की ट्रेनिंग




**बरही।** आंगनबाड़ी सेविकाओं की दक्षता एवं कार्यप्रणाली को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने हेतु बरही नगर भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इचाक की सीडीपीओ नीलू रानी की देखरेख में गुरुवार को प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में बरही, चौपारण, बरकट्ठा एवं पदमा प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र में बरही एवं चौपारण प्रखंड की सेविकाओं को केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान योजना के अंतर्गत फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) शिप्रा सिन्हा, बरही बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयपाल महतो एवं इचाक सीडीपीओ नीलू रानी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी, रागिनी कुमारी, अनुराधा पासवान और रुकसाना प्रवीण द्वारा तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। शुक्रवार को बरकट्ठा एवं पदमा प्रखंड की सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पोषण ट्रैकर एप से लाभुकों की सटीक पहचान सुनिश्चित करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन और ओटीपी सत्यापन अनिवार्य किया गया है, जिससे टीएचआर वितरण में पारदर्शिता बनी रहे। डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा ने बताया कि अप्रैल से प्रत्येक लाभुक का आधार-लिंक्ड सत्यापन किया जाएगा, जिससे गर्भवती महिलाओं एवं अति कुपोषित बच्चों तक पोषाहार वितरण में अनियमितता समाप्त होगी। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें शौचालय एवं पेयजल सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है।

### ई-केवाईसी नहीं कराने पर कार्ड से कटेगा नाम

कटकमसांडी। प्रखंड मुख्यालय में राशन कार्डधारियों के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग ने सख्त नियम लागू कर दिए हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शौकत सर्वर की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्देश दिया गया कि प्रत्येक राशन कार्डधारी को अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। जो भी कार्डधारी यह प्रक्रिया पूरी नहीं करेगा, उसका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा। खासकर पीला और गुलाबी राशन कार्डधारियों को यह ई-केवाईसी कराना जरूरी है। राज्य से बाहर रहने वाले लाभार्थी भी अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं।

## एक नजर में

### रामनवमी को ले कमेटी गठित, प्रयाग बने अध्यक्ष



विष्णुगढ़। करोंज मोड़ में महावीर दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें रामनवमी को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रयाग साव को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर मुरली प्रसाद, वासुदेव साव (बासु), संदीप सोनी और बाल गोविंद प्रसाद को नियुक्त किया गया। सचिव के रूप में बासुदेव साव, उपसचिव के रूप में आशीष कुमार, दिनेश प्रसाद और जितेंद्र प्रसाद को चुना गया। कोषाध्यक्ष का दायित्व श्रीकांत प्रसाद को सौंपा गया, जबकि मीडिया प्रभारी विजय कुमार बरनवाल (गुड्डू सर) को बनाया गया। कार्यकारिणी समिति में महेंद्र साव, राजेश कुमार (होरल), सुजीत कुमार, नवीन कुमार, धनेश्वर प्रसाद, गजेंद्र राणा, अजीत कुमार बरनवाल, प्रकाश कुमार, अर्जुन प्रसाद, अमन कुमार, सन्नी कुमार, गणेश गोस्वामी, रणधीर बरनवाल, केसर साव, सुनील राणा (मलिंगा) और कुणाल सोनी को शामिल किया गया। बैठक में रामनवमी की तैयारियों पर चर्चा की गई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी सदस्यों ने पूरे जोश के साथ त्यौहार को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

### विस्थापितों के लिए गठित हो विशेष टीम : चौधरी



बड़कागांव। विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधानसभा में एनटीपीसी कॉल माइंस परियोजना से विस्थापित हो रहे परिवारों के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि पकरी-बरवाडी, केरेडारी और चट्टी बरियातू क्षेत्रों से विस्थापित परिवारों को उनके आवासीय संरचनाओं का उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। वर्तमान में भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग द्वारा किए जा रहे मूल्यांकन में केवल एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराए गए मापदंडों को आधार बनाया जा रहा है, जिससे विस्थापित परिवारों को वास्तविक मूल्य से काफी कम मुआवजा मिल रहा है। उन्होंने इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग के तहत एक स्वतंत्र विशेष टीम के गठन की मांग की। विधायक ने सदन से अनुरोध किया कि विस्थापित परिवारों को उनकी संपत्तियों के यथोचित बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा दिया जाए और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से किए जा रहे मूल्यांकन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, जिसे रोकने के लिए सरकार को उचित हस्तक्षेप करना चाहिए।

### जिनगा में युवती ने की आत्महत्या

दारू। जिनगा गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 28 वर्षीय खुशबू कुमारी (पति सुजीत कुमार) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि खुशबू करीब 80-90 लाख रुपये के कर्ज तले दबी थी। वह एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेती रही, जिससे उस पर कर्ज का बोझ बढ़ता गया और मानसिक तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं—एक पांच वर्षीय बेटा और तीन वर्षीय बेटी। इस दर्दनाक घटना से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। सूचना मिलने पर दारू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जिनगा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया, जहां पति सुजीत कुमार ने पत्नी को मुखाग्नि दी इलाके में इस घटना से मातम छा गया है। लोग यह जानने के लिए बेचैन हैं कि इतनी बड़ी रकम का कर्ज कैसे लिया गया था? पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि हर पहलू की जांच की जा रही है।

### ईमानदारी सबसे बड़ा धन : लोकनाथ महतो



बड़कागांव। पश्चिमी पंचायत भवन सभागार में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी की अध्यक्षता में सांसद प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन नरसिंह प्रसाद ने किया। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा मनोनीत बड़कागांव विधानसभा और मंडल के सांसद प्रतिनिधियों को माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि ईमानदारी सबसे बड़ा धन है, जिससे क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महुदी की धार्मिक समस्या को प्रशासन के सहयोग से सुलझाने की जरूरत है। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों को गति देना सांसद मनीष जायसवाल का प्रमुख लक्ष्य है। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया। पूनम साहू ने कहा कि सांसद द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को वे पूरी निष्ठा से निभाएंगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, अवध किशोर यादव, अर्जुन पांडे समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

कुछ देशों ने वर्ष 2017 तक 'लो सल्फर फ्यूल' का इस्तेमाल करने की प्रतिबद्धता जताई है।

कुछ देशों ने 2025 तक डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई है ।

विश्व भर में हर साल एक करोड़ 26 लाख लोगों की प्रदूषण से मौत होती है ।

एक तिहाई दिल्ली वाले सांस से जुड़ी बीमारियों की गिरफ्त में

दिल्ली में हेल्पलाइन नंबर 91-8080622000 लांच

यह हेल्पलाइन 24 घंटे सांस की बीमारी व समस्याओं से परेशान लोगों को मुफ्त सर्विस प्रदान करेगा।



कुछ देशों ने 2025 तक डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई है

# विश्व के सबसे अधिक वायु प्रदूषित शहरों में भारत के सर्वाधिक शहर

मनोज शर्मा

विश्व स्वास्थ्य संगठन की हाल ही में आयी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के बीस सबसे प्रदूषित शहरों में 13 सबसे प्रदूषित शहर भारत के है और देश की राजधानी दिल्ली इसमें 13वें स्थान पर है। दिल्ली के पर्यावरण में वायु प्रदूषकों की वजह से दिल्लीवासियों की सेहत इस कदर प्रभावित हो रही है कि एक तिहाई से ज्यादा दिल्ली वाले सांस से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे है। इससे दिल संबंधी बीमारियां और सांस से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बढ़ने से रूग्णता और मृत्युदर पर असर पड़ रहा है।

**जारी की गई रिपोर्ट :** टीजीआई सर्वे अनुसार 34 फीसद ( 5 मिलियन) दिल्ली वाले सांस से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित है। इसमें अस्थमा, ब्रोनचिटिस और क्रोनिक ओब्सट्रेक्टिव पुल्मोनेरी बीमारियां शामिल है। बढ़ते वायु प्रदूषण के रिस्क के बावजूद लोगों में वायु प्रदूषण के हानिकारकों प्रभावों और इससे होने वाली सांस की गंभीर समस्याओं के प्रति जागरुकता का बहुत ज्यादा अभाव है।

**हेल्पलाइन नंबर :** सिप्ला के चीफ मेडिकल ऑफिसर डा. जयदीप गोगटे दिल्ली में अस्थमा के बढते मामलों और सांस लेने में तकलीफ व फेफड़ों पर नकारात्मक असर होने जैसी समस्याओं को देखते हुए मुहिम शुरू की है, जिसमें वायु प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने और साथ ही सांस की लगातार बढती समस्याओं के प्रति जागरुकता बढाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे सांस की बीमारी व समस्याओं से परेशान लोगों को मुफ्त र्सिवस प्रदान करेगा।

**आधे मिलियन लोग :** अस्थमा चेस्ट और एलर्जी सेंटर के चिकित्सा अधीक्षक डा. विक्रम जग्गी ने कहा कि देश में लगभग आधा मिलियन लोग सांस व फेफड़ों की समस्या से जूझ रहे है। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि लोग अपनी स्थिति को समझे और उसके इलाज के लिए सक्रिय रूप से आगे आएं। सांस की बीमारियों को रोकने के लिए उसके लक्षणों को समझना ही सबसे बेहतर तरीका है और प्रत्येक पीड़ति मरीज को अपने डॉक्टर के साथ मिलकर इसका प्रभावी इलाज कराना चाहिए ताकि स्थिति को सही तरीके से नियंत्रित किया जा सके।

**बढ़ रहा है तनाव :** केंद्रीय स्वास्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वायु प्रदूषण और स्वास्य संचालन कमेटी के सदस्य और चेस्ट रिसर्च फाउंडेशन के डॉयरेक्टर डॉ. सुंदीप सल्वी के अनुसार प्रदूषक ऑक्सीडेटिव तनाव की वजह से रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीस के फ्री बनने, इफ्थयिल सेल इंफलेमेशन, एयरवे हाइपरएक्टिवटी और फेफडों में चोट की वजह से फेफड़ों को क्षतिग्रस्त कर सकते है। ये फेफड़ों में एंटीऑक्सीडेंट के स्तर को कम कर देते है और इस वजह से फेफड़े आसानी से वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभाव की चपेट में आ जाते है।

पर्यावरण और स्वास्य से संबंधित विश्व की तीन बड़ी संस्थाओं के मुताबिक प्रदूषण के कारण पूरे विश्व में प्रति वर्ष करीब एक करोड़ 26 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

**प्रदूषण का स्तर जानलेवा :** ''विश्व स्वास्य संगठन' (डब्ल्यू एच ओ), ''विश्व मौसम विज्ञान संगठन' (डब्ल्यूएमओ) और ''संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम' (यूएनईपी) के प्रमुखों के एक संयुक्त संपादकीय में कहा गया है कि पर्यावरण में प्रदूषण का स्तर जानलेवा होता जा रहा है जो स्वास्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा, हमें नियंत्रण पर्यावरण को स्वच्छ करने की तत्काल आवश्यकता है।

## हृदय, फेफड़ों की समस्याएं व कैंसर

**जैसी बीमारियां :** ''डब्ल्यूएचओ' की महानिदेशक सुश्री मार्गरेट चान ने कहा, मानव स्वास्य के लिए सर्वाधिक पर्यावरणीय खतरा वायु प्रदूषण है जो प्रमुखतः ऊर्जा उत्पादन के कारण होता है। इसके कारण हृदय और फेफड़े से जुड़ी समस्याएं और



कैंसर जैसी बीमारियां हो रही हैं। वायु प्रदूषण से प्रति वर्ष लगभग छह लाख 50 हजार लोगों की मौत हो जाती है।

**खाद्य पदार्थ, जल और आवास प्रभावित :** चान ने कहा कि ऊर्जा के उत्पादन से प्राणघातक प्रदूषण उर्त्सिजत होता हैं जिनमें ब्लैक कार्बन जैसे तत्व शामिल हैं। ऊर्जा संयंत्र ग्रीन हाउस गैस ''मीथेन' और ''कार्बन डाइआक्साइड' भी छोड़ते हैं। ये सभी गैसें जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारक बनते हैं जिससे पर्यावरण के लिए खतरा पैदा करता है। ये खाद्य पदार्थ, जल और आवास को प्रभावित करते हैं।

**प्रभावी कदम उठाने की जरूरत :** ''डब्ल्यूएमओ' के महासचिव पेट्री टलास और यूएनईपी के कार्यकारी निदेशक इरिक सोलहिम ने कहा कि पर्यावरण को अत्यंत नुकसान पहुंचा रहे कारकों के निदान के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है जिससे स्वास्य संबंधी समस्याओं का हल किया जा सके। वर्ष 2050 तक विश्व की 66 फीसदी जनसंख्या शहरों में रहने लगेगी जिससे भारी यातायात, निम्न स्तरीय आवास, पानी की सीमित उपलब्धता और स्वच्छता से जुड़ी सेवाओं के संकट के अलावा स्वास्य संबंधी खतरों का भी सामना करना पड़ेगा।संयुक्त कार्रवाई की आवशयकता : इरिक सोलहिम ने कहा कि स्वास्य संबंधी खतरे काफी जटिल हैं और यह परस्पर एक-दूसरे से संबद्ध हैं जिन्हें अल्पकालिक उपायों या व्यक्तिगत स्तर पर नहीं सुलझाया जा सकता। इसी के मद्देनजर 2030 तक सभी देशों की ओर से सतत विकास के लिए अपनाया गया एजेंडा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विश्व की अपनी तरह की पहली नियंतण्र योजना है जो सभी समाजों द्वारा सभी समाजों के लिए सुसंगत दीर्घकालीन कार्रवाई का एक अनुपम अवसर प्रदान करेगी। विश्व की कई सरकारें पर्यावरण, जलवायु और स्वास्य के क्षेत्र में काम करने के वास्ते संयुक्त कार्रवाई के लिए परस्पर जुड़ाव की कोशिश कर रही हैं। मोरक्को सरकार के आवान पर स्वास्य एवं पर्यावरण मंत्रियों ने मराकेश मंत्रिस्तरीय स्वास्य पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं।

**'लो सल्फर फ्यूल'' का इस्तेमाल :** एरिक ने कहा कि आसान उपाय यह है कि वाहनों से निकलने वाली प्रदूषित वायु के उत्सर्जन को कम किया जाए और रैपिड यातायात व्यवस्था अपनायी जाए जिससे मानव जीवन को बचाया जा सके। कुछ देशों ने वर्ष 2017 तक ''लो सल्फर फ्यूल' का इस्तेमाल करने की प्रतिबद्धता जताई है। कुछ देशों ने 2025 तक डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई है। यह उपाय 24 लाख जीवन प्रतिवर्ष बचाने में मददगार साबित होंगे। इससे 2050 तक नियंतण्र तापमान को 0.5 सेल्सियस कम होगा।

## मराकेश मंत्रिस्तरीय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर

मोरक्को सरकार के आह्वान पर विभिन्न मंत्रियों ने स्वास्य, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मराकेश मंत्रिस्तरीय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें माना गया है कि जीवों को बचाने और पृवी की सुरक्षा के लिए वर्तमान में कोई नियंतण्र तंत्र नहीं है। इसके मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र । इसी के मद्देनजर 2030 तक सभी देशों की ओर से सतत विकास के लिए अपनाया गया एजेंडा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विश्व की अपनी तरह की पहली नियंतण्र योजना है जो सभी समाजों द्वारा सभी समाजों के लिए सुसंगत दीर्घकालीन कार्रवाई का एक अनुपम अवसर प्रदान करेगी। विश्व की कई सरकारें पर्यावरण, जलवायु और स्वास्य के क्षेत्र में काम करने के वास्ते संयुक्त कार्रवाई के लिए परस्पर जुड़ाव की कोशिश कर रही हैं। मोरक्को सरकार के आवान पर स्वास्य एवं पर्यावरण मंत्रियों ने मराकेश मंत्रिस्तरीय स्वास्य पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं।

**'लो सल्फर फ्यूल'' का इस्तेमाल :** एरिक ने कहा कि आसान उपाय यह है कि वाहनों से निकलने वाली प्रदूषित वायु के उत्सर्जन को कम किया जाए और रैपिड यातायात व्यवस्था अपनायी जाए जिससे मानव जीवन को बचाया जा सके। कुछ देशों ने वर्ष 2017 तक ''लो सल्फर फ्यूल' का इस्तेमाल करने की प्रतिबद्धता जताई है। कुछ देशों ने 2025 तक डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई है। यह उपाय 24 लाख जीवन प्रतिवर्ष बचाने में मददगार साबित होंगे। इससे 2050 तक नियंतण्र तापमान को 0.5 सेल्सियस कम होगा। मराकेश मंत्रिस्तरीय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर : मोरक्को सरकार के आह्वान पर विभिन्न मंत्रियों ने स्वास्य, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मराकेश मंत्रिस्तरीय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें माना गया है कि जीवों को बचाने और पृवी की सुरक्षा के लिए वर्तमान में कोई नियंतण्र तंत्र नहीं है। इसके मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को इसके लिए एक तंत्र स्थापित करना चाहिए।

## देश में वायु प्रदूषण की भयावह स्थिति

**झारखंड के झरिया, रांची, कुसेंदा, बस्टाकोला सर्वाधिक प्रदूषित**

भारत में वायु प्रदूषण देश में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। प्रदूषण के मामले में दिल्ली 268 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद अन्य शहरों में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, इलाहाबाद, बरेली, कानपुर तथा हरियाणा के फरीदाबाद वहीं झारखंड के झरिया, रांची, कुसेंदा, बस्टाकोला और बिहार के पटना का नंबर आता है। ग्रीनपीस इंडिया द्वारा ऑनलाइन रिपोर्ट और सूचना के अधिकार के तहत देश भर के विभिन्न राज्यों के प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से मिली जानकारियों के आधार पर बनाई गई वायु प्रदूषण की मौजूदा स्थिति पर बनी रिपोर्ट बेहद भयावह है। इसमें दक्षिण भारत के कुछ शहरों को छोड़कर देश के किसी भी शहर ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीयू) के प्रदूषण नियंत्रण के लिए



बनाए गए मानकों की सीमा का पालन नहीं करने की बात सामने आई है। 24 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के 168 शहरों की स्थिति पर ग्रीनपीस इंडिया की इस रिपोर्ट का नाम 'वायु प्रदूषण का फैलता जहर' नाम दिया गया है। इसमें प्रदूषण का मुख्य कारण जीवाश्म इंधन को जलाना बताया गया है। ग्रीनपीस कैंपेनर सुनील दहिया ने कहा, वायु प्रदूषण अब स्वास्थ्य से जुड़ी एक राष्ट्रीय समस्या का रूप ले चुका है। रिपोर्ट में शामिल शहरों ने इसे नियंत्रित करने का कोई कारगर उपाय नहीं किया है, जिसके कारण ये शहर वायु प्रदूषण के आधार पर रहने योग्य नहीं कहे जा सकते। यहां सांस लेना तक मुश्किल हो गया है, लेकिन सरकारी तंत्र इस पर आंख मूंद कर बैठे हुए हैं। बहुत सारी वैज्ञानिक रिपोर्टो ने इस दावे की पुष्टि समय-समय पर की है कि वायु प्रदूषण अब खतरे की घंटी बन चुकी है। दाहिया का कहना है कि वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या तंबाकू के कारण होने वाली मौतों से कुछ ही कम रह गई है।

देश के 20 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों का 2015 में वायु प्रदूषण का स्तर पीएम 10 (2) 268 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 168 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रहा। इसमें 268 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ दिल्ली शीर्ष पर है। वहीं इसके बाद अन्य शहरों में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, इलाहाबाद, बरेली, कानपुर तथा हरियाणा के फरीदाबाद वहीं झारखंड के झरिया, रांची, कुसेंदा, बस्टाकोला और बिहार के पटना का प्रदूषण स्तर पीएम 10, 258 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 200 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।

रिपोर्ट में इसके कारणों को चिन्हित करते हुए बताया गया है कि इसका मुख्य कारण जीवाश्म ईंधन जैसे कोयला, पेट्रोल, डीजल का बढ़ता इस्तेमाल है। सीपीसीबी से आरटीआई द्वारा प्राप्त सूचनाओं में पाया गया कि ज्यादातर प्रदूषित शहर उत्तर भारत के हैं। यह शहर राजस्थान से शुरू होकर गंगा के मैदानी इलाकों से होते हुए पश्चिम बंगाल तक फैले हुए हैं।

दहिया का कहना है, भारत में प्रदूषण लगातार बढता जा रहा है। साल 2015 में प्रदूषित वायु की चपेट में आकर मरने वाले लोगों की संख्या भारत में चीन से भी अधिक थी। इस खतरनाक स्थिति से निपटने के लिए तत्काल एक निगरानी व्यवस्था लागू करने की जरूरत है।उन्होंने कहा, बीते महीने सर्वोच्च न्यायालय ने ग्रेडेड रिस्पांस सिस्टम को स्वीकार्यता दी है, ताकि दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटा जा सके। ग्रीनपीस इस कदम का स्वागत करता है। हमारा मानना है कि इस सिस्टम को दूसरे शहरों में भी लागू करना और उसे संचालित करना होगा। इसके लिए मजबूत और कारगर मॉनिटरिंग सिस्टम बनाना होगा, ताकि आम जनता को अपने शहर के प्रदूषण की स्थिति की जानकारी समय-समय पर मिलती रहे।

दहिया ने कहा, इस रिपोर्ट में साफ तौर पर बताया गया है कि वायु प्रदूषण केवल दिल्ली में ही नहीं है। इसलिए हमें प्रदूषण नियंत्रण की रणनीति बेहद मजबूत, कारगर और लक्ष्य केंद्रित करनी होगी। साथ ही इसे समय-सीमा के भीतर लागू करना होगा। इसके लिए सबसे पहले हमें ऊर्जा और यातायात के क्षेत्र में कोयला, पेट्रोल, डीजल जैसे ईंधनों पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी।

**(पत्रकारिता विभाग रांची विवि)**

## महिलाएं-बच्चे सर्वाधिक प्रभावित

भारत के कई शहरों में वायु की गुणवत्ता स्वीकार्य स्तर से काफी नीचे है। ग्रीनपीस की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में हर साल वायु प्रदूषण के चलते 12 लाख लोग असमय मौत का शिकार बन जाते हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं हैं। वायु प्रदूषण देश में स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा कारक बन कर उभरा है। पेट्रोल, डीजल और कोयला जलने से उर्त्सिजत होने वाले कण, वायु की गुणवत्ता को खराब करने के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। साथ ही, खाना पकाने और गर्मी पैदा करने के लिए लकड़ी, गोबर, खूंट और दूसरी चीजें को जलाने के चलते भी घर के भीतर ही जहरीली हवाओं का घर बन जाता है। घरों के भीतर इस तरह पैदा होने वाला प्रदूषण बाहरी प्रदूषण से कहीं ज्यादा जानलेवा साबित हो रहा है।

### महिलाएं प्रभावित

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार बाहरी हवा के साथ साथ घर के भीतर की प्रदूषित हवा भी लोगों के स्वास्थ पर बुरा असर डाल रही है। इस आन्तरिक प्रदूषण के लिए अशुद्ध जीवाश्म ईंधन को जिम्मेदार माना जाता है। अपने लोगों को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन न उपलब्ध करा पाने वाले देशों की सूची में भारत शीर्ष पर है। ग्रामीण भारत में आज भी काफी लोग भोजन पकाने और गर्म करने के लिए कोयला या लकड़ी जलाते हैं जो बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

स्वास्थ विशेषज्ञों का अनुमान है कि लाखों लोगों की मृत्यु अशुद्ध जीवाश्म ईंधन के कारण होती है। इनमें से अधिकांश की मौत का कारण गैरसंचारी रोग जैसे हृदय रोग, फेफड़े संबंधी रोग और फेफड़े का कैंसर हैं। केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का कहना है कि हर साल पांच लाख महिलाएं इस धुंए का शिकार होकर जान गवां बैठती हैं। उनका कहना है कि सरकार महिलओं के स्वास्थ को लेकर चिंतित है।

### शहर भी बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में सरकार की पहल

सरकार अशुद्ध जीवाश्म ईंधन में कमी लाने और महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत की है। इस योजना का मुख्य उद्देशय ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में आने वाले अशुद्ध जीवाश्म ईंधन की जगह शुद्ध एलपीजी गैस के उपयोग को बढावा देना है। इसके तहत एलपीजी कनेक्शन केवल गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों से सम्बंधित महिलाओं को दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि अगले 3 साल में 5 करोड़ परिवारों को मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करा कर महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सकती है।

एक साल की बजाय नौ महीने में ही इस योजना से डेढ़ करोड़ परिवार जुड़ चुके हैं। सरकार का दावा है कि इस योजना से महिलाओं का सशक्तिकरण होगा और उनके स्वास्थ्य की रक्षा होगी। गैस को अपनाने से खाने पकाने में लगने वाले समय और कठिन परिश्रम को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

### जानकारी का आभाव

खाना बनाने के लिए उपयोग में आने वाले अशुद्ध जीवाश्म ईंधन के जलने से जो बीमारियां होती हैं, उज्ज्वला योजना के लागू होने के बाद उनमें भी कमी आने की सम्भावना है। लेकिन ज्यादातर महिलाएं रसोई के धुएं से होने वाली बिमारियों से अनजान हैं। रसोई पकाने के दौरान उठने वाले धुएं से उनके फेफड़े में कार्बन जम गया है। बहुत सी ग्रामीण महिलाओं की आँखों की रोशनी भी प्रभावित हुई है, लेकिन वे इससे अनजान हैं। डॉ. आरएस बारले का कहना है कि बहुत सी महिलाएं सांस लेने में हो रही तकलीफ को बुढ़ापे की समस्या मान कर अस्पताल नहीं जातीं। उनका कहना है कि लगातार धुएं में रहने के कारण महिलाओं के श्वसन तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

स्वास्थ और पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार घर के भीतर के वायु प्रदूषकों के खतरे से फैल रही बीमारियों की रोकथाम के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ के ग्राम गोटाटोला के मदन कोठारी कहते हैं कि जब गाय का गोबर और लकड़ी आसानी से और मुफ्त मिल जाता है तो गैस सिलिंडर भरवाने के पैसे क्यों खर्च करें। हालांकि उनके गांव के लोग उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त में मिल रहे रसोई गैस कनेक्शन लेने में पीछे नहीं हैं।

### वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय

कारखानों को शहरी क्षेत्र से दूर स्थापित करना चाहिए, साथ ही ऐसी तकनीक उपयोग में लाने के लिए बाध्य करना चाहिए जिससे कि धुएँ का अधिकतर भाग अवशोषित हो और अवशिष्ट पदार्थ व गैसें अधिक मात्रा में वायु में न मिल पायें।2. जनसंख्या शिक्षा की उचित व्यवस्था की जाए ताकि जनसंख्या वृद्धि को बढने से रोका जाए।

3. शहरी करण की प्रक्रिया को रोकने के लिए गाँवों व कस्बों में ही रोजगार व कुटीर उद्योगों व अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराना चाहिए।4. वाहनों में ईंधन से निकलने वाले धुएँ को ऐसे समायोजित, करना होगा जिससे की कम-से-कम धुआँ बाहर निकले।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




उत्तर प्रदेश संघ जमशेदपुर, झारखंड के जमशेदपुर शहर में स्थित एक प्रमुख संगठन है, जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासियों और वहां से संबंधित व्यक्तियों के सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य हितों की रक्षा करता है। यह संघ उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच एकजुटता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। उत्तर प्रदेश संघ जमशेदपुर का स्थापना दिवस हर साल 15 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से इस संघ के उद्देश्यों और कार्यों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश संघ का मुख्यालय जमशेदपुर के नार्दन टाउन साकची में स्थित है

# टाटा स्टील ने फर्नेस ऑयल की जगह क्लीनर फ्यूल अपनाया

>> बीपीसीएल टाटा स्टील के फेरो एलॉयज प्लांट को पीएनजी की आपूर्ति करेगा

## भारत के फेरोक्रोम उद्योग में पहली पहल, सतत समाधान की दिशा में अग्रणी कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, टाटा स्टील ने ओडिशा के जाजपुर जिले में स्थित अपने फेरो एलॉयज प्लांट (एफएपी) में फर्नेस ऑयल की जगह पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का उपयोग शुरू किया है। यह सतत पहल, जो भारत के फेरोक्रोम उद्योग में अपनी तरह की पहली है, टाटा स्टील को कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने में मदद करेगी और देश के हरित औद्योगिक भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी। टाटा स्टील के फेरो एलॉयज और मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित इस प्लांट में पीएनजी फैसिलिटी स्थापित की गई है। अब यह प्लांट क्रोम अयस्क के प्रीहीटिंग के लिए क्लीनर फ्यूल का उपयोग करेगा, जिसे क्रोम अयस्क ब्रिकेट बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।



एफएएमडी के ईआइसी पंकज सतीजा प्लांट के उद्घाटन समारोह में सहयोगी पदाधिकारियों संग।

यह सुविधा टाटा स्टील को फर्नेस ऑयल की जगह पूरी तरह प्राकृतिक गैस अपनाने में सक्षम बनाएगी, जो क्लीनर और अधिक सतत औद्योगिक संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी कदम है। पीएनजी सुविधा का उद्घाटन करते हुए, पंकज सतीजा, एग्जीक्यूटिव-इन-चार्ज, एफएएमडी, ने कहा, प्राकृतिक गैस फर्नेस ऑयल की तुलना में कहीं अधिक स्वच्छ रूप से जलती है और विशेष रूप से फर्नेस ऑयल में मौजूद उच्च सल्फर सामग्री के कारण होने वाले हानिकारक उत्सर्जन को काफी कम करती है। फर्नेस ऑयल को पीएनजी से बदलकर, हम न केवल ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने में योगदान दे रहे हैं, बल्कि कम कार्बन फुटप्रिंट वाले ऊर्जा विकल्पों की ओर भी बढ़ रहे हैं।

हमारा लक्ष्य एक स्वच्छ, हरित और अधिक सतत भविष्य सुनिश्चित करना है, और इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता अटूट रहेगी। टाटा स्टील ने सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी तेल और गैस कंपनी, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे ताकि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। एमओयू के तहत, बीपीसीएल निर्धारित मात्रा में प्राकृतिक गैस को अपनी पाइपलाइन के माध्यम से फेरो एलॉयज प्लांट तक पहुंचाएगा। यह बदलाव न केवल प्लांट के कार्बन फुटप्रिंट को काफी हद तक कम करेगा, बल्कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी लाएगा, जिससे टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। एफएपी जाजपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में बीडी नंदा (चीफ-ऑपरेशंस, एफएपी जाजपुर, एफएपी गोपालपुर, एफएपी आथागढ़), आलोक कुमार पांडा (हेड, एफएपी जाजपुर), गणेश मिश्रा (हेड, ह्यूमन रिसोर्स बिजनेस पार्टनर, एफएएमडी), रवनीत सिंह (टेरीटरी मैनेजर, गैस), राजेश नायक (एसोसिएट इंजीनियर) और अस्मान सामल (एक्जीक्यूटिव, बीपीसीएल, ओडिशा) सहित टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### नमन की अखंड तिरंगा यात्रा 23 को



जमशेदपुर। 'नमन' द्वारा 23 मार्च को आयोजित दसवीं अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा के तहत जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के बिष्टुपुर कार्यालय, सिदगोड़ा, श्री श्री शिव मंदिर, भालूबासा श्री श्री विजय हनुमान मंदिर जंबू अखाड़ा, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, साकची, शहीद चौक, नमन कार्यालय, झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, टेल्को, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन, टाटा मोटर्स चेचिस ड्राइवर यूनियन, बिरसानगर जोन नंबर 9 श्री श्री हनुमान मंदिर समिति , टेल्को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सिदगोड़ा मार्केट, बाराद्वारी, देवनगर, गोलपहाड़ी, गायत्री शक्तिपीठ, भुइंयाडीह, ब्राह्मण टोला, केबुल टाउन, हरिजन बस्ती, नंद नगर, ग्वाला बस्ती, बमार्माइंस, भक्तिनगर, गम्हरिया, जगन्नाथपुर, भुइंयाडीह ग्वाला बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने नागरिकों, युवाओं और महिलाओं को तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने अपने संबोधन में कहा, हमारी तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति के जज्बे को और मजबूत करना है। साथ ही उन शहीदों को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता और शांति की सौगात दी। यह यात्रा हम सभी को यह याद दिलाती है कि हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट हैं। नौजवानों के भविष्य को सुरक्षित रखना है तो बलिदानियों को अपना रोल मॉडल बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा, समाज के हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा और इस यात्रा के माध्यम से हम यही संदेश देना चाहते हैं कि हर व्यक्ति को अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए योगदान देना चाहिए।

### 24-25 की बैंक हड़ताल के समर्थन में बिष्टुपुर में रैली व धरना आज

जमशेदपुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यानी यूएफबीयू के आह्वान पर आगामी 24 और 25 मार्च को दो दिनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के मद्देनजर दिनांक 21 मार्च शुक्रवार को संध्या 5.15 बजे भारतीय स्टेट बैंक के नजदीक पोस्टल पार्क, बिष्टुपुर से रैली एवं धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में यूएफबीयू जमशेदपुर के सभी घटक दल के नेतृत्व एवं कामरेड हिस्सा ले रहे हैं। यूएफबीयू के रिंटू रजक ने बताया कि मुद्दो की जानकारी सर्कुलर के माध्यम से दी जा चुकी है जो कि काफी संवेदनशील है। शुक्रवार को ही दिन के 11.30 बजे चीफ लेबर कमिश्नर,आई बी ए और डी एफ एस के बीच अंतिम दौर की बातचीत दिल्ली में होनी है अब भारत सरकार की पुरी जिम्मेदारी है कि हमारी जायज मांगों के समर्थन में अपना निर्णय दें। ताकि बैंकिंग श्रमिक संगठनों की दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को देशहित में रोका जा सके। अगर यह वार्ता असफल होती है तो हड़ताल निश्चित है और इसकी पुरी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। आज मजबूर होकर बैंकिंग संगठनों को कठोर निर्णय लेने के लिए सरकार ने बाध्य किया है।

### विधायक सविता महतो नें विधानसभा में उठाया चांडिल डैम का मामला

चांडिल। ईचागढ़ के विधायक सविता महतो नें विधानसभा के तारांकित प्रश्न में चांडिल डैम के विस्थापितो का मामला प्रमुखता से उठाया। जिसमे उन्होंने चांडिल डैम का निर्माण वर्ष 1985 में किया गया है उत्तर अस्वीकारात्मक, लगभग 40 वर्ष पूर्व चांडिल डैम निर्माण के लिए अधिगृहित 116 गांव के विस्थापित को भू अर्जन कर मुआवजा अबतक लंबित है, सरकार के उदासीन रवैया के कारण विस्थापितों को संपूर्ण मुआवजा भुगतान के अभाव में दर दर कि ठोकरे खा रहे है।

# पूर्वी सिंहभूम का सीडी रेसियो 73.66 प्रतिशत हुआ, झारखंड में अव्वल

## बैंकों की जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में हुई बैंकों की जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक (डीएलआरसी) आहूत की गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 की तृतीय तिमाही का वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया । बैठक में वार्षिक जमा ऋण अनुपात में बैंकों द्वारा समकक्ष तृतीय तिमाही में 51.62% के मुकाबले 57.96%



बैठक की अध्यक्षता करते आईटीडीए निदेशक।

की उपलब्धि प्राप्त की गई। जबकि धन उपयोग स्थान के अनुसार पूर्वी सिंहभूम जिले का वार्षिक जमा ऋण अनुपात 73.66% हो जाता हैं, जो कि पूरे झारखंड राज्य में अव्वल हैं। परियोजना निदेशक आईटीडीए ने कहा की इससे संतुष्ट नहीं होना हैं और भी बेहतर करने की जरूरत पर बल दिया । प्रधानमंत्री जन धन योजना के कुल 8,87,368 खातों में से 63,389 शून्य राशि के थे और आधार सीडिंग प्रतिशत 89.38% रहा। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों को परस्पर सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया। प्राथमिकता क्षेत्र में कृषि ऋण में सुधार, जमा साख में वृद्धि, मुद्रा योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवेदनों का शीघ्र ऋण संवितरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। पीएमएफएमई महोत्सव का आयोजन रविवार को गोपाल मैदान में किया जा रहा है जिसमें उद्योग मंत्री, झारखंड शिरकत करेंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार ने कुछ बैंकों के प्रायोरिटी सेक्टर ऋण वितरण की कमी को स्वीकार करते हुए वार्षिक साख लक्ष्य को तर्कसंगत वितरण के आधार पर तय करने की आवश्यकता बताई । बैंकों को पंचायत स्तरीय सभी कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्रामीण लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से करने का निर्देश दिया। उन्होंने केसीसी ऋण धारकों योजना का लाभ का दायरा बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ देने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि किसी किसान को इस लाभकारी योजना से वंचित रखना उचित नहीं है । बैठक में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हिंदू उत्सव समिति ने एमजीएम मैदान में किया ध्वज पूजन, 29 मार्च को निकलेगा शोभा यात्रा



**जमशेदपुर।** गुरुवार को हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नववर्ष यात्रा के पूर्व आज ध्वज पूजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में मानगो सहित शहर के हिंदूवादी लोग सम्मलित हुए। नववर्ष के अवसर पर पूरे शहर को जिस ध्वज से सजाया जाएगा उन सभी भगवा ध्वज का सनातन विधि विधान से पूजन किया गया। पूजन में हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक उपेंद्र सिंह मस्तान, श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के अध्यक्ष बापी पात्रों, कन्हैया जी,संजीत शर्मा, कविता परमार, मंजू, समाजसेवी हेतराम शर्मा, मृत्युंजय सिंह, पप्पू, हेमंत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक वृन्द, मातृ शक्ति युवा शक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्याम सिंह,बाला प्रसाद, सत्येंद्र सिंह,राजू जी,सुमित कुमार, अक्षय कौड़ा, विक्की तारवे, अनिशा सिन्हा, सुभम राज आदि जुटे रहे। यात्रा के बाद उपस्थित सभी जन ने यह संकल्प लिया कि 29 मार्च को जो नववर्ष यात्रा निकलने वाला है उसे तन मन धन से सफल बनाएंगे ।

### स्वदेशी जागरण मंत्र का श्री अन्न व्यंजन सम्मेलन संपन्न

जमशेदपुर। स्वदेशी जागरण मंच जमशेदपुर महानगर की ओर से गुरुवार को जिला कार्यालय बिष्टुपुर सीबीएमडी में श्री अन्न व्यंजन सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एमजीएम कें डॉ वासंती सहाय, मंजु ठाकुर, वंदेशंकर सिंह, मनोज सिंह, डॉ जटाशंकर पांडेय, के पी चौधरी, कंचन सिंह, रिंकू दुबे, दुर्गा सैनिक, प्रतिमा सिंह, ममता सिंह, मीना प्रसाद, माधुरी सिंह, शारदा सिंह, अनिता देवी, हेमा देबी, श्वेता सिंह, अशोक कुमार, मुकेश ठाकुर, विकास साहनी, संजीत सिंह राजाराम कुमार जय प्रकाश सिंह जे,के,एम, राजू पंकज सिंहआदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा मोटे अनाज जैसे मक्का, ज्वार, बाजरा, तीसी, रामदाना, चीना, मडुआ इत्यादि का अपने-अपने घरों से विभिन्न प्रकार का पकवान बनाकर लाया गया था और उस पकवान का प्रदर्शनी लगाई गई और विभिन्न प्रकार के बनाए गए पकवान कि लोगों को विशेषता एवं उसे खाने के शारीरिक फायदे बताईक गई। जिससे कि लोग उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं और श्री अन्न का उपयोग करें,विलुप्त हो रहे मोटे अनाजों का फिर से किसान खेती कर सके और किसान का अधिक से अधिक फायदा हो। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारी के साथ-साथ महानगर एवं नगर के पदाधिकारी के साथ-साथ स्वदेशी समर्थक शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में श्री अन्न (मोटे अनाज) से बने पकवानों का स्वाद भी चरवा गया। जो महिलाएं सबसे अच्छा और स्वादिष्ट पकवान बनाकर लाई थी उन्हें जमशेदपुर महानगर के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### क्षत्रिय महिला संघ की सिदगोड़ा इकाई का होली मिलन संपन्न



जमशेदपुर। झारखंड क्षत्रिय महिला संघ सिदगोरा इकाई के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से सेलिब्रेशन हॉल बारीडीह में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संघ की संरक्षिका सुमित्रा देवी, अध्यक्ष डॉ कविता परमार, महासचिव मंजू सिंह, एवं सभी 12 इकाई की अध्यक्ष, महासचिव एवं केंद्रीय पदाधिकारी शामिल हुई, सभी को सम्मानित किया गया एवं सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर फगुआ गीतों का खूब आनंद लिया। महिलाओं ने चैता भी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौहान ने किया। आयोजन अध्यक्ष मनोरमा सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ की।

### टाटा स्टील ने स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



गम्हरिया। अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस व विश्व जल दिवस विषय पर टाटा स्टील ईडीआइसी इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट विभाग की ओर से टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत रपचा पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को विभिन्न वर्गों में विभाजित कर उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने को मंच दिया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से तीन में श्रुति मंडल, दिशा मंडल व लक्ष्मी मंडल तथा कक्षा चार व पांच में गुंजन मंडल, निहारिका मंडल और काजल मंडल विजेता रही। सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय की शिक्षिका रंजीता मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर ईडीआईसी हेड अरूण कुमार, एडमिन एस्टिंट मैनेजर आशीष कुमार शर्मा, सुबोध कुमार चौधरी, डॉ सुनिल कुमार शर्मा, निर्मल कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## पटना वीमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन का होली मिलन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पटना वीमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन जमशेदपुर द्वारा सोनारी स्थित एक रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सदस्यों ने एक दूसरे से अबीर की होली खेली, होली पर आधारित नाच गाना के साथ लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ लिया। कई मजेदार गेम रखे गए थे जिसमें विजेताओं को मटर-टमाटर की माला पहनाई गई और सदस्यों को उपहार स्वरुप गोभी, कद्दू आदि सब्जियां दी गईं। सचिव पूनम माहथा, अध्यक्ष विद्या तिवारी के अलावा मंजू सिंह, सुमिता आनंद, जूही समर्पिता, आशा सिन्हा, रूबी सिन्हा, सुधा राय, दीपाली डोकानिया, अनुपमा सहगल, प्रतिमा सिन्हा, शिल्पी सिन्हा दत्ता एवं निधि श्रीवास्तव ने इस आयोजन का आनन्द लिया।

## पार्वती घाट श्मशान गृह में गेल प्राकृतिक गैस वाले फर्नेस में होगा अब अंतिम संस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पार्वती घाट श्मशान गृह ने पर्यावरण अनुकूलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और अब वह गेल प्राकृतिक गैस का उपयोग करेगा। यह प्राकृतिक गैस से चलने वाला झारखंड का पहला श्मशान गृह है जिससे समुदाय को अधिक पर्यावरण अनुकूल अंतिम संस्कार का विकल्प मिलने की उम्मीद है। गौरी शंकर मिश्रा, गेल के महाप्रबंधक और जीए इन्चार्ज ने बताया कि कमीशनिंग समारोह में प्रमुख हितधारकों, पार्वती घाट समिति के सदस्यों और गेल





अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें गौरी शंकर मिश्रा, दुर्गा अम्बेडकर, मिथलेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे। यह जमशेदपुर में गेल द्वारा कमीशन किया गया 33वां कमर्शियल कनेक्शन है। इस विकास के साथ, पार्वती घाट अब प्राकृतिक गैस से अंतिम संस्कार की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अलावा, गेल ने पी एंड एम मॉल के पास आने वाले रेडिसन होटल को भी प्राकृतिक गैस से संचालित किया है, जिससे क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा स्रोत को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि इसके पूर्व पार्वती घाट पर बिजली से चलने वाले फर्नेस के अलावा गोबर के कंडे से भी अंतिम संस्कार की सुविधा है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा



जमशेदपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज देश के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। अर्जुन मुंडा ने इस दौरान समसामयिक मुद्दों के साथ-साथ जनजातीय विषयों विशेषकर, सीमा क्षेत्र के जनजातीय गांवों को फर्स्ट विलेज का दर्जा देते हुए उनके विकास के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा हुई। देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में इसे लागू किया जा रहा है जो अत्यंत सराहनीय है। इस योजना के अंतर्गत इन गांवों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और आवागमन की स्थिति में भी सुधार हुआ है,ऐसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

## अरुण बने पोद्दार वैश्य कल्याण समिति के अध्यक्ष, श्रीकांत देव बने महामंत्री




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पोद्दार वैश्य कल्याण समिति कोल्हान द्वारा समिति अध्यक्ष अरुण पोद्दार जी की अध्यक्षता में आयोजित होली मिलन सह आमसभा के दौरान सर्वसम्मति से उपस्थित सदस्यों ने नयी कमेटी बनाने के लिए समिति अध्यक्ष एवं महासचिव को अधित किया जिसके आधार पर नयी कमेटी गठित किया गया। पोद्दार भवन मानगो में श्रीकांत देव ने बताया कि नयी कमेटी में कई नए सदस्यों को भी जोड़ा गया है। समिति के मुख्य संरक्षक शंकर पोद्दार जी ने सभी पदाधिकारियों को बधाइयां दी। मुख्य संरक्षक - शंकर पोद्दार, संरक्षक-महेश पोद्दार, रामलखन पोद्दार, रामानुज पोद्दार, शिव शंकर प्रसाद देव, दयाशंकर पोद्दार, सलाहकार-नंद किशोर पोद्दार आदि बनाये गये है।

## साकची हाई स्कूल के लिए बड़ा दिन, ऑटो प्रोफाइल ने 13.30 लाख रुपये का दिया अनुदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची हाई स्कूल में ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड कंपनी ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत गुरुवार को स्कूल प्रबंधन को 13 लाख 30 हजार रुपए का अनुदान दिया। यह राशि स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दी गई है। इस अवसर पर ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड के सीएमडी और साकची हाई स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी, निदेशक मंडल के सदस्य श्यामली मुखर्जी, बिप्लव मुखर्जी, मौमिता मुखर्जी और श्याम सुंदर ने स्कूल प्रबंधन समिति को चेक सौंपा। विकास



मुखर्जी ने बताया कि बीते तीन वर्षों में ऑटो प्रोफाइल कंपनी द्वारा स्कूल विकास कार्यों के लिए कुल 55 लाख रुपए का सहयोग दिया जा चुका है। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों (एलुमनी) और जमशेदपुर के कॉरपोरेट घरानों से स्कूल के विकास कार्यों में आगे आने की अपील की। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव देवदास विश्वास, उपाध्यक्ष प्रवीर चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष अजय चक्रवर्ती, प्रधानाध्यापक प्रणब कुमार घोष, पूरबी घोष, कौशिक डे, कुणाल कर, शांतनु बोस, सुभेंदु विश्वास, शिवानी घोष, सुब्रतो सहित स्कूल के शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कोमात्सु कंपनी ने साकची हाई स्कूल को प्रदान किये 13 कंप्यूटर और अन्य उपकरण



जमशेदपुर। जापानी बहुराष्ट्रीय कंपनी कोमात्सु ने सीएसआर के तहत जमशेदपुर स्थित साकची हाई स्कूल को 13 उच्च गुणवत्ता वाले कंप्यूटर सहित अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान की। स्कूल के पूर्व छात्र सोमनाथ चक्रवर्ती, जो वर्तमान में कोमात्सु कंपनी में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, ने यह सामग्री स्कूल प्रबंधन को हस्तांतरित की। इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी स्कूल के विकास में हर संभव सहयोग करेंगे। साथ ही, उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से विद्यालय के उत्थान में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी, सचिव देवदास विश्वास, उपाध्यक्ष प्रवीर चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष अजय चक्रवर्ती, प्राचार्य प्रणब कुमार घोष, पूरबी घोष, कौशिक डे, कुणाल कर, शांतनु बोस, सुभेंदु विश्वास, शिवानी घोष, सुब्रतो सहित शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

# आईपीएल 2025: उद्घाटन समारोह में लगेगा बॉलीवुड का तड़का

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आईपीएल 2025 की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 22 मार्च से टूनार्मेंट का आगाज होगा। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। इससे पहले भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने अब तक कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया है, हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उद्घाटन समारोह हर बार की तरह खास होगा। पहला मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डन्स में खेला जाएगा। सत्र की शुरूआत से पहले भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। इंडिया टुडे ने बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के हवाले से बताया कि मशहूर बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल और करण औजला अपनी आवाज से समां बांध सकते हैं। इसके अलावा फिल्म अभिनेत्री दिशा पटानी भी अफनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती दिख सकती हैं। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहशीष गांगुली ने कहा- 'बीसीसीआई ने हमें उद्घाटन समारोह के लिए 35 मिनट का समय दिया है, जिसमें हमें पूरा शो समाप्त करना है। बाकी काम हर साल की तरह ही होगा।' उन्होंने आगे बताया कि मैच के सभी टिकट बिक चुके हैं और ओपनर के लिए प्रशंसकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। गांगुली ने कहा, हमें उम्मीद थी कि पूरा घर भरा



रहेगा। हमारे मैचों में दर्शकों का भर जाना आम बात है और कोलकाता के प्रशंसक हमेशा उम्मीदों पर खरे उतरे हैं।

**इम्पैक्ट प्लेयर रूल पर हुई चर्चा**

कप्तानों की बैठक के एजेंडे में विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर रूल भी था जिसे बीसीसीआई ने पहले ही कम से कम 2027 तक बढ़ा दिया है। रोहित




शर्मा और हाल ही में हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों ने खेलने की रणनीति पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है।

अधिकारी ने कहा, 'हालांकि कुछ लोगों ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर आपत्ति जताई है, लेकिन इससे अनकैप्ड बल्लेबाजों और गेंदबाजों को फायदा हुआ है, जिन्हें अन्यथा खेलने का मौका नहीं मिलेगा'।

**वाइड गेंद के लिए डीआरएस में बदलाव**

बीसीसीआई ने ऊंचाई वाली वाइड और ऑफ स्टंप के बाहर की वाइड के लिए डीआरएस के इस्तेमाल को भी मंजूरी दे दी है।

अधिकारी ने कहा, 'ऑफ स्टंप के बाहर की वाइड और ऊंचाई वाली वाइड के बारे में फैसला करने के लिए हॉक आई और बॉल ट्रैकिंग का इस्तेमाल किया जाएगा'।





## गेंद पर लार के इस्तेमाल से हटा बैन

कोविड-19 महामारी के लगभग 5 साल बाद गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी आईपीएल 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटा दिया। यह कदम आगामी सीजन की शुरूआत से पहले आईपीएल के कप्तानों की बैठक के बाद उठाया गया। अधिकांश बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'लार पर प्रतिबंध हटा लिया गया है। अधिकांश कप्तान इस कदम के पक्ष में थे। कुछ को इसे फिर से लागू करने पर संदेह था, कुछ ने इस पर अपनी सहमति नहीं जताई, लेकिन अधिकांश ने इस कदम का समर्थन किया'। कप्तान आईपीएल समिति के प्रस्ताव पर सहमत हुए, जिससे यह कोविड-19 महामारी के बाद इस प्रतिबंध को हटाने वाली पहली बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता बन गई। बता दें कि, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (क्ळउ) ने कोविड-19 महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर गेंद को चमकाने के लिए लार लगाने की सदियों पुरानी प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि महामारी के दौरान डॉक्टरों ने सख्त स्वच्छता प्रोटोकॉल और शारीरिक दूरी की वकालत की थी। 2022 में, आईसीसी ने इस बैन को स्थायी कर दिया। महामारी के बाद आईपीएल ने भी अपनी खेल शर्तों में आईसीसी के इस प्रतिबंध को शामिल किया था।

# हर आइपीएल सीजन खुद को विकसित करने और बनने का मौका होता है : रैना

एजेंसी

**मुंबई।** शनिवार से शुरू होने वाले आईपीएल के 18वें सीजन से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने भारतीय क्रिकेट की प्रतिभाओं को उभारने वाले इस लीग के प्रभाव की सराहना की और लीग में अपने कुछ पसंदीदा आधुनिक सितारों का नाम लिया। आईपीएल का नया सीजन शनिवार को ईडन गार्डन्स में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले के साथ शुरू होगा। रैना को लीग के इतिहास के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक माना जाता है जिन्होंने 205 मैचों में एक शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 5,528 रन बनाए हैं जिससे वह प्रतियोगिता में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ कई बार आईपीएल चैंपियन रह चुके हैं।

जियोहॉटस्टार पर बोलते हुए रैना ने कहा कि



लीग न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में एक उत्सव है। उन्होंने तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह जैसी आधुनिक प्रतिभाओं की भी प्रशंसा की और कहा कि वह उनके प्रशंसक हैं। उन्होंने कहा, 'हमने बहुत से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारते और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ते देखा है। भारत ने विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप जीता है और हमने युवा खिलाड़ियों को कप्तान बनते देखा है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और लीग से निकले कई तेज गेंदबाजों को देखिए।' उन्होंने कहा, 'आज हमारे पास क्रिकेटरों की एक रोमांचक नई पीढ़ी है। मैं तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। हमारे पास अक्षर पटेल के रूप में एक नया कप्तान भी है। युवा खिलाड़ियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे वर्तमान में बने रहें, अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें और लगातार अच्छा प्रदर्शन करें। अगर आप एक सीजन में 500 रन बनाते हैं, तो आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। हर आईपीएल सीजन विकसित होने, ज्यादा निडर बनने और अपनी तकनीक और रवैये को बेहतर बनाने का एक अवसर है। आईपीएल का यही मतलब है- बड़े मौकों पर आगे बढ़ना और अपने खेल को लगातार बेहतर बनाना।

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर बीसीसीआई ने खिलाड़ियों पर की पैसों की बारिश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जीत के बाद टीम इंडिया के लिए 58 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

यह वित्तीय सम्मान खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और पुरुष चयन समिति के सदस्यों को सम्मानित करता है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में सफलता हासिल की थी। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार खिताब जीतने का कमाल किया था।

टीम ने अपने अभियान की शुरूआत बांग्लादेश पर छह विकेट से हराया था, फिर पाकिस्तान के



खिलाफ छह विकेट की शानदार जीत हासिल की थी। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर खिताब जीत लिया था।

इस तरह से बांटी जाएगी इनामी राशि खिलाड़ियों को - 3 - 3 करोड़, मुख्य कोच - 3-2 करोड़, सहायक कर्मचारी - 50 लाख प्रत्येक

# गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करे सरकार धर्मांतरण पर रोक लगे-शंकराचार्य महाराज

**रांची।** गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित सरकार को करना चाहिए। साथ ही धर्मांतरण पर रोक लगना चाहिए। भारतीय सभ्यता हमें हमेशा सत्य, अहिंसा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। ये बातें गुरूवार को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित नागरिक अभिनंदन, धर्म सभा एवं प्रवचन का ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन को संबोधित करते हुए द्वारकाशारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने कहीं। प्रवचन में उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य के जीवन को नष्ट कर देता है। संत, पंथ और ग्रंथ की रक्षा हम सबों को करनी चाहिए। तथा सभी हिंदुओं को अपने धर्म की ज्ञान होना चाहिए। हमें अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए और धर्म के पथ पर चलते हुए आत्मा की शुद्धि करनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ें और आधुनिकता के नाम पर अपनी पहचान को न खोएं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म बोर्ड बनना चाहिए और उसमें अधीनस्थ सभी मंदिर हो। तथा गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाले सभी हिंदू राष्ट्र चाहेंगे,लेकिन संविधान में संशोधन से ही हिंदू राष्ट्र बन सकता है। सनातन धर्म ही हिंदू धर्म है तथा सनातन धमार्लंबियों में एकता और अनुशासन का होना अति आवश्यक है। धर्म सभा के बाद शंकराचार्य जी ने सभी धर्म प्रेमियों को आशीर्वाद दिया।

## रांची नगर निगम ने चेतावानी दी, आरएफआइडी टैग हटाने पर होगी कार्रवाई

**रांची।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने घर-घर कचरा उठाव की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए सभी घरों में आरएफआइडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग लगाए हैं। लेकिन निगम को शिकायतें मिली हैं कि कुछ लोगों ने अपने घरों से ये आरएफआइडी टैग हटा दिए हैं या उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिससे निगम के स्वच्छता अभियान पर असर पड़ रहा है। नगर निगम के अनुसार, आरएफआइडी टैग हटाने से न केवल कचरा प्रबंधन प्रणाली बाधित हो रही है, बल्कि निगम को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। ऐसे में निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे आरएफआइडी टैग से छेड़छाड़ न करें और स्वच्छता अभियान में सहयोग दें। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति आरएफआइडी टैग को हटाते हुए या नुकसान पहुंचाते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रांची नगर निगम ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं और नियमों का पालन करें।

## डीसी ने दाखिल-खारिज वादों के शीघ्र निष्पादन के दिए निर्देश

**रांची।** जिले में दाखिल-खारिज वादों के शीघ्र निष्पादन को लेकर उपायुक्त (डीसी) ने आज सभी अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में 22 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले विशेष शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान डीसी ने 30 से 90 दिनों, 90 से 180 दिनों और 180 दिनों से अधिक लंबित दाखिल-खारिज वादों की समीक्षा की।

## गैंगस्टर्स के सोशल मीडिया हैंडलर रडार पर, जेल में बंद और मृत अपराधियों के अकाउंट हैं एक्टिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के सोशल मीडिया हैंडलर्स की तलाश और पहचान के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। जेल में बंद अपराधियों और एनकाउंटर में मारे गए अपराधियों के सोशल मीडिया अकाउंट धड़ल्ले से एक्टिव हैं, जिनमें तरह-तरह की धमकी भरे पोस्ट भी किए जा रहे हैं। अब ऐसे अकाउंट हैंडलर्स पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**जांच शुरू :** कुख्यात अमन साहू की एनकाउंटर में मौत के बाद कई राज्यों के कारोबारियों ने राहत की सांस ली है, लेकिन आज भी सोशल मीडिया के जरिए कई ऐसे असामाजिक और आपराधिक तत्व हैं, जो अमन साहू जैसे कुख्यात अपराधी के सोशल अकाउंट को उसकी मौत के बाद भी एक्टिव रखे हुए हैं। झारखंड एटीएस की टीम ने ऐसे एक दर्जन से अधिक अकाउंट की जांच शुरू कर दी है।

**क्यों हो रही है जांच :** दरअसल, अमन साहू का पाकिस्तान कनेक्शन भी सामने आया है। अमन साहू की मौत से जहां उसके गुर्गे तो दुखी हैं ही, लेकिन कुछ ऐसे तत्व भी हैं, जो पाकिस्तान में रहकर भी अमन साहू की मौत पर शोक मना रहे हैं।

जिसके बाद एटीएस ने जांच तेज कर दी है। अमन साहू की मौत के बाद अमन साहू आर्म्स कंपनी नाम से फेसबुक पेज बनाया गया है। फेसबुक हैंडलर हजरत उल्लाह खान नाम का व्यक्ति है, जो फेसबुक के जरिए खुद को पाकिस्तान का निवासी बताता है और उसके फेसबुक पेज पर कई खतरनाक हथियारों की नुमाइश भी की गई है। हजरत उल्लाह खान के फेसबुक पेज पर अमन साहू को श्रद्धांजलि देने के लिए पंजाबी गाने का भी इस्तेमाल किया गया है। श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए वीडियो में भारत के कई कुख्यात अपराधियों को भी टैग किया गया है। अमन साहू को श्रद्धांजलि देने के लिए जिन लोगों को वीडियो में टैग किया गया है, वे सभी वांटेड क्रिमिनल हैं।

**विदेश से ऑपरेट किए जा रहे अकाउंट :** संगठित आपराधिक गिरोह के कुछ सोशल साइट्स देश से तो कुछ विदेश से संचालित हो रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इंटरपोल की मदद से अजरबैजान में गिरफ्तार और जल्द ही झारखंड लाए जाने वाले मयंक सिंह का सोशल अकाउंट भी लगातार अपडेट हो रहा है। एक दर्जन से ज्यादा ऐसे सोशल अकाउंट हैं, जिनके जरिए अमन साहू के गुर्गों के बीच श्रद्धांजलि देने की होड़ मची हुई है। लेकिन एक अकाउंट ऐसा भी है, जो पाकिस्तान के पेशावर से ऑपरेट हो रहा है।

**मयंक का इंतजार :** झारखंड पुलिस के लिए सबसे अच्छी खबर यह है कि कुख्यात मयंक सिंह को अजरबैजान से भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। मयंक सिंह वही शख्स है जो लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग का सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा प्रचार करता था।

# मदरसा फैज-ए-आम कम प्रोग्रेसिव हाई स्कूल में एडमिशन ड्राइव व नए सत्र की शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एम.एफ.ए. कम प्रोग्रेसिव हाई स्कूल बड़ागाई में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए एडमिशन ड्राइव 2025-26 का भव्य शुभारंभ 'पोस्टर लॉन्चिंग' से किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता सह सद्र अंजुमन इस्लामिया बड़ागाई महताब अंसारी, सचिव अंजुमन इस्लामिया बड़ागाई अब्दुल मोतल्लिब, स्कूल के नाजिम अधिवक्ता मिनहाज अख्तर, प्रिंसिपल मो० नेजातुल्लाह, सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने मिलकर एडमिशन पोस्टर का अनावरण किया। कार्यक्रम की शुरूवात तिलावते कुरान से मौलाना मंसूर आलम ने किया।

कार्यक्रम में सद्र अंजुमन इस्लामिया बड़ागाई, महताब अंसारी ने शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय के विकास पर जोर देते हुए कहा कि, 'हमारा उद्देश्य इस स्कूल



को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करना है, जहाँ आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का भी संचार हो।' वहीं, सचिव अंजुमन इस्लामिया बड़ागाई, अब्दुल मोतल्लिब ने अपने संबोधन में कहा कि, 'शिक्षा समाज की रीढ़ होती है, और हम इस स्कूल को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। नए सत्र में स्कूल की सुविधाओं को अपग्रेड करना हमारी प्राथमिकता है।'

इस मौके पर SMC हेड, (नाजिम) अधिवक्ता मिनहाज अख्तर ने नए सत्र की रणनीति शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत की और निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष जोर दिया। अधिवक्ता मिनहाज अख्तर ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूल्यों को एक साथ जोड़कर छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए इस पहल का हिस्सा बनें।

साथ ही उन्होंने शिक्षकों को चार ग्रुप में बांट कर सभी ग्रुप को स्कूल के सर्वांगीण विकास के लिए एक एक प्रोजेक्ट पर काम दिया जिसे शिक्षकों ने बेहतरीन अंदाज में बनाया और ग्रुप लीडरर्स ने उसे सभी के सामने पेश किया।

- स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लर्निंग की सुविधा
- शिक्षकों के लिए अंग्रेजी व कंप्यूटर प्रशिक्षण, जिससे वे स्मार्ट क्लास चला सकें
- कक्षा मॉनीटर चुनाव एवं लीडरशिप डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान
- सुसज्जित लाइब्रेरी, लैबोरेटरी एवं कंप्यूटर लैब की स्थापना
- मासिक अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम
- खेल-कूद, विशेष कक्षाएं एवं समग्र शिक्षा पर जोर

स्पीड न्यूज

## बीएसएल सुरक्षा विभाग ने टाउनशिप में अवैध निर्माणों को तोड़कर हटाया

**बोकारो।** बीएसएल के सुरक्षा विभाग की टीम टाउनशिप क्षेत्र में लगातार गश्ती कर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को हटा रही है। इस कड़ी में टाउनशिप के नया मोड़ सिटी सेंटर को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ आदि में विशेष अभियान चलाकर अवैध निर्माणों को पूरी तरह धवस्त कर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी भी दी गई। इस अभियान के अंतर्गत नया मोड़-को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ के सामने स्थित त्रिपाठी पेट्रोल पम्प के समीप अवैध रूप से बनाए गए एक दुकान तो तोड़ा गया तथा इस दुकान से सटे बाँस-बल्ली से निर्माणाधीन एक अन्य दुकान को भी तोड़ा गया। इसी अभियान के तहत को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ के दाहिने ओर लगभग 25 मीटर की दूरी पर अवैध रूप से निर्माण कार्य के प्रयास को भी विफल किया गया। प्रबंधन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बीएसएल का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मामूली विवाद में बहनोई ने की साला की हत्या

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने जिला के बरमसिया ओपी अंतर्गत सतिभीट्टा गांव के समीप स्थित ईंट भट्टे पर विगत 16 मार्च को प्राप्त शव के पीछे की कहानी का उद्भेदन कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहनोई धर्मेंद्र उरांव ने ही अपने साला दीपक उरांव की हत्या की थी। सीडीपीओ चास प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनों शराब के नशे में चूर अवस्था में थे, मामूली विवाद के बाद धर्मेंद्र 15 की रात अपने साला को लेकर ईंट भट्टे के पास ले गया और ईंट से हमला कर उसकी हत्या कर दी। बरमसिया ओपी प्रभारी कौशलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तीन दिनों में इसका अनुसंधान कर लिया।

## 154वां सीआरपीएफ डे मनाया गया

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग स्थित 154 सी आर पी एफ बटालियन कैम्प में सी आर पी एफ डे मनाया गया। इस मौके पर सी आर पी एफ के जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प लिया। वही कमान्डेंट सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सी आर पी एफ की गरिमा एवं सम्मान को बनाए रखने एवं संकल्प लेने का संदेश दिया और जवानो को अदम्य साहस और देश की अखंडता व संप्रभुता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले बीर जवानो के बलिदान को स्मरन किया। इस उपलक्ष्य में सहायक कमांडेंट संजीव कुमार ने सी आर पी एफ की गरिमा और कर्तव्यों के बारे में बताया और कहा कि डी/154 कंपनी में खाने ओर मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। मौके पर सहायक कमान्डेंट संजीव कुमार सरोज, इंस्पेक्टर रूप राम सैनी, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, बोकारो क्रिकेट सचिव सुरेंद्र कुमार, समाजसेवी रविन्द्र कुमार, जवान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 12 दिन में करना होगा 25 लाख टन कोयले का उत्पादन

**बेरमो।** कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर सीसीएल बीएंडके प्रबंधन रेस है। सीसीएल मुख्यालय से बीएंडके एरिया को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 90 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन बीएंडके 71 लाख टन उत्पादन के करीब पहुंचने की संभावना दिख रही है। 19 मार्च तक एरिया 65 .25 लाख टन कोयला उत्पादन कर चुका है। अगले बारह दिनों यानी 31 मार्च तक शेष 25 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य पूरा करने के लिए जोर लगाया जा रहा है। हलाकि जीएम चित्तरंजन कुमार ने उत्पादन लक्ष्य पूरा करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। बता दें कि सीसीएल बीएंडके एरिया कारो, खासमहल की शिफ्टिंग की समस्या के कारण खदान का विस्तार नहीं हो पा रहा है। जिससे प्रबंधन को कोयला उत्पादन में काफी जद्दोजहद का सामना करना पड़ रहा है।

### श्रम अधीक्षक बोकारो ने तेनुघाट थर्मल पावर के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता के विरुद्ध

# करीब अढ़ाई करोड़ रुपया बकाया मजदूरी का भुगतान के लिए श्रम न्यायालय में क्लेम दायर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो।** संवाददाता सम्मेलन में उपरोक्त जानकारी देते हुए ठीकेदार मजदूर यूनियन के महासचिव इफ्तेखार महमूद ने बताया कि यूनियन के लगातार प्रयास पर उपश्रमायुक्त बोकारो ने क्लेम करने के लिए श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया है।

इसी निर्देश का अनुपालन करते हुए श्रम अधीक्षक ने पत्रकः 315 दिनांक 16/3/25 के द्वारा कूल 2 करोड़ 29 लाख 39 हजार 8 सौ 71 रुपया, मुआवजा सहित, मजदूरी भुगतान करने का श्रम न्यायालय में क्लेम दायर किया है। यूनियन महासचिव इफ्तेखार महमूद ने बताया कि त्रिपक्षीय समझौता के अंतर्गत जुलाई 1993 ई० से प्रतिमाह चार दिनों का अतिरिक्त मजदूरी का भुगतान औपचारिक रूप से होते आ रहा था किंतु अप्रैल 2017 से तात्कालिक महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता ने भूगतान को रोक दिया। यूनियन महासचिव ने बतलाया कि चार दिनों की अतिरिक्त मजदूरी के भूगतान रोके जाने पर यूनियन ने कड़ी आपत्ति जताई और मजदूर आंदोलन पर उतारू भी हो गए। किंतु औद्योगिक शांति कायम करने हेतु प्रबंधन ने पत्रांक 227 दिनांक 18/10/19 के द्वारा उपश्रमायुक्त बोकारो से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। प्रबंधन के आग्रह पर कार्रवाई करते हुए उपश्रमायुक्त ने आवश्यक जांच पड़ताल के बाद वर्ष 2021 में उपरोक्त मजदूरी का भुगतान करने का महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता को निर्देश दिया। किंतु प्रबंधन ने श्रम विभाग के निर्देश का पालन नहीं किया। श्री महमूद ने कहा कि रोक दिए गए उक्त मजदूरी का भुगतान महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता तुरंत शुरू नहीं करते है तो उपरोक्त राशि 5 करोड़ रूपया के करीब हो जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में यूनियन के उपमहासचिव समीर कुमार हलदार, कोषाध्यक्ष जागेश्वर राम तथा कार्यकारी सदस्य देवानंद प्रजापति भी उपस्थित थे।

## रंग पंचमी उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित रंग पंचमी उत्सव में शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पर्यावरण के अनुकूल फूलों की पंखुड़ियों के इको-फ्रेंडली होली का आनंद लिया। प्राचार्य उपप्राचार्य प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापिकाओं सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने एक-दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर रंग पंचमी के आनंद में एक नए रंग का रस घोल दिया।मौके पर गीत-संगीत और नृत्य में शिक्षकों के साथ विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार भी शामिल हुए। उन्होंने भारत की समृद्ध परंपरा संस्कृति और रंग पंचमी होली की महत्ता पर प्रकाश डाला। रंग पंचमी की पौराणिक महत्ता को रेखांकित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह नकारात्मक ऊजाओं पर विजय का प्रतीक है और इसे देवताओं की होली भी कहा जाता है। प्राइमरी व सीनियर विंग के शिक्षकों द्वारा गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी गई। संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की नॉनस्टॉप मेडली के बाद होली गीतों पर ऊजार्वान नृत्य-प्रस्तुति से सबकी भरपूर तालियां बटोरीं। दीपांश शिक्षा केन्द्र की शिक्षिकाओं ने भी नृत्य-प्रस्तुति से सबकी सराहना पाई।

### करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन, स्कूल की बेसिक तैयारी रखें मजबूत

## जरूर मिलेगी कामयाबी : विकास





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित करियर काउंसलिंग सेशन में बतौर मुख्य वक्ता करियर काउंसलर व साइकोग्राफिक सोसाइटी करियर काउंसलिंग सेंटर रांची के संस्थापक व निदेशक विकास कुमार ने विद्यार्थियों को 10वीं के बाद करियर के विभिन्न आयामों उनसे संबंधित अवसरों और चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इंजीनियरिंग मेडिकल मैनेजमेंट सीए सिविल सर्विसेज फैशन-टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुनहरे भविष्य एवं बोर्ड तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में संतुलन पर चर्चा करते हुए संबंधित संस्थानों में सीट की उपलब्धता नामांकन-प्रक्रिया एवं रैंकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। श्री कुमार ने बच्चों से कहा कि मेडिकल इंजीनियरिंग सिविल सर्विसेज या चाहे अन्य कोई क्षेत्र हो, सभी के लिए स्कूल की बेसिक तैयारी पुख्ता होनी चाहिए।

इसका कोई विकल्प नहीं है। स्कूल में होनेवाली परीक्षाएं करियर निर्धारित करने वाली परीक्षाओं का आधार हैं। अपने लक्ष्य के प्रति लगन के साथ जब बेसिक मजबूत कर लेंगे तो सफलता निश्चित है। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को लगन के साथ परिश्रम एवं निरंतरता बनाए रखने समय का सदुपयोग करने तथा सेल्फ स्टडी करते समय सोशल मीडिया से पूर्णतया दूर रहने पर भी बल दिया।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि 10वीं के बाद 11वीं का सिलेबस अचानक से कठिन हो जाता है लेकिन इसके लिए केवल और केवल विद्यालय ही एकमात्र माध्यम है। नन-स्कूलिंग किसी भी दृष्टिकोण से विद्यार्थियों के हित में नहीं है। कोचिंग में सिर्फ मार्क्स मिलेंगे लेकिन समग्र विकास तो केवल विद्यालय में ही संभव है जहां बच्चे अनुशासन शिष्टाचार अच्छे संस्कार विभिन्न कलाएं आदि सीखते हैं। ये गुण जीवन में हमेशा काम आते हैं।

### विकास के साथ सांस्कृतिक परंपराओं व

## प्रकृति की रक्षा हम सब का कर्तव्य: बबीता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत सोनपुरा पंचायत के सिल्लीसाढ़म व गर्री पंचायत के तिलैया गजार में बोंगा बुरू जाहेर थान में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद तथा मध निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबीता देवी प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी व ज़िप सदस्य अशोक मूर्मू ने बोंगा बुरू जाहेर थान में सरहुल पूजा बाहा पर्व महोत्सव में शामिल हुईं। पूर्व विधायक बबिता देवी व प्रमुख नियोती कुमारी ने बोंगा बुरू स्थल में मत्था टेका और क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक बबिता देवी ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपराओं एवं प्रकृति की रक्षा हम सबों का कर्तव्य है। प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह पर्व एक बड़ा वैश्विक संदेश प्रसारित करता है। इस दौरान वे पारंपारिक समूह नृत्य में महिलाओं के साथ मांदर की थाप पर भी थिरकीं। मुख नियोती कुमारी ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी सभ्यता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक महान अवसर है। सरहुल हमें यह सिखाता है कि हम अपने जंगल जल भूमि और पर्यावरण की रक्षा करें। मौके पर जेएमएम बोकारो जिला प्रमुख संयोजक रतन लाल मांझी मुखिया चन्द्रशेखर शेखर हेंब्रम पंसस पुनम मरांडी पूर्व मुखिया सिकंदर कपरदार मांझी हडाम़ नकुल मुर्मू मनोहर मुर्मू, नागेश्वर चौधरी धनंजय स्वर्णकार युधिष्ठिर हेम्ब्रम राजेन्द्र प्रसाद मुर्मू सोनिया देवी पारो देवी सुनीता देवी नंदन कपरदार हरेंद्र महतो आकाश टुड्डू रतन बेसरा जानी अंसारी आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थी क्षमतावान तो भारत पहुंचेगा शीर्षस्थ पायदान परः डीएफओ

**बोकारो।** डीपीएस चास के सभागार में प्रदर्शनी सृजन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय था-समस्त विषयों में महाकुंभ का समेकन। बोकारो जिले के डीएफओ रजनीश कुमार ने पत्नी कीर्ति सिंह सहित उपस्थित होकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। बच्चों द्वारा निर्मित कलात्मक पेंटिंग के साथ-साथ रोबोट ब्लड ग्रुप डिटर्मिनेशन ड्राउट मैनेजमेंट वेस्ट वाटर मैनेजमेंट हृदय की धड़कन मापने का यंत्र जलचक्र क्लीनोमीटर सेल्फ ड्राइविंग कार महाकुंभ के आयोजन के समय ग्रहों की स्थिति महाकुंभ का आर्थिक पहलू गीत-संगीत व नृत्य का जीवंत प्रदर्शन आकर्षण के केंद्र रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के लिए विद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मौके पर कीर्ति सिंह ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाना है। विद्यालय की प्राचार्या सह निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि विद्यालय लगातार सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने और विद्यार्थियों की कल्पनाशील क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करता है।

## लगातार तीसरे दिन हड़ताल पर डटे रहे आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी

### स्वास्थ्य सेवाएं हुई प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** बोकारो जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपकेंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी राइडर के अधीन कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी आठ माह से लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर लगातार तीसरे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई है। ओपीडी इमरजेंसी डिलीवरी साफ-सफाई कार्यों पर असर पड़ा है। कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठे आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों का समर्थन देने गर्री मुखिया गीता देवी समाजसेवी धनलाल कपरदार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश महाराज झामुमो नेता सिकंदर कपरदार एवं धनंजय स्वर्णकार आदि पंहुचे।

## बीएसएल कर्मियों ने अपनी दक्षता के दम पर जीता सेल कॉरपोरेट एक्सीलेंस अवार्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कर्मियों ने अपनी दक्षता का दमखम दिखाते हुए निष्पादन वर्ष 2023-24 के लिए सेल कॉर्पोरेट एक्सीलेंस अवार्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सर्वोत्कृष्ट एकीकृत इस्पात संयंत्र का खिताब जीतने का गौरव हासिल किया है। सेल कॉर्पोरेट ऑफिस द्वारा दिया जाने वाला यह वार्षिक पुरस्कार संगठन के विभिन्न संयंत्रों द्वारा किए गए प्रदर्शन के 14 प्रमुख मापदंडों के आधार पर दिया जाता है। डीआई बीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्पादकता, व्यापारिक लाभ, उत्पादन की गुणवत्ता, पर्यावरणीय नियमों का पालन, नवाचार की प्रक्रिया, दीर्घकालिक व्यापारिक रणनीतियां, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, भविष्योन्मुख व्यापारिक रणनीति, भावी विस्तारीकरण योजना की गति, उत्पाद श्रृंखला संवर्धन जैसे 14 महत्वपूर्ण सभी मापदंडों में बीएसएल को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु यह प्रतिष्ठित एवं सम्मानजनक पुरस्कार पहली बार दिया जा रहा है। बीएसएल के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आगामी 24 मार्च को यह पुरस्कार एक नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में सेल के सभी निदेशकों और उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश द्वारा बीएसएल को प्रदान किया जाएगा। सेल कॉर्पोरेट एक्सीलेंस अवार्ड के व्यक्तिगत श्रेणियों में भी बीएसएल कर्मियों ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। योगेश प्रसाद साहू को कार्यक्षेत्र में लागत प्रबंधन व समुचित संसाधन उपयोग हेतु-कॉस्ट चैंपियन का दीप कुमार सक्सेना को संयंत्र की कार्यप्रणाली में सुधार हेतु रचनात्मक उपायों के लिए-इनोवेशन एक्सपर्ट का अभिषेक साहू को शारीरिक लाचारी के बावजूद कार्य-स्थल पर उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए 'रोल मॉडल (दिव्यांगजन)' श्रेणी में परिचय भट्टाचार्जी को संयंत्र के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए- डिजिटल मास्टरमाइंड के रूप में तथा कुशल नेतृत्व व कार्यक्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हिना परवीन को विमेन ट्रैल ब्लेजर श्रेणी में उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया। निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने पुरस्कार विजेताओं और समस्त बोकारो इस्पात परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## खबर एक नजर में

### रामनवमी की तैयारी को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** जारंगडीह - हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह 16 नंबर मे जोरशोर से रामनवमी मनाने को लेकर बीते देर शाम 16 नंबर स्थित महावीर मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों व रामनवमी कमिटि की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई जिसमे बीते साल की आय व्यय के हिसाब किताब आदि के अलावे इस बात पर चर्चा हुई कि किस तरह शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का अखाड़ा निकाला जाये साथ ही रामनवमी मे होने वाले खर्च की राशि को किस तरह चंदा मे माध्यम से अर्जित किया जाये। जबकि इस बैठक में कोई भी नया कमेटी नही बनाया गया बल्कि सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस बार भी पुराने कमेटी के नेतृत्व में ही रामनवमी भव्य तरीके से मनाया जायेगा। वही कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन भुईंयाँ उपाध्यक्ष गोविंद, कोषाध्यक्ष बॉबी उपकोषाध्यक्ष पवन कुमार सचिव अरमान कुमार, उपसचिव आसू कुमार आदि को नियुक्त किया गया है जबकि इस बैठक में उपरोक्त लोगो के अलावे सुधीर लाल, जैकी गोप, बासु सोनार, अरुण भुईंयाँ, पुतन चौहान, आजाद भुईंयाँ, सुदेश भूईया, कृष्णा चौहान, जुगनू भुईंयाँ के अलावे दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### 21 और 22 फरवरी को 46 मोतियाबिंद मरीजों का किया जायेगा ऑपरेशन

**बेरमो।** सीसीएल के केंद्रीय हॉस्पिटल ढ़ोरी में सीएसआर के तहत गुरुवार को निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जीएम रंजय सिंहा और सीएमओ डॉक्टर संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 75 लोगों की जांच की गई। शिविर में चिकित्सा के दौरान 46 मोतियाबिंद के मरीज मिले। जिसका आपरेशन 21 और 22 फरवरी को किया जायेगा। मरीजों को दवाई,भोजन व रहने की व्यवस्था दी जा रही है।

### कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति को असनापानी के युवाओ ने किया सम्मानित

**बेरमो /गोमिया।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के गोमिया प्रखंड अंतर्गत कथारा मोड़ मे जाम से निजात , सी पी पी पावर प्लांट में चोरी रोकना, अवैध कोयला, शराब, गांजा, तम्बाकू के साथ ही साथ विभिन्न अपराध को रोकने के अलावे समाज मे लगातार बेहतर कार्य कर अच्छे संदेश देने के साथ ही साथ विभिन्न मामले का उद्भेदन और कार्रवाई को देखते हुए युवा समाजसेवी, ने कथारा ओपी प्रभारी को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## पेज एक का शेष

### स्वास्थ्य विभाग में ...

**चंपई ने झामुमो को धोखा दिया :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चंपई सोरेन ने झामुमो को धोखा दिया। पीठ पर वार किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, स्मृति ईरानी का सर्टिफिके ट सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके पहले भाजपा के मनोज यादव ने कहा कि इरफान अंसारी विदेश से डॉक्टरी पढ़ कर आये हैं। उन्हें यहां असली डॉक्टर होने का सबूत देना चाहिए। इस पर श्री अंसारी ने कहा- मैं एमबीबीएस की डिग्री लेकर आया हूं। उस डिग्री को एमसीआइ क्लीयरेंस देती है। मैं इसे सार्वजनिक कर सकता हूं। लेकिन पीएम मोदी, निशिकांत दूबे और स्मृति इरानी का सर्टिफिकेट भी सार्वजिक किया जाये। इसके बाद भाजपा विधायकों ने इस पर एतराज जताया और सदन से वॉक आउट किया।

### गरज के साथ...

23 मार्च तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में गर्जन के साथ तेज हवा चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम में बदलाव और बारिश के कारण राजधानी गर्मी से राहत मिली है।' 22 मार्च को गढ़वा, पलामू, लातेहार, छत्र और लोहरदगा के कुछ इलाकों में गर्जन और 30-40 कि गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी23 मार्च को किया गया हैं।

**पहले ही आशंका जतायी थी :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने गुरुवार के दोपहर 3:00 बजे झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के लिए अलर्ट जारी किया था। गरज के साथ बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि को ले कर लोगों को सतर्क किया गया था। आईएमडी के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं और एक कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से यह मौसमी बदलाव देखने को मिल रहा है।

**संथाल में अधिक असर :** मौसम के बदलाव का संथाल परगना के जामताड़ा, देवघर और अन्य इलाकों में अधिक असर रहा। अचानक मौसम ने करवट ली है, सुबह से ही गरज के साथ हल्की बारिश होती रही। बारश से झारखंड में मौसम सुहाना हो गया है। संथाल के इलाकों में सुबह से ही गरज के साथ हल्की बारिश भी शुरू हो गयी। सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले, स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ी।

### झारखंड के सीइओ ...

**पड़ोसी देश श्रीलंका का है नंबर :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की कंप्लेंट के बाद साइबर क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। अब तक जो जानकारी मिली है जिस नंबर से ठगी का प्रयास किया गया था वह श्रीलंका का नंबर है। हालांकि साइबर अपराधी कई तरह के एप का प्रयोग कर विदेशी नंबरों को दशार्ते हैं। फिलहाल साइबर क्राइम ब्रांच पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। के रवि कुमार ने साइबर अपराधियों के द्वारा भेजे गये मैसेज का स्क्रीन शॉट भी साइबर थाना को उपलब्ध करवाया गया है।

### छोड़ा न, तोहरा ...

इन लोगों के बोलने का कोई मतलब नहीं है। आप लोगों ने तो आजतक कोई काम किया ही नहीं। आप लोग बोलकर पब्लिशिटी पाना चाहते हैं। लेकिन लोग सबकुछ समझ रहे हैं। किसी को बचाया नहीं।

**नीतीश को भाजपावाले उकसा रहे हैं : राबड़ी**

इधर सदन के बाहर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राबड़ी देवी ने कहा कि पूरे बिहार में आए दिन बलात्कार, हत्या की घटनाएं हो रही हैं। सरकार से अपराध कंट्रोल नहीं हो रहा है। कागज पर कहता है कि सब हो रहा है लेकिन कहीं कुछ नहीं हो रहा। बिहार में महाजंगलराज है। भाजपा के लोग नीतीश कुमार को उकसा रहे हैं

**परिषद में हंगामा, नारेबाजी :**विधान परिषद की कार्रवाई शुरू होते ही राजद और विपक्षी दलों के विधायक सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए खड़े हो गए और सदन के वेल में आ गये। राबड़ी देवी अपने स्थान पर खड़ी हो गयीं और सरकार पर गंभीर आरोप लगाने लगीं। हंगामा देख सीएम नीतीश कुमार भी खड़े हो गये। उन्होंने आपराधिक कांडों की जांच करवा कर कठोर कार्रवाई काआश्वासन दिया। कोमल हत्याकांड पर कहा कि किसी की हत्या हुई है तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। आप लोग बैठ जाइये और सदन चलने दीजिए। जवाब से विपक्षी सदस्य संतुष्ट नहीं हुए हंगामा जारी रखा तो नीतीश कुमार ने मोर्चा खोल दिया।

**सभी अपना मोबाईल छिपाने लगे :**मुख्यमंत्री की सख्त चेतावनी के बाद विधानसभा में मौजूद कई विधायकों में हड़कंप मच गया। कुछ सदस्य जल्दी-जल्दी अपने मोबाइल फोन छिपाने लगे, तो कुछ ने मोबाइल का उपयोग बंद कर दिया। सीएम की इस नाराजगी के बाद यह साफ हो गया कि आने वाले दिनों में विधानसभा में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से पाबंदी लग सकती है। दरअसल, एक विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदाय यादव मोबाइल में आंकड़े देखकर अपनी बात रख रहे थे। इसी दौरान मंत्री लेसी सिंह जवाब दे रही थीं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जैसे ही यह देखा, वे खुद खड़े हो गये और कड़ा ऐतराज जताया।

# सेना को मिलेंगी वर्ल्ड क्लास स्वदेशी तोपें

## 54 हजार करोड़ के रक्षा सौदे की केंद्र ने दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए 54 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को आज मंजूरी दे दी जिसमें सेना के टैंकों के लिए अधिक शक्तिशाली ईंजन, नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो और वायु सेना के लिए निगरानी प्रणाली अवाक्स की खरीद शामिल है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद की गुरूवार को ह्युई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। परिषद ने बैठक में 54,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के आठ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की।

इन सौदों में सेना के लिए टी-90 टैंकों के मौजूदा 1000 एचपी इंजन को अपग्रेड करने के लिए 1350 एचपी इंजन की खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे इन टैंकों की युद्धक्षेत्र में

**▸▸ हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को मिलेगा बढ़ावा**
**▸▸ 50 किलोमीटर की दूरी पर लक्ष्य को भेद सकती है तोप**

गतिशीलता बढेगी, खासकर अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में, क्योंकि इससे शक्ति-भार अनुपात में वृद्धि होगी। भारतीय नौसेना के लिए, वरुणास्त्र टॉरपीडो (लड़ाकू) की खरीद के लिए भी मंजूरी दी गयी है। स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हासिल करने के लिए करीब 7,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदा 307 हॉवित्जर के लिए है, जिनकी मारक क्षमता 45-48 किलोमीटर तक है। इस सौदे में सेना की 15 आर्टिलरी रेजिमेंटों को हथियार पहुंचाने वाले 327 गन टोइंग वाहन भी शामिल हैं। इस अनुबंध पर अगले सप्ताह सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे भारी भरकम हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।



सेना ने चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनाती के लिए 307 उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) खरीदने का प्रस्ताव लगभग दो साल पहले रक्षा मंत्रालय को भेजा था। स्वदेशी हॉवित्जर के लिए यह पहला ऑर्डर होगा, जो लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर लक्ष्य को मार सकती है। परीक्षणों के दौरान टैंक के आकार और लक्ष्यों पर दिन-रात की फायरिंग, पांच राउंड बस्ट के लिए परीक्षण, लगभग तीन मिनट में 15 राउंड की रैपिड-फायर दर और हर घंटे 60 राउंड की निरंतर फायरिंग क्षमता आंकी गई है। इस दौरान रेगिस्तान में रेत के टीलों पर नेविगेशन के साथ और 70 सड़कों पर हाई-स्पीड ट्रायल हुए हैं। डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रयोगशाला आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) में एटीएजीएस को डिजाइन और विकसित किया गया है।

# सैनिकों के मानसिक हेल्थ की देखभाल करेगा निम्हांस

**नयी दिल्ली।** अब देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। इसके लिए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने गुरुवार को अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने नई दिल्ली में इस समझौता ज्ञापन पर



हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एएफएमएस और निम्हांस के बीच यह सहयोग मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, चिकित्सा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने और सैनिकों, नाविकों, वायुसैनिकों, उनके परिवारों तथा आश्रितों के मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए अभिनव कार्यक्रम विकसित करने पर केंद्रित होगा।




नयी दिल्ली में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन्य जीवों और उनके संरक्षण पर केंद्रित पुस्तक भेंट करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।

# बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा

## बिहार सरकार ने 16वें वित्त आयोग से की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने 16वें वित्त आयोग के सामने कई मांगों की सूची दी। इसमें बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के साथ ही 1 लाख करोड़ रुपये के तात्कालिक अनुदान की मांग की गई है। बिहार ने केंद्रीय करों की हिस्सेदारी में राज्यों का हिस्सा भी बढ़ाने की मांग की है। 16वें वित्त आयोग के सदस्य तीन दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पटना में आयोजित आयोग की बैठक में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। बिहार ने टैक्स के बंटवारे में बहुआयामी गरीबी सूचकांक के आधार को भी एक मानक बनाने का आग्रह 16 वें वित्त आयोग से किया है। पटना आयोजित बैठक में आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने गुरुवार को इसकी



जानकारी दी। उन्होंने कहा बिहार ने विशेष राज्य का दर्जा भी मांगा है, लेकिन यह विचार करने योग्य प्रश्न नहीं है। नीतीश कुमार भी गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित 16वें वित्त आयोग की बैठक में शाामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बिहार में 3 दिवसीय भ्रमण पर 16वें वित्त आयोग का आगमन हुआ है। इस अवसर पर वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया सहित सभी सदस्यगणों का उन्होंने स्वागत किया। नीतीश ने आयोग के सदस्यों से कहा कि आप सभी काफी अनुभवी एवं योग्य हैं और बिहार को आपसे काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि आयोग

**▸▸ विभिन्न क्षेत्रों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता के लिए एक लाख करोड़ रुपये मिले**
**▸▸ केंद्रीय करों में राज्यों के शेयर को 50 % किया जाए**
**▸▸ सेस व सरचार्ज को विभाज्य पूल में शामिल किया जाए**
**▸▸ राज्यों के बीच केंद्रीय करों के शेयर बंटवारे में गरीबी को भी आधार बनाया जाए**
**▸▸ जनसंख्या घनत्व को संसाधन हस्तांतरण के फॉर्मूले में प्राथमिकता दे**

के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर के कुलाधिपति भी हैं। इसलिए वे बिहार की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि से परिचित हैं।

# डिजिटल अरेस्ट कर वृद्ध महिला से 20 करोड़ ठगी

एजेंसी

**मुंबई ।** दक्षिण मुंबई में रहने वाली 86 वर्षीय एक महिला ने डिजिटल गिरफ्तारी दौरान दो महीने में 20 करोड़ रुपये से अधिक गंवा दिये। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जालसाजों में से एक ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था। पुलिस के अनुसार, 26 दिसंबर 2024 से इस साल तीन मार्च के बीच अंजाम दिये गए इस अपराध के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता को दो महीने तक घर पर ही रहने को मजबूर

**▸▸ दक्षिण मुंबई में 86 वर्षीय महिला से जालसाजों ने सीबीआइ अधिकारी बनकर की ठगी, तीन गिरफ्तार**

किया और हर तीन घंटे में फोन कर प्रतिदिन उसकी लोकेशन जानते रहे। उन्होंने बताया कि साइबर पुलिस ने उन बैंक खातों की पहचान करके महिला के 77 लाख रुपये के निकालने पर रोक लगाई, जिनमें धन हस्तांतरित किया गया था। महिला के घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका ने उसके व्यवहार में बदलाव आने की जानकारी उसकी बेटी को दी। महिला केवल खाना खाने के लिए ही कमरे से बाहर निकलती थी।

## इजराइल का गाजा में हमला, 70 की मौत

**गाजा पट्टी।** इजराइल ने गाजा पट्टी में सक्रिय आतंकी समूह हमास को तहस-नहस करने के इरादे से युद्ध विराम टूटने के बाद पहली बार बुधवार को जमीनी हमला किया। इस हमले में कम से कम 70 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने गाजा में हमास के ठिकानों पर धावा बोला। इस लड़ाई में महत्वपूर्ण जगहों पर उसने कब्जा कर लिया।इससे एक दिन पहले इजराइल ने बमबारी की थी। बमबारी में कम से कम 400 लोगों की जान गई। इजराइल ने जमीनी लड़ाई गाजा पर बमबारी करने के एक दिन बाद शुरू की है। इसी के साथ हमास के साथ युद्ध विराम टूट गया। इजराइल ने हमास पर बंधकों को रिहा करने से इनकार करने और मध्यस्थों के प्रस्तावों को अस्वीकार करने का आरोप लगाया।

# अमेरिकी वस्तुओं पर भारत भी कम करेगा टैरिफ : ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क को कम करेगा। हालांकि ट्रंप ने इसके साथ ही दो अप्रैल से भारत पर भी अमेरिकी शुल्क लगाने की अपनी धमकी को दोहराया। अमेरिकी समाचार वेबसाइट ब्रेइटबार्ट न्यूज के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके बेहद अच्छे संबंध हैं। वेबसाइट ने ट्रंप के हवाले से कहा कि लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि वे संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन



दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने विशेष रूप से चीन का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कहा कि यह अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले अन्य देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

## बिहार : स्वास्थ्य विभाग में 66108 पदों पर होगी बहाली : मंगल पांडे

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने घोषणा की है कि राज्य में इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणी के 38733 पदों पर नियमित नियुक्तियां होंगी। इन नियमित पदों के अलावा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पूर्व से कार्यरत आशा एवं आशा फैसिलिटेटर के अलावा 27375 ग्रामीण और शहरी आशा का चयन भी होगा। मंत्री गुरुवार को विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग के 20 हजार 35 करोड़ 80 लाख के बजट पर हुई चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रख रहे थे।

**औरंगाबाद समेत सात जिलों में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज :** मंत्री ने सदन को बताया कि सात जिलों औरंगाबाद, अररिया, जहानाबाद, बांका, , कैमूर, खगड़िया और नवादा में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। इसकी स्वीकृति दी जा चुकी है।

**बेगूसराय, नवादा में कैंसर अस्पताल खुलेंगे :** उन्होंने कहा कि बेगूसराय और नवादा में कैंसर अस्पताल खुलेंग, जिसका प्रस्ताव स्वीकृत किया जा चुका है। साथ ही बिहार कैंसर एवं शोध सोसाइटी की स्थापना होगी। मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को पीपीपी के आधार पर स्थापित करने और संचालित करने के लिए नीति बनेगी।

# पांच सप्ताह बाद सेंसेक्स 76 हजार के पार

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में दो बार कटौती के अनुमान को बरकरार रखने से अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन उछाल रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.01 अंक अर्थात 1.19 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब पांच सप्ताह बाद 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 76,348.06 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 मार्च को यह 76,138.97 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 283.05 अंक यानी 1.24 प्रतिशत मजबूत होकर 23 हजाार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 23,190.65 अंक पर बंद हुआ।

दिग्गज कंपनियों की तरह

**▸▸ फेड के ब्याज दर कटौती अनुमान को बरकरार रखने से शेयर बाजार में उछाल**
**▸▸ सेंसेक्स 899 अंक छलांग लगाकर 76,348 पर पहुंचा**
**▸▸ निफ्टी 283 अंक मजबूत होकर 23190 पर हुआ बंद**

बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। मिडकैप 0.61 प्रतिशत चढ़कर 41,359.70 अंक और स्मॉलकैप 0.73 प्रतिशत उछलकर 46,344.59 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4146 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2410 में लिवाली जबकि 1606 में बिकवाली हुई वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इस बीच डॉलर इंडेक्स 103.36 पर स्थिर रहा, जिससे भारत जैसे उभरते बाजारों में सकारात्मक धारणा को बढ़ावा मिला। इससे स्थानीय स्तर पर जमकर लिवाली हुई और बीएसई



के सभी 21 समूह चढ़ गए। इस दौरान कमोडिटीज 0.61, सीडी 0.97, ऊर्जा 1.42, एफएमसीजी 1.12, वित्तीय सेवाएं 0.62, हेल्थकेयर 1.20, इंडस्ट्रियल्स 0.59, आईटी 1.28, दूरसंचार 1.94, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 1.39, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.86, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.05, धातु 0.95, तेल एवं गैस 1.56, रियल्टी 1.11, टेक 1.89, सर्विसेज 1.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत मजबूत रहे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 468 अंक की तेजी के साथ 75,917.11 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,684.58 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 76,456.25 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,449.05 अंक के मुकाबले 1.19 प्रतिशत मजबूत होकर 76,348.06 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 129 अंक चढ़कर 23,036.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,973.95 अंक के निचले जबकि 23,216.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,907.60 अंक की तुलना में 1.24 प्रतिशत उछलकर 23,190.65 पर रहा।

इस दौरान अल्ट्रासिम्को, बजाज फाइनेंस और इंडसइंड बैंक 1.23 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में तेजी रही। भारती एयरटेल 4.17, टाइटन 3.82, टीसीएस 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.86, इंफोसिस 1.74, नेस्ले इंडिया 1.68, रिलायंस 1.67, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.56, एचडीएफसी बैंक 1.34, सन फार्मा 1.24, टाटा मोटर्स 1.21, एचसीएल टेक 1.12 और पावरग्रिड के शेयरों में ने 1.08 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

स्पीड न्यूज

## ईद पर रिलीज होगी सलमान खान की फिल्म सिकंदर



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर 30 मार्च को ईद के अवसर पर रिलीज होगी। सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म सिकंदर काफी चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन ए. आर. मुरुगदॉस ने किया है जबकि साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है। सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया पर 'सिकंदर' का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया। सिकंदर 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## ट्रंप व जेलेंस्की आंशिक युद्ध विराम पर सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके यूक्रेनी समकक्ष वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को एक फोन कॉल में रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा के विरुद्ध आंशिक युद्ध विराम पर सहमति व्यक्त की। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। यह फोन कॉल ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा मंगलवार को अपनी फोन वार्ता में इस बात पर सहमत होने के एक दिन बाद की गई कि यूक्रेन में शांति ऊर्जा और बुनियादी ढाँचे के युद्ध विराम से शुरू होगी। रिजर्व बैंक ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

## रिजर्व बैंक के ईडी बने इंद्रनील भट्टाचार्य

नयी दिल्ली ।आरबीआई ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया है। कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। भट्टाचार्य की नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी होगी। आरबीआई ने गुरुवार को बताया कि कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी पदोन्नति से पहले भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उनकी शोध रुचि मुख्य रूप से मौद्रिक सिद्धांत और नीति, वित्तीय बाजार, बाजार सूक्ष्म संरचना और राजकोषीय नीति में है।

## बीएमडब्ल्यू के वाहन 3 फीसदी तक होंगे महंगे

नयी दिल्ली। रेनॉल्ट इंडिया के बाद बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने भी अप्रैल से बीएमडब्ल्यू और मिनी कारों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इस साल दूसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रहा है। नई कीमतें एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी। कीमत में बढ़ोतरी का असर बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस और बीएमडब्ल्यू 1, 3 और 5 सहित कई मॉडल जैसी लग्जरी पेशकशों पर भी पड़ेगा।

## खनौरी बार्डर पर बेरिकेडिंग हटा

**जींद।** पंजाब के खनोरी बॉर्डर पर सुबह 9 बजे से बेरिकेडिंग हटाने का जो काम चल रहा था, वह पूरा हो गया है। हरियाणा की सीमा पूरी तरह से साफ कर दिया गया है। हालांकि पंजाब की तरफ से हाईवे पर अभी भी ट्रैक्टर खड़े हैं। जिस कारण यातायात का आवागमन शुरू नहीं किया गया है। शुक्रवार सुबह तक रास्ता पूरी तरह से साफ हो जाएगा। उसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। पिछले 13 महीने से यहां पर किसानों द्वारा आंदोलन के साथ धरना दिया जा रहा था। इस कारण दिल्ली पटियाला नेशनल हाईवे बंद था।

